राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 284
लखनऊ, मंगलवार 16 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पुलिस ने 28 लाख के 125 खोए मोबाइल किए बरामद 10

सरकार हर नागरिक के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है : केशव 03


# अब ‘कुबेर’ भी आना चाहते हैं जेवर : मुख्यमंत्री

▸ मुख्यमंत्री ने नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले जेवर के किसानों से किया संवाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में जेवर का इलाका अब वह क्षेत्र बन गया है, जहां ‘कुबेर’ भी आना चाहते हैं। जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो व एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कर्मशियल फ्लाइट प्रारंभ करने के लिए इंडिगो के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में जेवर में नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए भूमि देने वाले किसानों से संवाद कर रहे थे। यह किसान जेवर से लखनऊ के लिए संचालित पहली फ्लाइट से आज राजधानी पहुंचे। इन किसानों का मुख्यमंत्री आवास पर स्वागत व सम्मान किया गया। यहां किसानों ने अपने उद्गार व्यक्त किए और मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया और उनके प्रति आभार भी प्रकट किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर जिले में जेवर का इलाका अब वह क्षेत्र बन गया है, जहां ‘कुबेर’ भी आना चाहते हैं।



## जेवर ने रच दिया इतिहास

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर अब पुराना जेवर नहीं रहा, इसने इतिहास रच दिया है। जेवर क्षेत्र नौ साल पहले उत्तर प्रदेश की आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बन गया था। शाम होते आवागमन बंद हो जाता था। बेटी असुरक्षित थीं, नौजवान के सामने भविष्य का संकट और किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। किसानों का उत्पीड़न भी किसी से छिपा नहीं था। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, स्कूल, रोजगार, गरीबों के लिए कोई पहल नहीं होती थी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज बड़ी से बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। अन्न, फल, मत्स्य, सब्जी आदि पैदा करने वाला उत्तर प्रदेश का किसान यहां कार्गो से अपने उत्पादों को दुनिया में पहुंचाएगा। स्थानीय बाजार में उसे दाम भले कम मिले, लेकिन दुनिया के बाजार में कई गुना दाम मिलेगा। योगी ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट, सेमीकंडक्टर यूनिट, डेटा सेंटर, फिल्म सिटी, ट्वाय पार्क, अपरैल पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स की विश्व स्तरीय सिटी भी जेवर क्षेत्र में स्थापित होगी। विश्व रैंकिंग वाले दुनिया के पांच बड़े प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय यहां कैंपस स्थापित करने आ रहे हैं।

## जेवर के नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू



उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोमवार को वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू हो गया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू की मौजूदगी में लखनऊ से आई इंडिगो की पहली विशेष उड़ान 6ई2278 का पारंपरिक वाटर कैनन सैल्यूट के साथ रनवे पर स्वागत किया गया। वहीं, लखनऊ जाने वाली विशेष उड़ान 6ई5212 को श्री नायडू और अन्य गणमान्य अतिथियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद बेंगलुरु के लिए विशेष उड़ान रवाना हुई। श्री नायडू ने इससे पहले जेवर के उन किसानों से भी बात की जो विशेष उड़ान से लखनऊ गये हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विमानन क्षेत्र के विकास पर और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली-एनसीआर का दूसरा बड़ा हवाई अड्डा बन गया है। इंडिगो की आज यहां से आठ उड़ानों की योजना है जिनमें चार आगमन और चार प्रस्थान की उड़ानें शामिल हैं। मंगलवार से अकासा भी यहां से उड़ानों का परिचालन शुरू कर रही है। इंडिगो यहां से 16 से अधिक शहरों को सीधे जोड़ेगी। इस हवाई अड्डे का निर्माण ज्युरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 28 मार्च को हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। अभी हवाई अड्डे के विकास का पहला चरण ही पूरा हुआ है। इसमें एक रनवे और एक टर्मिनल भवन के साथ परिचालन शुरू किया जा रहा है जिसकी सालाना क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की है। कुल चार चरणों में इसका विकास किया जाना है।

## किसानों से कहा था- आपकी सोच से ज्यादा पैसा मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसानों ने पहली रजिस्ट्री की तो वे विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ मेरे पास आए थे। मैंने ग्रेनो में भी किसानों से कहा था कि आप रजिस्ट्री कराइए, पैसा वह मिलेगा, जो आपने सोचा भी नहीं होगा। हम सौदेबाजी नहीं कर रहे हैं। आपका हक देंगे। सिर्फ आप रहेंगे और हम रहेंगे, बीच में कोई नहीं रहेगा। किसानों के कारण वह क्षेत्र और भावी पीढ़ी का भविष्य, दोनों बदलने जा रहे हैं। योगी ने किसानों से कहा कि आपकी पीढ़ियां हजारों वर्षों से वहां रह रही हैं। आपके पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई लड़ी, विपरीत परिस्थितियों को झेला और अपनी जमीन को बचाकर रखा। आपने जब सही समय पर सही निर्णय किया तो भारत का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन गया।

योगी ने कहा कि जब हमारी कैबिनेट ने जेवर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किया तो मैंने नोएडा के जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से कहा कि 100 दिन के भीतर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई प्रारंभ हो जाए, लेकिन इस अवधि तक कार्रवाई प्रारंभ नहीं हुई। मैंने वहां पहुंचकर समीक्षा बैठक ली तो पता चला कि कोई प्रगति नहीं हुई है। तब मैंने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में लगभग 100 किसानों के साथ बैठक की। मैंने कहा कि एयरपोर्ट बनाना है, लेकिन किसानों ने जमीन देने से इनकार कर दिया। असमंजस की स्थिति थी। मैंने कहा कि हम यहां विकास करना चाहते हैं, फिर भी लोगों ने मना कर दिया। मैंने अनुरोध किया कि एक घंटे का समय है, सोचिए। यह एयरपोर्ट आपकी तकदीर बदल देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने बुजुर्गों से अनुरोध किया कि विकास का मॉडल क्या होता है, यह दिखाने का समय है। वक्त सबका आता है, कुछ बन जाते हैं और कुछ बिखर जाते हैं। जो अवसर का लाभ लेता है, इतिहास उसी का बनता है। जो मौके को गंवा देता है, वह अवसर से बिखर जाता है। आपने मुझ पर विश्वास किया और विधायक धीरेंद्र सिंह ने सहयोग किया। इस कार्य को यीडा व उप्र के नागरिक उड्डयन विभाग ने युद्धस्तर पर बढ़ाया तो परिणाम यह रहा कि 13 हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहण पर कार्य शुरू हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि चार फेज में एयरपोर्ट बनेगा, पहले फेज की कार्रवाई पूरी हो गई है। उन्होंने ने कहा कि भारत में सर्वाधिक संभावनाओं वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने आज से कमर्शियल फ्लाइट प्रारंभ की है। ऐसे में आज का दिन जेवर, गौतमबुद्ध नगर, पश्चिमी उप्र, प्रदेश व देश के एविएशन सेक्टर के लिए ऐतिहासिक है, इसके पीछे प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की और योगदान किसानों का है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस कड़ी को जोड़ा है।

एयरपोर्ट पर कार्गो व एमआरओ की भी होगी सुविधामुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो व एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है। अब तक भारत में एयरक्रॉफ्ट मेंटिनेंस, रिपेयरिंग व ओवरहॉलिंग की सुविधा नहीं थी, इसके लिए सिंगापुर व दुबई जाना पड़ता था। अब इसके लिए भी लोग यहां आएंगे।

# ईरान और अमेरिका में शांति समझौते पर बनी सहमति

## आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह 19 जून को स्विट्ज़रलैंड में

**एजेंसी, वाशिंगटन।**



अमेरिका और ईरान पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के मुद्दे पर राजी हो गये हैं। दोनों देशों के बीच रविवार को जंग खत्म करने के लिए शांति समझौते पर सहमति बन गयी और अब आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह शुक्रवार 19 जून को स्विट्जरलैंड में होगा।

इस बात की जानकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया दी है। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया है। सभी को बधाई! मैं इसके ज़रिए होर्मुज़ जलडमरूमध्य को बिना किसी शुल्क के खोलने और साथ ही अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी को तुरंत हटाने की मंज़ूरी देता हूँ। दुनिया भर के जहाज़ अपने इंजन चालू करें। तेल का प्रवाह शुरू होने दो।

वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। दोनों पक्षों ने लेबनान समेत सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई को तुरंत और हमेशा के लिए रोकने का ऐलान किया है। इस समझौते पर आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह शुक्रवार 19 जून को स्विट्ज़रलैंड में होगा। उन्होंने कहा, हम इस विवाद का कूटनीतिक समाधान खोजने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए अमेरिका और ईरान का धन्यवाद करना चाहते हैं। हम इस समझौते तक पहुँचने में मदद के लिए मध्यस्थता की कोशिश में शामिल अपने भाइयों कतर के महान नेतृत्व का भी दिल से आभार व्यक्त करते हैं। मैं सऊदी अरब और तुर्की के दूरदर्शी नेतृत्व का भी विशेष रूप से धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने इस दिशा में बहुत बड़ा योगदान दिया है।

### समझौते से पश्चिम एशिया में शांति-स्थिरता की उम्मीद : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम होगी। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने के संबंध में अमेरिका और ईरान के बीच हुई समझ का स्वागत करता हूँ, जिसने विश्व भर में गंभीर आर्थिक व्यवधान उत्पन्न किया है और अनेक देशों में जनहानि का कारण बना है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,51,680/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,39,050/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,13,800/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,65,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक-कार की टक्कर में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर जिले के डूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीजरल होटल के पास ट्रक और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर में हरियाणा के एक ही परिवार के छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक दो वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना करीब दोपहर डेढ़ बजे हुई, जिसमें हरियाणा नंबर की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर परखच्चे उड़ गई। कार में कुल सात लोग सवार थे, जो बीकानेर के मुकाम स्थित बिश्नोई समाज के गुरु जम्भेश्वर के समाधि स्थल के दर्शन कर लौट रहे थे। सीओ निकेत पारीक ने बताया कि मृतकों में हरियाणा के फतेहाबाद जिले के मताना गांव निवासी रिटायर्ड सीनियर अकाउंटेंट ओमप्रकाश विश्नोई, उनकी पत्नी 45 वर्षीय सोरमा देवी, बेटी प्रमीला, 11 वर्षीय रोनित (पुत्र सुरेंद्र), 10 वर्षीय यशवी (पुत्री अमित) और 6 वर्षीय खुशी (पुत्री संदीप सुथार बिश्नोई) शामिल हैं। सभी की मौके पर ही मौत हो गई।

### पहली बार मीडिया के सामने आई सोनम रघुवंशी

**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी और फिलहाल जमानत पर रिहा सोनम रघुवंशी ने पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आकर अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब दिया है। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में सोनम ने साफ कहा कि उसके नेपाल भागने की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं और लोगों को ऐसी अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। कोर्ट परिसर से बाहर निकलते समय पत्रकारों ने जब उससे सवाल किए तो उसने कहा कि वह कानूनी प्रक्रिया का सम्मान कर रही है और अदालत द्वारा तय सभी शर्तों का पालन कर रही है। इंदौर लौटने को लेकर पूछे गए सवाल पर भी सोनम ने फिलहाल कोई संभावना नहीं जताई और कहा कि अभी उसका वहां जाने का कोई मन नहीं है। सोनम ने यह जरूर स्वीकार किया कि वह शिलांग में रह रही है, लेकिन सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने ठिकाने की जानकारी साझा करने से मना कर दिया।

# भारत-स्लोवाकिया ने 11 समझौतों पर किये हस्ताक्षर

**एजेंसी, नई दिल्ली/ब्रातिस्लावा।**



▸ दोनों देशों ने उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान तथा ऑडियो-विजुअल सृजन के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर जतायी सहमति

▸ राजनीतिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की जताई प्रतिबद्धता

भारत और स्लोवाकिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को समग्र साझेदारी के स्तर तक उन्नत करते हुए रक्षा सहयोग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और स्वास्थ्य क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में 11 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों को दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को नई दिशा देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

स्लोवाकिया की यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच सोमवार को ब्रातिस्लावा में द्विपक्षीय बैठक के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये।

दोनों देशों के बीच प्रमुख समझौतों में श्रम प्रवासन के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन, रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आशय पत्र तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन शामिल हैं। दोनों देशों ने उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान तथा ऑडियो-विजुअल सृजन के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जतायी है।

उभरती और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग को नयी गति देते हुए प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कोसिसे में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की ओर से कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहली पीठ स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा क्वांटम संचार और महत्वपूर्ण अवसंरचना संरक्षण के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ, जो दोनों देशों के तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगा।

स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, पुणे और स्लोवाक हेल्थ स्पा पिएस्तानी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली और स्लोवाक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीच छात्र विनिमय कार्यक्रम, छात्रवृत्तियों और संयुक्त अनुसंधान सहयोग को लेकर एक समझौता संपन्न हुआ।

दोनों देशों ने पर्यटन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने तथा भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए) और स्लोवाक विज्ञान अकादमी (एसएएस) के बीच वैज्ञानिक सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिससे अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूती मिलेगी। समझौतों के अलावा दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी सहयोग को संस्थागत रूप देने के लिए संयुक्त कार्य समूह के गठन तथा नागरिक सेवाओं और लोगों के बीच संपर्क को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कांसुलर संवाद तंत्र स्थापित करने की भी घोषणा की।

इन व्यापक समझौतों और घोषणाओं के साथ भारत और स्लोवाकिया ने राजनीतिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे दोनों देशों के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है।

# नीट पुनर्परीक्षा के लिए चार लाख अभ्यर्थियों ने डाउनलोड किए प्रवेश पत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

▸ प्रवेश पत्र डाउनलोडिंग में कुछ दिक्कतें भी आ रहीं, जिनके समाधान के लिए टीमें सक्रिय





राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा है कि 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा के लिए अब तक लगभग 4 लाख अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) डाउनलोड कर चुके हैं। हालांकि कुछ उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के दौरान तकनीकी गड़बड़ियों और सर्वर संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें दूर करने के लिए एजेंसी की टीमें लगातार काम कर रही हैं।

एनटीए ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसे उन समस्याओं की जानकारी है जिनका सामना कुछ छात्रों को एडमिट कार्ड डाउनलोडिंग के दौरान करना पड़ा है। एजेंसी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। एनटीए ने अभ्यर्थियों को हुई असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया। इससे पहले रविवार देर रात एनटीए ने जानकारी दी थी कि करीब एक लाख उम्मीदवार एडमिट कार्ड डाउनलोड कर चुके हैं। एजेंसी ने यह भी बताया कि छात्रों के हित में शुल्क वापसी के लिए बैंक खाते का सत्यापन करने की सुविधा शुरू की गई है, जिसे दो-स्तरीय प्रमाणीकरण (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) लॉगिन के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है।

एनटीए के अनुसार वेबसाइट पर भारी ट्रैफिक के कारण सर्वर पर दबाव बढ़ा है लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास जारी हैं कि सभी अभ्यर्थी बिना किसी परेशानी के अपने प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकें।

### लखनऊ पुलिस कर्मियों की 30 जून तक छुट्टियां रद्द

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी 30 जून तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट की ओर से पत्र जारी किया गया है। सयुंक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जून माह में प्रस्तावित विभिन्न त्योहारों एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसको सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के मद्देनजर सभी पुलिस कर्मियों की 30 जून तक की छुट्टी रद्द कर दी गई है। उन्होंने अपने आदेश में यह भी कहा है कि विषम परिस्थिति में पुलिस कर्मी अपने वरिष्ठ अधिकारी को सूचित करें और उनके अनुमति के बाद ही छुट्टी स्वीकृति की जाएगी।

## बदरीनाथ-केदारनाथ धाम पहुंचे मुकेश अंबानी बीकेटीसी को 10 करोड़ रुपये का दिया दान

**एजेंसी, बदरीनाथ/केदारनाथ।**



देश के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने सोमवार को उत्तराखंड स्थित भगवान बदरीविशाल और बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) को 10 करोड़ रुपये का दान भी दिया।

बीकेटीसी के अनुसार अंबानी ने सबसे पहले बदरीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरीविशाल के दर्शन और पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने केदारनाथ धाम में बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। दोनों धामों में मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कर प्रसाद भेंट किया। इस दौरान अंबानी ने बीकेटीसी को बदरीनाथ धाम की व्यवस्थाओं के लिए पांच करोड़ रुपये और केदारनाथ धाम की व्यवस्थाओं के लिए पांच करोड़ रुपये के दो चेक सौंपे। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि अंबानी परिवार की भगवान बदरीविशाल और बाबा केदारनाथ के प्रति गहरी आस्था है। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी मुकेश अंबानी ने मंदिर समिति को उदार सहयोग दिया है, जिसके लिए समिति उनकी आभारी है।

### पटना जेल से बाहर आए रौशन आनंद का बड़ा आरोप, फैजल खान ने कराई मेरे भाई की हत्या

**एजेंसी, पटना।** बिहार के पटना से बड़ी खबर सामने आई है। रोशन आनंद सर ने अपने भाई प्रिंस यादव की हत्या का आरोप खान सर पर लगाया है। सोमवार को जेल से बाहर निकलते ही रोशन आनंद ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि, मेरे खिलाफ साजिश रची गई है। फैसल खान और किसान कोल्ड स्टोरेज के मालिक आरएस प्रसाद ने साजिश रचकर मेरे भाई प्रिंस यादव की हत्या की है। उन्होंने कहा कि, जब मैं बाहर था, तो मेरे भाई को कुछ नहीं हुआ। लेकिन जब मुझे जेल भेजा गया, तो मेरे भाई की हत्या कर दी गई। यह एक साजिश है।

# अभिनेत्री संचिता उगले ने किया सुसाइड, पंखे से लटका मिला शव

**एजेंसी, पालघर।**



टीवी जगत से एक बेहद चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। लोकप्रिय धारावाहिक कुमकुम भाग्य और वागले की दुनिया में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकीं महज 22 वर्षीय युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह 22 वर्ष की थीं।

एक अधिकारी के अनुसार, संचिता ने रविवार की शाम करीब सात बजे नालासोपारा स्थित अपने घर में छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि संचिता घर पर अकेली थीं। पुलिस अधिकारी ने बताया, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घटनास्थल पर हमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और न ही कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है। अभिनेत्री के पिता ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा है कि उन्हें इस मामले में किसी भी तरह की साजिश या गड़बड़ी का कोई शक नहीं है। वे संचिता की मौत के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं मान रहे हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है और आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कि आखिर संचिता ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया। 22 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह देने वाली संचिता उगले टीवी और बॉलीवुड का एक उभरता हुआ चेहरा थीं। संचिता टीवी धारावाहिक कुमकुम भाग्य में दीया टंडन की भूमिका निभाने के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने पूर्व में कहा था कि इस किरदार को हासिल करना उनके जीवन का एक बड़ा मोड़ साबित हुआ, जिसने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई और उनके अभिनय करियर को नई दिशा दी।

संचिता ने कुछ फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा में तारा रानी के युवा रूप का किरदार निभाया था। इसके अलावा वह चर्चित अभिनेता मनोज वाजपेयी के साथ साइलेंस 2 द नाइट आउल बार शूटआउट में भी नजर आई थीं।

**निर्णय** | उपग्रह प्रक्षेपणों का सिलसिला अगले माह तक फिर शुरू करने की तैयारी

# पीएसएलवी मिशनों में गड़बड़ी की जांच पूरी : डॉ. जितेंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारत ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण-यान पीएसएलवी की पिछले वर्ष एक के बाद एक लगातार दो बार प्रक्षेपण के दौरान विफलता के बाद प्रक्षेपण गतिविधियों में आए ठहराव को देखते हुए अब इस माह के अंत या अगले महीने से प्रक्षेपण का सिलसिला फिर शुरू करने जा रहा है।

यह जानकारी केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सोमवार यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में विफलताओं की दर पश्चमी देशों की तुलना में काफी कम है।

डॉ. सिंह ने कहा कि पीएसएलवी के पिछले दो प्रक्षेपणों में उस तरह की सफलता नहीं मिली जिसकी अपेक्षा थी, पर उनमें आये व्यवधानों और कमियों का आकलन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां कमी देखी गयी उसका परिमार्जन किया गया है और अब जून माह के अंत या अगले माह के शुरू में प्रक्षेपण फिर शुरू करने की तैयारी है। डॉ. सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 साल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में देश की प्रगति की जानकारी देने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भारत की सेवा में विज्ञान के 12 वर्ष विषय पर इस विशेष संवाददता सम्मेलन का आयोजन वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने किया था। संवाददाता सम्मेलन को सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजेश सुधीर गोखले में पिछले 12 वर्ष में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की जानकारी दी और इस दौरान हुई उपलब्धियों को अभूतपूर्व बताया।

परमाणु ऊर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग के राज्यमंत्री का भी दायित्व संभाल रहे डॉ सिंह ने सवाल-जवाब के दौरान पीएसएलवी की हाल की विफलताओं से देश के उपग्रह प्रक्षेपण कार्यक्रम पर प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में (मिशन के लिए) विफलता शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता। यह जरूर है कि पीएसएलवी में लगातार दो बार उस तरह की सफलता नहीं मिली जिसकी अपेक्षा की जा रही थी। पर यदि हम उसे विफलता भी मान लें तो अपनी विफलताओं की दर अमेरिका और यूरोप की तुलना में बहुत कम है। डॉ. सिंह ने कहा कि हमारे चंद्रयान और मंगलयान मिशन पहले प्रयासों में ही सफल रहे जबकि पश्चिमी देशों को तीन-तीन प्रयास करने पड़े।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मेले का किया गया आयोजन

- सपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था: विनय द्विवेदी
- जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंच रहा

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।



भाजपा की केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मेहनौन क्षेत्र के इटियाथोक ब्लाक सभागार में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले के शुभारंभ किया गया। जिसमें मेले का शुभारंभ मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं व किसानों को आधुनिक खेती का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सपा सरकार पर हमलावर होते हुए पिछली सरकारों में आई जनकल्याणकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार के भेट चढ़ने की बात कही। सोमवार को इटियाथोक क्षेत्र के ब्लाक सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लगे तीन दिवसीय मेले में पहुंच कर मेले का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की जो भी जनकल्याणकारी योजना है। वह हर वर्ग तक हर पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचे। इसी के साथ उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में हर क्षेत्र में व्यक्ति कुशल व निडर है। क्योंकि पिछली सरकारों में लूट भ्रष्टाचार व सरकारी योजनाओं का बंदरबांट आम हो चला था। लेकिन 2017 के बाद देश व प्रदेश में विकास की लहर बहने लगी। हर क्षेत्र में लोगों को आने जाने के लिए सरल और सुगम सड़कों का जाल बिछा दिया गया। जिससे आम जनमानस को कोई दिक्कत न हो। इसी के साथ साथ स्वास्थ्य शिक्षा पर भी भाजपा सरकार ने एक बेहतर कार्य किया है। स्वास्थ्य की बात करे तो हमारी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड वितरित कर योजना के लाभो से अवगत कराया है। जिससे वो गरीब परिवार जो महंगे इलाज के चलते दम तोड़ देते थे। उन्हें केंद्र की सरकार ने आयुष्मान कार्ड का तोहफा देकर उनकी महंगे इलाज की समस्या को खत्म किया। इसी के साथ ही इज किसान को आधुनिक खेती के लिए कृषि विभाग द्वारा अच्छी जानकारी देकर किसान भाईयों को आगे लाया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि विभाग व ब्लाक के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता न्यायिक प्रक्रिया में कदम से कदम मिलाकर कार्य करेंगे जिससे लोगों को तुरंत न्याय मिले: अमित गर्ग



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** अधिवक्ता समाज और न्याय व्यवस्था के प्रहरी हैं तथा बार बेंच के बेहतर सामंजस्य से न केवल न्यायिक हितों की पूर्ति संभव है। बल्कि पर्यावरण संरक्षण और खेलकूद जैसी सामाजिक गतिविधियों को भी नयी दिशा दी जा सकती है। उक्त विचार नवागत अपर आयुक्त टैक्स (न्यायिक) ग्रेड द्वितीय संजय कुमार मिश्र ने व्यक्त किए हैं। वह अवध टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में वकीलों को सम्बोधित कर रहे थे। लखनऊ से स्थानांतरित होकर आये अपर आयुक्त टैक्स (न्यायिक)ग्रेड द्वितीय का अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।अवध टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हीरालाल कश्यप एवं महामंत्री अमित कुमार गर्ग और उपस्थित अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करने का संकल्प दोहराया।महामंत्री अमित कुमार गर्ग ने कहा कि अधिवक्ता न्यायिक प्रक्रिया में कदम से कदम मिलाकर कार्य करेंगे जिससे आमजन को त्वरित व निष्पक्ष न्याय मिल सके।

# पश्चिम बंगाल में आयोजित जायसवाल महासभा में सम्मानित हुए गोंडा के पवन जायसवाल

- नवनिर्वाचित कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह भी कराया गया

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।




अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पश्चिम बंगाल के वरमाला बैंक्विट हॉल में आयोजित हुई, जहां पर देश के विभिन्न राज्यों से जायसवाल समाज के लोग एकत्रित हुए वहीं पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार के रूप में पवन जायसवाल एवं जनपद मऊ से पत्रकार संतोष कुमार जायसवाल को महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर पापा मोदी महाराष्ट्र, राष्ट्रीय संरक्षक उद्योगपति अशोक कुमार जायसवाल इंदौर, राष्ट्रीय संयोजक अटल कुमार गुप्ता कोयंबटूर, राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता दिल्ली हाई कोर्ट शैलेंद्र जायसवाल व लखनऊ के वरिष्ठतम पत्रकार अजय कुमार जायसवाल बाबूजी के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जायसवाल समाज गोंडा के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, बलरामपुर जायसवाल समाज के अध्यक्ष अवधेश जायसवाल, बहराइच जायसवाल समाज के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, राम कुमार जायसवाल, बच्चा जायसवाल, राजेश जायसवाल, अनिल जायसवाल, परमेश जायसवाल, शशांक जायसवाल, अनिल जायसवाल, राजन जायसवाल, संजय जयसवाल, शक्ति सामंत, राम आशीष जायसवाल, आशीष जायसवाल, देवेंद्र जायसवाल, संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, आलोक जायसवाल, असित जायसवाल, अजय जायसवाल, महेश जायसवाल, अजीत गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, विजय जायसवाल, कन्नू जायसवाल, दुर्गेश जायसवाल, गीता जायससवाल, अंजनी जायसवाल, मधु जायसवाल सहित सैकड़ो जायसवाल समाज के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि हमारे मंडल के लिए गौरव का विषय है।

## खबरें एक नजर में

### कार डेढ़ साल बाद गैराज में मिली, इंजन गायब

दुर्घटना के बाद एजेंसी से गायब हुई थी, चेसिस नंबर से पुष्टि



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तेजवापुर में सड़क दुर्घटना के बाद बीमा क्लेम के लिए एजेंसी में खड़ी कराई गई एक कार डेढ़ साल बाद एक गैराज में बरामद हुई है। पुलिस ने चेसिस नंबर का मिलान कर वाहन की पहचान की पुष्टि की है। हालांकि, कार का इंजन गायब मिलने से मामला और गंभीर हो गया है। पुलिस गैराज संचालकों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि वाहन एजेंसी से गैराज तक कैसे पहुंचा। जानकारी के अनुसार, पीड़ित दीपक कुमार मौर्य की कार दिसंबर 2024 में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसके बाद वाहन को मरम्मत और बीमा क्लेम की प्रक्रिया के लिए बसंतापुर स्थित आनंद मोटर एजेंसी में खड़ा कराया गया था। कुछ समय बाद बीमा कंपनी ने क्लेम निरस्त कर दिया। जब दीपक अपनी कार लेने पहुंचे तो वाहन एजेंसी में नहीं मिला। एजेंसी कर्मचारियों ने पहले बताया कि गाड़ी बीमा कंपनी ले गई है, जबकि बाद में कहा गया कि वाहन मालिक स्वयं ले गया था। विरोधाभासी जवाब मिलने पर पीड़ित ने एजेंसी और बीमा कंपनी से जानकारी जुटाने के साथ आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। मार्च 2026 में हुई जांच में एजेंसी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया था। शुक्रवार को दीपक को सूचना मिली कि उनकी कार नानपारा बाईपास स्थित बरवा मोड़ के पास यूपी-40 गैराज में खड़ी है। सूचना पर पहुंचे टिकोरा मोड़ चौकी प्रभारी अभय कुमार ने वाहन का चेसिस नंबर मिलान कराया, जो सही पाया गया। इसके बाद कार को पुलिस कब्जे में लेकर चौकी परिसर में खड़ा करा दिया गया। पुलिस ने गैराज संचालक साजू और सोनू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कार का इंजन गायब मिलने से वाहन चोरी और कटान से जुड़े संभावित नेटवर्क की आशंका भी गहरा गई है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

### प्रबुद्धजन सम्मेलन में व्यापारी को आया हार्ट अटैक

प्राथमिक इलाज के बाद लखनऊ रेफर



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकास भवन सभागार में प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन के दौरान एक प्रतिष्ठित व्यापारी को अचानक हार्ट अटैक आ गया। उन्हें तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया है। प्रदेश के कृषि व्यापार विपणन मंत्री दिनेश प्रताप सिंह रविवार को जिले के एक दिवसीय दौरे पर थे। शाम को वे विकास भवन सभागार में अधिकारियों, व्यापारियों और अन्य लोगों के साथ प्रबुद्धजन सम्मेलन कर रहे थे। इसी दौरान नगर के ब्राह्मणी पूरा निवासी कोल्ड स्टोरेज संचालक पंकज जैन (60) को अचानक दिल का दौरा पड़ा।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और व्यापारी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ स्वयं अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से उनके इलाज के संबंध में जानकारी ली। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पंकज जैन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया है।

### जाफरपुर में होनहार छात्रों को स्टडी टेबल देकर किया गया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, सादुल्लानगर/बलरामपुर।** ग्राम पंचायत जाफरपुर के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 'स्टडी टेबल' देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 1 की अनिका सिंह पुत्री समर जीत सिंह, कक्षा 2 की सिरया पुत्री राजमन, कक्षा 3 की नैनसी पुत्री जितेन्द्र कुमार, कक्षा 4 की शिवानी चौरसिया पुत्री हनुमान प्रसाद तथा कक्षा 5 के शिवम चौरसिया पुत्र हनुमान प्रसाद को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए स्टडी टेबल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार सोनी ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह बच्चों में पढ़ाई के प्रति लगन और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाते हैं।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद से महिलाओं की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

- महिलाओं की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करायें
- 35 महिलाओं ने आयुक्त से की शिकायतों के निस्तारण की मांग तुरंत मिला लाभ

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



मंडलायुक्त कार्यालय में आयोजित मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम महिलाओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का सशक्त माध्यम बन रहा है। सोमवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में 35 महिलाओं ने आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के समक्ष अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। आयुक्त ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार फोटोग्राफ सहित आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि शक्ति संवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत के निस्तारण से पूर्व शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उसकी संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए। सोमवार को आयोजित महिला शक्ति संवाद कार्यक्रम में भूमि विवाद, राशन, आवास, वृद्धा पेंशन पुलिस विवाद, पारिवारिक विवाद आदि समस्याएं प्राप्त हुई जिनको आयुक्त द्वारा तत्काल संबंधित अधिकारियों को भेज कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। विगत शक्ति संवाद कार्यक्रमों में प्राप्त कई शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया जा चुका है। समस्या का समाधान हो गया। आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद का उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है, जिससे महिलाओं को त्वरित न्याय एवं राहत मिल सके। माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा महिलाओं की जनसमस्याओं को सुना गया और तत्काल संबंधित अधिकारियों कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

## हर पात्र गर्भवती महिला तक पहुंचेगा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ

15 जुलाई तक चलेगा विशेष पंजीकरण अभियान

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के तहत 15 जुलाई 2026 तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य सभी पात्र गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को योजना से जोड़ना और उन्हें समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। इस अवधि में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित संबंधित विभागीय कर्मी घर-घर संपर्क कर पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराएंगे। महिलाओं को पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संचालित की जा रही है।

## पति सास-ससुर सहित पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** थाना कोतवाली नगर निवासी अनीता मौर्या पुत्री लाला जी ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया जिस में कहा कि 14 फरवरी 2025 को बृजेश कुमार मौर्य पुत्र गिरीश चन्द्र मौर्य निवासी ग्राम रीवा उमरिया थाना नवाबगंज के साथ शादी हुआ था। दहेज में 10 लाख रूपये नगद 6 लाख का जेवर 7 लाख के घरेलू सामान दिया गया था ससुर गिरीशचन्द्र पुत्र लल्लू मौर्य व सास सरिता देवी पत्नी गिरीश चन्द्र पति ननद बिन्दू मौर्य पुत्री गिरीश चन्द्र एवं देवर दुर्गेश मौर्य पुत्र गिरीशचन्द्र दहेज में मिले समान से खुश नहीं थे और बराबर स्कार्पियो गाड़ी की मांग करते हुए आये दिन मुझे ताने देकर मुझसे मार पीट गाली-गलौज देते हुए कहा कि अगर गाड़ी नहीं लाओगी तो तुम्हे तलाक देकर दूसरा विवाह करेंगे साथ ही ज्यादा चलाकी की तो जान से खत्म कर देंगे। होली के त्यौहार पर अपने मायके आयी और उसे पता चला कि पति के पैर में चोट लगी है तो मैं भागकर पति के तैनाती स्थल कानपुर गयी। मैं गर्भवती थी।दो माह बाद मैं अपने मायके वापस आयी जहां से पुनः ससुराल रींवा उमरिया गयी यह बात जब मेरी सास को पता चला कि मैं गर्भ से हूँ तो उन लोगों ने मुझसे गर्भ गिराने का दबाव बनाया और उसके लिए काफी मारा-पीटा और मेरे पति को घर बुलाकर मुझसे मार-पीट किया एवं मेरे ससुर गिरीश चन्द्र ने मुझे मेरे कमरे में आकर गलत इरादे से मेरी इच्छा के विरुद्ध मुझे जबरन पकड़ा और मेरे अंगो से छेडछाड़ किया और कपड़े अस्त-व्यस्त करने की कोशिश की मेरे हल्ला मचाने पर भाग गये। जिस की शिकायत किया तो सुलह-समझौता कराया गया। कानपुर गयी जहा पर मेरे पति ने पुनः मुझसे मार-पीट कराते हुए मेरा गर्भपात करा दिया गया। गलत दवायें खिलाकर मुझे जान से मार डालने की कोशिश की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताहव्यापी योग कार्यक्रम का शुभारंभ

- कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक करना व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग, गोण्डा द्वारा चेतना पार्क, सिविल लाइन में आयोजित सप्ताहव्यापी योग कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद एवं अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि योग तनावमुक्त एवं संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है तथा वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता और भी अधिक बढ़ गई है। कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक अंजनी दूबे द्वारा विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया।

## जनकल्याण अभियान के दूसरे दिन ब्लॉक प्रमुख ने किया निरीक्षण

- विभागीय स्टॉलों का लिया जायजा

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।



केंद्र सरकार के 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड विशेश्वरगंज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के दूसरे दिन ब्लॉक प्रमुख वंदना पांडेय ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। ब्लॉक प्रमुख वंदना पांडेय ने खंड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी के साथ स्वास्थ्य, कृषि, ग्राम विकास, सामाजिक कल्याण, बाल विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। अभियान के तहत ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने स्टॉलों पर पहुंचकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। विशेष रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज के अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्र के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं, संचारी रोगों से बचाव, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा आयुष्मान भारत योजना की जानकारी देकर जागरूक किया।

## महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

- झील के चारों ओर पाथ-वे, बोटिंग सुविधा व अन्य सौन्दर्यीकरण कार्य कराये जाने का दिया सुझाव



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के नवनिर्मित भव्य स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प से यहां पर महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर एक भव्य स्मारक का निर्माण हुआ है। श्री सिंह ने स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए झील के चारों ओर पाथ-वे, बोटिंग सुविधा व अन्य सौन्द्रर्यीकरण कार्य कराये जाने का सुझाव दिया।

# रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- डीएम कार्यालय में धरना स्थल के पास इकट्ठे हुए, जमकर की नारेबाजी

बहराइच समृद्धि न्यूज़।



ग्राम रोजगार सेवक संघ पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले सोमवार को बड़ी संख्या में रोजगार सेवकों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में रोजगार सेवक सोमवार दोपहर जिलाधिकारी कार्यालय के पास धरना स्थल पर एकत्र हुए। यहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि वे दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता के लिए रोजगार सेवक को पद से हटाने हेतु ग्राम पंचायत सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत के बजाय ग्राम सभा के दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव की व्यवस्था करना शामिल है।

उनकी दूसरी प्रमुख मांग मासिक मानदेय भुगतान के लिए पृथक बजट का प्रावधान करना है। रोजगार सेवकों का कहना है कि प्रदेश में 12 से 14 महीने का मानदेय बकाया है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तत्काल मानदेय भुगतान की मांग की। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो वे 1 जुलाई को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेंगे।

## ओवैसी की जनसभा में बेकाबू भीड़, बैरिकेडिंग तोड़ मंच तक पहुंचने की कोशिश

- हंगामे के बीच रुका कार्यक्रम, पुलिस की सख्ती के बावजूद नहीं मानी भीड़



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मटेरा विधानसभा क्षेत्र के शंकरपुर में आयोजित एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की जनसभा के दौरान भारी अव्यवस्था और अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। उत्साहित भीड़ ने कार्यक्रम स्थल पर जमकर हंगामा किया, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति बेकाबू हो गई। बताया जा रहा है कि भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और मंच के करीब पहुंचने की कोशिश करने लगी। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता हाथ जोड़कर लोगों से शांत रहने की अपील करते नजर आए, लेकिन भीड़ पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। मंच से नेताओं ने बार-बार शांति बनाए रखने की अपील की। यहां तक कि लाठीचार्ज की चेतावनी भी दी गई, फिर भी लोग नहीं माने।पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन भीड़ के हंगामे के चलते कुछ समय के लिए कार्यक्रम रोकना पड़ा। भारी अफरा-तफरी के बीच आखिरकार कार्यक्रम को किसी तरह संपन्न कराया गया।कार्यक्रम में मीडिया के लिए अलग गैलरी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मीडिया कर्मियों के बीच भी भीड़ घुस गई, जिससे और अधिक अव्यवस्था की स्थिति बन गई। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस और प्रशासन मुस्तैद रहा, लेकिन भीड़ के दबाव के चलते व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

# ओवैसी का बड़ा दांव: सपा-भाजपा पर बरसे एआईएमआईएम चीफ

- मटेरा से शौकत अली के नाम का किया एलान
- अब दरी नहीं बिछाई जाएगी हिस्सेदारी-बराबरी की बात होगी: ओवैसी





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गई है। चुनावी सरगर्मियों के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बहराइच के मटेरा विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सूबे की सियासत में हलचल तेज कर दी है। शंकरपुर चौराहा पर उमड़ी भारी भीड़ के बीच ओवैसी ने न सिर्फ अपना शक्ति प्रदर्शन किया, बल्कि सपा और भाजपा दोनों पर जमकर तीर चलाए। इस दौरान उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर अपनी पार्टी की नई रणनीति के संकेत भी दे दिए हैं।

**सम्मान और हिस्सेदारी मिली तो गठबंधन को तैयार: ओवैसी**

मंच से हुंकार भरते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश के आगामी चुनावों के लिए एक बड़ा सियासी दांव खेला। उन्होंने विपक्षी दलों को सीधा संदेश देते हुए कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए उनकी पार्टी साथ आने को तैयार है, लेकिन इसके लिए एक कड़ा नियम होगा। ओवैसी ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि अगर मजलिस को सम्मानजनक हिस्सेदारी और पूरी इज्जत मिलती है, तो वे गठबंधन के लिए बातचीत के दरवाजे खुले रखेंगे। बिना राजनीतिक हिस्सेदारी के अब समझौता नहीं होगा।

**बुलडोजर कार्रवाई और एनकाउंटर पर उठाए सवाल**

जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी के निशाने पर सीधे तौर पर सूबे की भाजपा सरकार रही। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ओवैसी ने सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज यूपी में बुलडोजर कार्रवाई के नाम पर विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के मकानों को निशाना बनाया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में हो रहे युवाओं के एनकाउंटर को भी फर्जी बताते हुए सरकार को घेरा।

**बीफ एक्सपोर्ट को लेकर सरकार की नीतियों को घेरा**

भाषण के दौरान ओवैसी ने एक और चौंकाने वाला दावा करते हुए यूपी की अर्थव्यवस्था और सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आज के समय में उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा बीफ एक्सपोर्टर बन चुका है। पूरे देश से होने वाले कुल निर्यात में लगभग 40 से 60 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी अकेले उत्तर प्रदेश की है।

# विकास का सहभागी बनने की चेहरों पर दिखी खुशी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसी क्रम में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सोमवार को पहली उड़ान लखनऊ के लिए रवाना हुई, जो कई किसानों के लिए भावनात्मक और ऐतिहासिक पल बन गई। इस उड़ान की सबसे खास बात यह रही कि इसमें यात्री के रूप में वे किसान भी सवार थे, जिन्होंने एयरपोर्ट निर्माण के लिए अपनी जमीन दी थी। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे किसानों के चेहरे पर खुशी, गर्व और भावुकता साफ दिखाई दी। वे अपने गांव से सीधे प्रदेश की राजधानी में उतरे थे।



**मुख्यमंत्री योगी का आभार जताने पहली उड़ान से लखनऊ आए जेवर के किसान, बोले- सपना कर दिया साकार**

किसानों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हवाई जहाज में सफर करने का सालों पुराना उनका सपना आज पूरा हो गया है। किसानों ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया। जेवर की रहने वाली पूनम ने बताया कि एयरपोर्ट परियोजना के लिए उनकी जमीन अधिग्रहीत हुई थी। उन्होंने कहा कि आज पहली बार हवाई जहाज में बैठने का अवसर मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों का सम्मान बढ़ाया है। किसान हाजी जफर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने ऐसा काम किया है कि हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज में बैठा दिया। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण के दौरान घर-घर जाकर किसानों की सहमति ली गई थी और किसानों ने खुशी-खुशी अपनी जमीन दी। हाजी जफर ने कहा कि उन्हें इस विकास कार्य पर गर्व है। इसी तरह किसान इकबाल कल्लू ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि एयरपोर्ट के लिए उनकी जमीन गई थी और आज उसी एयरपोर्ट से उड़ान भरकर राजधानी पहुंचना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को केवल मुआवजा ही नहीं दिया बल्कि उन्हें विकास यात्रा का सहभागी भी बनाया है। महिला किसानों में भी उत्साह देखने को मिला। किसान सुमन ने बताया कि उन्होंने जीवन में पहली बार हवाई जहाज में सफर किया है। यह उनका वर्षों पुराना सपना था, जो अब जाकर पूरा हुआ है।

**किसानों ने सीएम योगी का किया धन्यवाद**

किसान धर्मवीर शर्मा ने कहा कि उनके गांव में विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है। उन्होंने कहा कि हवाई चप्पल पहनने वाले किसानों को हवाई जहाज में बैठाकर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उसकी प्राथमिकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह का विशेष आभार जताते हुए कहा कि किसानों से किया गया हर वादा पूरा किया गया है। उड़ान में शामिल हिरा रशीद भी बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने कहा कि लखनऊ तक की हवाई यात्रा उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसी है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय सीएम योगी और विधायक धीरेंद्र सिंह को दिया।

# वृद्धजनों की सेवा ही भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र सरकार देगी 1500 रुपये मासिक पेंशन : योगी

**विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने जनता को लिखा पत्र**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को पत्र लिखा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों, आज घर सूने हो रहे हैं और वृद्धाश्रम बढ़ रहे हैं। यह तथ्य मन को व्यथित करता है। यह स्थिति क्यों आई? आज विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर एक संवेदनशील नागरिक होने के नाते हमें इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने आगे लिखा कि सनातन संस्कृति में माता-पिता और गुरु को साक्षात ईश्वर माना जाता है। वृद्धजनों का सम्मान केवल संस्कार नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता की पहचान है। वृद्धजनों और निराश्रित महिलाओं का सम्मानपूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए ही प्रदेश सरकार ने 1,500 रुपये प्रति माह पेंशन देने का निर्णय लिया है। संयोग से इस वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम भी स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग अवश्य अपनाएं।




## खबरें एक नजर में

### प्रॉपर्टी डीलर की हत्या में फरार एक लाख का इनामी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पीजीआई थानाक्षेत्र में बीते माह 27 मई हुई प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की घटना में फरार एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को उत्तर प्रदेश स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पीजीआई थाना क्षेत्र में बीते माह 27 मई को प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में संबंधित थाना में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। इस केस में अम्बेडकरनगर निवासी गंगाराम यादव वांछित था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम रखा गया था। उसकी तलाश में पुलिस ने एसटीएफ से मदद मांगी। एसटीएफ की टीम उसकी तलाश में जुट गई। एएसपी एसटीएफ ने बताया कि बीती देर रात रविवार एसटीएफ टीम को सूचना मिली की एक लाख रुपये का इनामी बदमाश गंगाराम लखनऊ के आलमबाग बस स्टेशन के पास मौजूद है और कही भागने की फिराक में है। इस पर टीम ने बिना देर किए जाल बिछाकर इनामी बदमाश को धर दबोच लिया। एएसपी ने बताया कि आरोपित गंगाराम यादव ने स्वीकारा कि दिनेश कुमार यादव एवं उसके चालक मुकर्रबीन उर्फ मुबीन के कहने पर उसने ही शूटरों की व्यवस्था करायी थी। इस केस में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। तीसरे इनामी आरोपित गंगाराम को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई संबंधित पीजीआई थाना पुलिस कर रही है।

### लखनऊ : रोडवेज बस और कार की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के निगोहा थाना क्षेत्र में सोमवार को रोडवेज बस, कार और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि सोमवार को रायबरेली से लखनऊ की ओर आ रायबरेली डिपो की बस निगोहा क्षेत्रांतर्गत अपना ढाबा के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए विपरीत दिशा की लेन में पहुंच गई। इस दौरान सामने से आ रही कार और बाइक बस से टकरा गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल पूर्णत: क्षतिग्रस्त और बस व कार को भी क्षति पहुंची है। हादसे में मोटरसाइकिल सवार रायबरेली जिले के ग्राम छोटीखेड़ा निवासी पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। अन्य वाहन सवार लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए दुर्घटनाग्रस्त तीनों वाहनों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की है।

### विधान भवन के पास मां-बेटी ने किया आत्मदाह का प्रयास



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित विधान भवन के सामने सोमवार दोपहर दो महिलाओं ने आत्मदाह का प्रयास किया। इस दौरान विधान भवन की सुरक्षा में मुस्तैद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बचाते हुए हजरतगंज पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दोनों की पहचान मां-बेटी के रूप में हुई है। हजरतगंज थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि आज दोपहर विधान भवन के निकट मां-बेटी पहुंचीं और अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने का प्रयास करने लगी। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल ने सूझबूझ से दोनों महिलाओं को तत्काल सुरक्षित रूप से रोक लिया, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नहीं होने पाई। इसके बाद थाने लाकर दोनों से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि वे मूलरूप से हरदोई जिले के थाना संडीला क्षेत्र की निवासी हैं। उन्होंने अपने मकान में हुई चोरी, संपत्ति विवाद के प्रकरण में स्थानीय थाने पर शिकायत की थी, लेकिन थाना पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं की जा रही है। महिलाओं का कहना है कि उक्त मामले में न्याय न मिलने एवं स्वयं को असुरक्षित महसूस करने के कारण वे अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लखनऊ आई थीं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों महिलाओं की बात को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उनके द्वारा लगाए गए आरोपों एवं शिकायतों के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्रित की जा रही है। मामले में संबंधित जनपद एवं स्थानीय पुलिस से सम्पर्क किया जा रहा है। दोनों महिलाएं सुरक्षित हैं।

# सरकार हर नागरिक के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है : केशव

**उपमुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में पूरे प्रदेश से आए सैकड़ों फरियादियों की सुनीं समस्याएं**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पूरे प्रदेश से आए सैकड़ों शिकायतकर्ताओं और फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी।

उपमुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक-एक कर सभी फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना। जनता दर्शन में मुख्य रूप से पानी, नाली, सड़क, चकमार्ग, पुलिस से संबंधित विवाद, अतिक्रमण और अवैध निर्माण जैसी गंभीर शिकायतें सामने आईं। इन मामलों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए श्री मौर्य ने संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता की और मौके पर ही त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। जनता दर्शन के दौरान कई जरूरतमंदों ने अपनी व्यक्तिगत और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिस पर मुरादाबाद की निवासिनी लज्जा देवी (पत्नी अमर सिंह) और सीतापुर के निवासी हीरा लाल (पुत्र श्रीपाल) ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाए जाने का अनुरोध किया। इस पर उपमुख्यमंत्री ने पात्रता की जांच कर नियमानुसार जल्द से जल्द आवास आवंटित करने के निर्देश दिए। अम्बेडकर नगर की प्रियंका (पत्नी अनिल कुमार) ने अपने पति की बीमारी के इलाज के लिए और बालामऊ के अवधेश कुमार ने गंभीर बीमारी के उपचार के लिये आर्थिक मदद की गुहार लगाई।

श्री मौर्य ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करने के कड़े निर्देश दिए। जनता दर्शन में आए लोगों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वे जनता की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता और ध्यानपूर्वक सुनें। उन्होंने कहा की अधिकारी खुद को जनसेवक समझकर कार्य संपादित करें और हर समस्या का समाधान नियमसंगत व समयबद्ध तरीके से करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्री मौर्य ने आगे कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन की सरकार उस अंतिम व्यक्ति तक विकास और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो समाज के आखिरी पायदान पर खड़ा है। सरकार हर नागरिक के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के तीसरे दीक्षांत समारोह में पहुंची राज्यपाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का तीसरा दीक्षांत समारोह सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया। समारोह में पहुंची राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बीसी राय हॉस्टल के ग्राउंड फ्लोर पर गंदगी को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने एसीएस अमित कुमार घोष को भी इस पर ध्यान देने को कहा। राज्यपाल ने हॉस्टलों में सप्ताह में दो दिन नॉनवेज बनने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि क्या यह जरूरी है? उन्होंने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य चिकित्सा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह से कहा कि आप लोग अगले 15 दिन में संस्थान की व्यवस्था को दुरुस्त करिए। मैं 15 दिन बाद खुद मौके पर जाकर व्यवस्था को देखूंगी। इससे पहले समारोह में मेधावियों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। डायरेक्टर मेडल हरमन सिंह (एमबीबीएस 2020) को दिया गया, जबकि बेस्ट टीचर (फैकल्टी) अवॉर्ड डॉ. राजन भटनागर को मिला। कुल 26 मेधावी छात्रों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया, वहीं 340 सफल अभ्यर्थियों को डिग्री प्रदान की गई।

# स्वच्छकारों को उनके कार्यों का मिले वाजिब हक और सम्मान : उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उपाध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार हरदीप सिंह गिल के द्वारा आज अपने भ्रमण कार्यकम के दौरान जनपद लखनऊ में स्वच्छकारों को मानकों के अनुरूप उनके सम्मान एवं उनकी समस्याओं का तत्परता के साथ निराकरण कराने के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ नैमिषारण्य वीवीआईपी गेस्ट हाउस सभागार में बैठक की गई।

उपाध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों के कल्याण, उनके अधिकारों की सुरक्षा, सामाजिक सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण और मुआवजा की राशि दिलाने समेत विभिन्न मुद्दों पर बैठक की जिसमें मुख्य रूप से सफाई कर्मचारियों को सेफ्टी इक्विपमेंट न मिलने और सफाई के दौरान हो रही मौतों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपाध्यक्ष के द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों के साथ उठाये गये बिन्दुओं एवं एजेण्डे में उल्लिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छकारों के द्वारा जो समस्याएं एवं अपनी शिकायतें अवगत कराई गई हैं, उनके संबंध में समस्त संबंधित अधिकारीगण सकारात्मक रुख अपनाते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छकारों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है, जो स्वयं अभाव में रहकर समाज को स्वच्छता का संदेश देते हैं।

उपाध्यक्ष ने इस अवसर पर यह भी कहा कि स्वच्छकारों के हितार्थ भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा स्वच्छकारों के बीच में इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराते हुए सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आगे बढ़कर कार्य करना होगा, जिससे सभी स्वच्छकारों का सम्मान समाज में एवं उनके आर्थिक विकास में सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित हो सकेगी।

# जोरदार धमाके के साथ उड़ी पटाखा फैक्ट्री, युवती की मौत, युवक घायल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नगराम थाना के ग्राम देवती में सोमवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज करीब 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। जहां विस्फोट हुई, वह मकान पूरी तरह से ढह गया। ईंटें बिखर गईं। हादसे में युवती की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। गनीमत रही कि पटाखा फैक्ट्री के आसपास कोई अन्य मकान नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो जाता। हालांकि, विस्फोट की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, यह विस्फोट ग्राम देवती निवासी मो. सफीक पुत्र मो. लतीफ (26 वर्ष) की लाइसेंसधारक पटाखा फैक्ट्री में हुआ। फैक्ट्री गांव के बाहर स्थित है और उसके आसपास कोई आबादी नहीं है, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। हादसे में मारिया पुत्री मो. इस्लाम (22 वर्ष) और मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। मारिया की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह फैक्ट्री मालिक की भांजी थी। मोहित का गंभीर अवस्था में उपचार चल रहा है। वह गांव का ही रहने वाला है।

घटना के समय मवेशी चरा रहा था। फैक्ट्री के पास पानी पीने आया था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, अन्य किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, हादसा करीब सुबह 11.30 बजे हुआ। विस्फोट इतना तेज था कि उसकी आवाज करीब डेढ़ से दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह हादसा शाम के समय हुआ होता, जब आसपास लोगों की आवाजाही अधिक रहती है, तो कई और लोग इसकी चपेट में आ सकते थे। बड़ी जनहानि टल जाने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# सीएमएस छात्रा इन्स्पायर-मानक अवार्ड से सम्मानित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस की कक्षा-11 की प्रतिभाशाली छात्रा हूरिया किरात इरफान को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा 'इन्स्पायर-मानक अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।

सी.एम.एस. छात्रा को यह सम्मान विज्ञान विषय में उसकी रूचि, उत्कृष्ट ज्ञान एवं अभूतपूर्व वैज्ञानिक प्रतिभा के लिये प्रदान किया गया है एवं पुरस्कार स्वरूप दस हजार रुपये का नगद धनराशि प्रदान की गई है, जिससे यह प्रतिभाशाली छात्रा समाजोपयोगी विज्ञान माडल का निर्माण कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिये देश भर के विभिन्न विद्यालयों से लगभग दस लाख छात्रों ने अपने विज्ञान प्रोजेक्ट/प्रविष्टियों को प्रेषित किया था, जिनमें सी.एम.एस. छात्रा की विज्ञान प्रविष्टि को 'इन्स्पायर-मानक अवार्ड' (मिलियन माइंड अगमेन्टिंग नेशनल एस्पिरेशन्स एण्ड नॉलेज अवार्ड) के लिये चयनित किया गया।

देश भर के लाखों छात्रों के बीच सी.एम.एस. छात्रा का इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिये चयनित होना वास्तव में गर्व की बात है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## उप्र में पीएम आवास योजना में बड़ा घोटाला, गरीबों के हक पर डाला डाका : वंशराज दुबे



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्तर प्रदेश के 427 लाभार्थियों द्वारा अलग-अलग निवास और पहचान दिखाकर दो-दो आवास हासिल किये गये हैं। यह दावा करते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने घोटाला का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि यह सिर्फ योजना में गड़बड़ी नहीं बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों के अधिकारों की खुली लूट है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच में सामने आया यह मामला साबित करता है कि प्रदेश में सुशासन और पारदर्शिता के दावे केवल कागजों और विज्ञापनों तक सीमित हैं जबकि जमीन पर भ्रष्टाचार का संगठित नेटवर्क काम कर रहा है। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन उत्तर प्रदेश में इसका लाभ वास्तविक पात्र लोगों तक पहुंचने के बजाए फर्जीवाड़े और साठगांठ का शिकार हो गया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच में प्रदेश के 427 ऐसे लोगों की पहचान हुई है जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) दोनों का लाभ उठाकर दो-दो आवास हासिल कर लिए। ललितपुर में 50, बांदा में 26, सीतापुर और प्रतापगढ़ में 21-21 मामलों का सामने आना बताता है कि यह कोई इक्का-दुक्का गलती नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार है।

# बहुजन साहित्यों का विमोचन एवं मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**बोधिसत्व बाबा साहेब टुडे मासिक पत्रिका का मनाया गया 15वां स्थापना दिवस**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

बोधिसत्व बाबासाहेब टुडे मासिक पत्रिका का 15 वे स्थापना दिवस, पर बहुजन साहित्यों का विमोचन एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। बुद्ध अम्बेडकर कल्याण एसोसिएशन उ.प्र. (रजि.) के तत्वावधान में बोधिसत्व बाबासाहेब टुडे मासिक पत्रिका का 15 वे स्थापना दिवस, बहुजन साहित्यों का विमोचन तथा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रविवार को 'उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उद्यान भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पूज्य भिक्खु संघ द्वारा बुद्ध वन्दना से हुई। कर्यक्रम के आयोजक ज्ञानप्रकाश जखमी ने बताया कि पत्रिका के माध्यम से बाबासाहेब के विचारों, बौद्ध दर्शन और बहुजन नायकों के साहित्य को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। इस अवसर पर बहुजन साहित्य की नवीन पुस्तकों का विमोचन तथा हाईस्कूल, इंटर एवं उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 40 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वी पी अशोक ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले मैं तथागत बुद्ध और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नमन करता हूँ। आज इस मंच पर खड़े होकर मुझे अपने बाबा साहब के संघर्षों की याद आती है।

बाबासाहेब ने जो मिशन शुरू किया था, वह केवल संविधान बनाने तक सीमित नहीं था। उनका सपना था प्रबुद्ध भारत का निर्माण बोधिसत्व बाबासाहेब टुडे पत्रिका उस सपने को आगे बढ़ा रही है। जब बाबासाहेब मूकनायक, बहिष्कृत भारत और प्रबुद्ध भारत निकालते थे, तो उनका उद्देश्य था समाज को जगाना। आज यह पत्रिका वही काम कर रही है। बहुजन साहित्य कोई जाति का साहित्य नहीं है, यह मानव मुक्ति का साहित्य है। मैं आज के मेधावी बच्चों से कहना चाहता हूँ कि बाबासाहेब ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वह दहाड़ेगा। लेकिन केवल डिग्री लेना शिक्षा नहीं है। शिक्षा वह है जो आपको अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस दे। मेरे बाबा ने 18-18 घंटे पढ़ाई की, अपमान सहे, लेकिन कभी रुके नहीं। आज आपके पास सारी सुविधाएं हैं। इसलिए पढ़ो, आगे बढ़ो और समाज को वापस दो। बुद्ध का धम्म और बाबासाहेब का संविधान, ये दो पहिए हैं जो इस देश को समता, स्वतंत्रता, बंधुता की ओर ले जाएंगे। मैं आयोजक ज्ञानप्रकाश जखमी जी और पूरी टीम को साधुवाद देता हूँ



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार पूरन सिंह दिल्ली ने कहा कि बाबासाहेब का मिशन केवल राजनीतिक नहीं था, वह सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्रांति का मिशन था। बोधिसत्व बाबासाहेब टुडे पत्रिका उस वैचारिक क्रांति को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। आज के युवाओं को शिक्षा, संगठन और संघर्ष के मंत्र को आत्मसात कर समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। बहुजन साहित्य समाज का दर्पण है जो शोषित-वंचित वर्ग की आवाज़ बनता है। कार्यक्रम में मा. इं. एन. के. गौतम प्रमुख अभियंता, आयोजक ज्ञानप्रकाश जखमी, वरिष्ट साहित्यकार नानक चन्द्र, आसना सिंह पत्रिका की ब्यूरो चीफ ने दिल्ली से आये वरिष्ट साहित्यकार पूरन सिंह को अपने माता- पिता परिनिब्बुत श्रद्धेय बुद्धसेन जी एवं श्रद्धेया भानमती जी की स्मृति में सम्मान पत्र देकर शाल उडाकर पगडी बांधकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सस्म्मनित किया। मा. इं. एन. के. गौतम प्रमुख अभियंता ने कहा कि बाबासाहेब का सपना था , बहुजन समाज तकनीकी और वैज्ञानिक शिक्षा से सशक्त हो उस समतामूलक समाज के सपने को साकार कर रहा है। मा. डॉ. आर.आर. जैसवार लोकपाल लखनऊ ने संबोधित करते हुए कहा कि बोधिसत्व बाबासाहेब टुडे पत्रिका बहुजन चेतना का सशक्त माध्यम है जो संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचा रही है। मेधावी बच्चों का सम्मान करना ही बाबासाहेब के शिक्षित बनो मंत्र को सार्थक करना है।

मा0. राम रतन प्रसाद पूर्व सहा. निदेशक रेशम विभाग, मा. इं. ए.के. सिंह प्रमुख अभियन्ता सिंचाई विभाग,मा. कैप्टन प्रवीण निखड़ अंतर्राष्ट्रीय महासचिव, बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इण्डिया, मा. डॉ. बी.एन. चौधरी पूर्व प्रमुख सी.एम.डी. रेलवे, मा. अर्जुन देव भारती संयुक्त सचिव, सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहें।

प्रमुख वक्ताओं में नीरज पटेल, सम्पादक नेशनल जनमत चौनल ने' अपने संबोधन में बहुजन मीडिया और साहित्य अब वैकल्पिक विमर्श गढ़ रहा है। मुख्यधारा का मीडिया जिन मुद्दों को स्थान नहीं देता, उन्हें बोधिसत्व बाबासाहेब टुडे जैसी पत्रिकाएं प्रमुखता से उठाती हैं। यह समय पेन और की-बोर्ड से सामाजिक परिवर्तन लाने का है। बाबासाहेब ने कहा था कि कलम तलवार से अधिक शक्तिशाली है। प्रो0 डॉ0. सुरेश बाबू, के.जी.एम.यू. ने कहा कि वे शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा को शेरनी का दूध कहा था। मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान दरअसल पूरे समाज का सम्मान है। चिकित्सा और विज्ञान के क्षेत्र में बहुजन समाज की भागीदारी बढ़नी चाहिए। तथागत बुद्ध का मध्यम मार्ग और बाबासाहेब का वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही हमें आगे ले जा सकता है।

प्रो. डॉ.एम.के.मोरे ने बहुजन साहित्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। जवाहर सिंह गंगवार' एडवोकेट फर्रूखाबाद ने संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय पर अपने विचार रखें, कार्यक्रम का संचालन मा. जगरूप शंखवार से.नि.एबीएसए ने किया। इस अवसर पर कईसाहित्यकार एवं मेधावी 40 बच्चों को साईकिल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बी.एल. गौतम, प्रेम चन्द्र, डॉ. सर्वेश सिंह, साहित्यकार वी आर अम्बेडकर, नेकराम बौद्ध, विनोद कनौजिया सक्रिय रुप से उपस्थित रहे।

भीषण सड़क हादसा

# खराब खड़ी डीसीएम में घुसी कार, एक की मौत, चार गंभीर

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मदनापुर रोड स्थित कांति फिलिंग स्टेशन के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पांच लोग कार से मदनापुर से वापस जलालाबाद लौट रहे थे। कांति फिलिंग स्टेशन के निकट अचानक कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खराब खड़ी एक डीसीएम में पीछे से जा घुसी। चीख-पुकार सुनकर दौड़े



स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुँचाया। जहाँ ?चिकित्सकों ने जाँच के बाद मोहल्ला प्रताप नगर निवासी अशोक गुप्ता उर्फ़ भोले पुत्र रामसागर गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। अशोक की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटियों को छोड़ गया है। हादसे में घायल अन्य चार युवको मे आकाश, रवि, सत्यम और अरुण शामिल है। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में उच्च चिकित्सा केंद्र भेज दिया गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जाँच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**खुटार, शाहजहांपुर।** खुटार-पुवायां मार्ग पर लक्ष्मीपुर मोड़ के समीप रविवार शाम करीब साढ़े आठ बजे हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव चढ़ारी निवासी 20 वर्षीय मलकीत सिंह अपनी मोटरसाइकिल से खुटार क्षेत्र के गांव पिपरिया भागवंत स्थित अपने ससुराल जा रहे थे। रास्ते में लक्ष्मीपुर मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के कर्मी रामेंद्र दुबे और सोमवीर गंगवार ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उनके पैर में गंभीर चोट होने पर बेहतर इलाज के लिए जिला



अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही ससुराल पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। घायल युवक ने बताया कि दुर्घटना में उसके एक पैर में फ्रैक्चर हो गया है। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

## भुंडा हरवंशपुर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, निकाली कलश यात्रा

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र के ग्राम भुंडा हरवंशपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने भाग लिया। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि कथा का वाचन पंडित सुरेश मिश्रा जी के श्रीमुख से किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर आयोजक अनिल सिंह, अमित सिंह, रामू सिंह, श्यामू सिंह, अमरपाल सिंह, सुखबीर सिंह,



समरपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की।

## खबरें एक नजर में

### अलग-अलग घटनाओं में छत से गिरकर युवती व बुजुर्ग घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** रविवार रात छत पर बंदरों का झुंड आ जाने से भयभीत युवती का जीने में पैर फिसल गया। जिससे वह नीचे जा गिरी और गम्भीर रूप से घायल हो गई। वही दूसरी घटना में एक बुजुर्ग छत से गिरकर घायल हो गए। दोनो को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। नगर के मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी 18 वर्षीय अर्शी शाम को छत पर गई थी। इसी दौरान पड़ोसी की छत से बंदरों का झुंड उसकी ओर दौड़ा। जिनसे भयभीत होकर वह जीने की ओर भागी। और पैर फिसलने से नीचे जा गिरी। एक अन्य घटना में नगर के मोहल्ला दिलाजाक निवासी 80 वर्षीय राम भरोसे रात सोने के लिए छत पर गए। उनका पैर फिसल गया और वह नीचे आ गिरे। परिजन तत्काल उन्हें सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें भी जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### ग्राम रामपुर नवदिया में कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, किसानों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र के ग्राम रामपुर नवदिया में कृषि विभाग द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के प्रभारी हेमपाल ने किसानों को मोटे अनाज (श्री अन्न) की खेती के लाभ, उसकी बढ़ती मांग तथा स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोबर की खाद के उपयोग और उसके लाभों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवेद आलम सहित कृषक बृजेंद्र कुमार, नन्हेंलाल, नन्हेकू, रामाश्रय मास्टर एवं अन्य ग्रामीण किसान उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम पंचायत रामपुर नवादिया में ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद किसानों एवं ग्रामीणों ने कृषि एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर संतोष व्यक्त किया।

### ब्रह्मदेव स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी शिवराम वर्मा द्वारा अपने खेत पर स्थित प्राचीन ब्रह्मदेव स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। पौराणिक परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन कराकर भंडारे की शुरुआत की गई। भंडारा प्रारंभ होते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी के बावजूद भक्तों में भक्ति, सेवा और श्रद्धा का उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह, फूलचंद शहजादे, हरिओम, चोखेलाल सहित अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में भी सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत होशीपुर में प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष रजीत सिंह तथा ग्राम पंचायत सुराही एवं टेहरा में श्रद्धालुओं द्वारा राहगीरों को शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच किए गए इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की।

### संकल्प संस्था ने किया मौलवी अहमद उल्ला शाह को नमन

**शाहजहांपुर।** रचनात्मक संस्था संकल्प के द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी मौलवी अहमद उल्ला शाह के बलिदान दिवस पर लोधीपुर स्थित उनके स्मारक



स्थल पर चादरपोशी व गुलपोशी कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर हाफिज अशफाक अली ने तिलाबते कुरान व संस्था संस्थापक डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष हिमांशु पाराशरी, जीसी मिश्रा, प्रमोद पांडेय, राकेश मिश्रा आदि उपस्थित। कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ इन्दु अजनबी ने किया।

## 13 वर्षीय बालक लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

खुदागंज क्षेत्र के ग्राम भुण्डा हरवंशपुर से एक 13 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों की तहरीर पर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस और परिजन सरगर्मी से किशोर की तलाश कर रहे हैं। ग्राम भुण्डा हरवंशपुर थाना खुदागंज, जनपद शाहजहाँपुर निवासी प्रदीप सिंह का 13 वर्षीय पुत्र निखिल सिंह बीते 6 जून 2026 की शाम करीब 4:00 बजे अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी रिश्तेदारियों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। इस संबंध में परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना खुदागंज में दिनांक 10 जून 2026 को मुकदमा अपराध संख्या (मुअसं.) 143/26, धारा 137(2) बीएनएस (ब्नहस) के तहत मामला पंजीकृत कर लिया गया है। इस संबंध में खुदागंज थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि बेटे के गुमशुदगी के संबंध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था जिसके आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किशोर की तलाश के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय कर दी गई है। लापता किशोर की तलाश जारी है।

## डीएम ने टॉपर छात्रों को कमला विशुन नरायन अवार्ड 2026 से किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2026 की परीक्षा में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान पर आने वाले यूपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड के टॉपर छात्रों को कमला विशुन नरायन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यूपी बोर्ड विद्यालय महेन्द्रपाल सिंह शान्ति देवी इण्टर कालेज जैतीपुर से जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले सत्यदेव व सीबीएसई बोर्ड विद्यालय फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल कृभको नगर पिपरौला से हाईस्कूल में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले अक्षत को नगद धनराशि



5000 रुपये व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इण्टरमीडिएट में यूपी बोर्ड विद्यालय माता रमा देवी इण्टर कालेज चिलौआ जलालाबाद से जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले विशाल व सीबीएसई बोर्ड विद्यालय तक्षशिला पब्लिक स्कूल से इण्टरमीडिएट में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले नवांश अग्निहोत्री को नकद धनराशि 5500 रुपये व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमला विशुन नरायन अवार्ड 2026 के आयोजक अवनेश अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार समेत छात्रों के माता पिता आदि उपस्थित रहे।

## अमृत योग सप्ताह के प्रथम दिवस सूक्ष्म अभ्यास का आयोजन

**पुवायां, शाहजहांपुर।** अमृत योग सप्ताह के प्रथम दिवस नगर पालिका परिषद पुवायां के चेयरमैन संजय गुप्ता एवं पुवायां इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जे.पी. मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दी जेंटलमैन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में राजा अजय वर्मा मेमोरियल हॉल, पुवायां इंटर कॉलेज पुवायां में 15 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले अमृत योग सप्ताह के पहले दिन योग साधकों को सूक्ष्म व्यायाम एवं योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर चेयरमैन संजय गुप्ता ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा चित्त एकाग्र रहता है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे प्रत्येक

- **योग करने से चित्त एवं तन दोनों स्वस्थ रहते हैं: चेयरमैन संजय गुप्ता**

व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक राजेश गुप्ता एवं सहसंयोजक अरुण शर्मा ने बताया कि योग प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है तथा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। योग सप्ताह के प्रथम दिवस लगभग 60 योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सुबोध वर्मा, राजीव शर्मा, संजय मिश्रा, अभय मिश्रा, कृष्ण शंकर ,रामसेवक राठौर, श्याम कुमार त्रिवेदी, विश्वमोहन, डॉ. बी.के. गुप्ता, सुनील सिंघानिया, दिनेश कुमार, जगदीश शर्मा तथा नगर पालिका परिषद से मधु सिंह, प्रदीप शर्मा, विनय मिश्र, वाजिद, रजनीश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करते हुए किया गया।

## अंशुल पांडेय मौत मामले में आरोपी महिला डॉक्टर का शांति भंग में चालान

- **परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर काटा जमकर हंगामा**
- **पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने कराया मामला शांत**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हाइवे पर हादसे में मारे गए अंशुल पांडेय मामले में आरोपी महिला चालक डॉक्टर का शांति भंग में चालान कर दिए जाने परिजनों ने देर रात कोतवाली में जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने मामला शांत कर रात में सभी को घर भेज दिया। लेकिन रविवार आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस पर गंभीर आरोपों की बौछार शुरू कर दिए। इस दौरान पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा कोतवाली पहुंचे। उनके समझाने के बाद पीड़ित परिवार के लोग शांत हुए।

बता दें कि शनिवार सुबह हाईवे स्थित भक्सी तिराहे पर हुए भीषण सड़क हादसे में गांव रुजवारी के अंशुल पांडे की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस मामले में दरोगा जगेंद्र प्रताप सिंह द्वारा कार चालक महिला डॉ अंकिता कपूर को कोतवाली लाये जाने और दरोगा द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया था। हाईवे भी जाम किया गया था। उक्त मामले में एसपी सौरभ दीक्षित ने दरोगा जगेंद्र प्रताप को लाइन हाजिर कर पूरे मामले की जांच सीओ इशिका सिंह को सौंप दी है।



पोस्टमार्टम के बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अंशुल पांडे का शव गांव पहुंचा। परिवार के लोगों ने महिला चालक डॉक्टर को जेल भेजने पर ही अंत्येष्टि करने की बात कही जिस पर पुलिस ने आश्वासन दिया था कि आरोपी डॉक्टर को जेल भेजा जाएगा। तब जाकर परिवार के लोगों ने अंत्येष्टि की। इसी दौरान रात में उन्हें पता लगा कि आरोपी महिला चालक डॉक्टर का केवल शांति भंग में चालान कर उसे छोड़ दिया गया है। इस पर परिवारी जन ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंचे। और पुलिस पर आरोपों की बौछार शुरू कर दी। और जमकर हंगामा काटा। दरोगा देवेश कुमार एवं गौरव कुमार ने मामले को बमुश्किल शांत कर उन्हें घर भेज दिया। रविवार की सुबह मृतक अंशुल पांडे के पिता अजीत पांडेय लोगों के साथ कोतवाली पहुंचे। और उन्होंने आरोपी महिला डॉक्टर को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की। इस दौरान लोगों की पुलिसकर्मियों से नोंकझोंक भी हुई। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा मृतक के पिता अजीत पांडेय से मिलने कोतवाली पहुंचे। पूर्व विधायक ने परिवार के लोगों द्वारा पुलिस से नाराजगी दिखाए जाने पर उन्होंने समझा बुझाकर मामले को शांत किया।

## हाइवे चौडीकरण के मद्देनजर खानपुर गांव में चिन्हित मकानों पर गरजी जेसीबी

- **सीओ इशिका सिंह, नायब तहसीलदार पूनम मधुकर के निर्देशन में हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई**
- **दर्जन भर दरोगा व भारी संख्या में सिपाही रहे तैनात**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भिंड लिपुलेख स्टेट हाइवे 29 को नेशनल हाईवे 30 से जोड़े जाने में आड़े आ रहे क्षेत्र के गांव खानपुर के करीब दो दर्जन मकानों के भारी पुलिस व प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की गई।



इस दौरान किसी भी विरोध की आशंका के चलते पूरा गांव छावनी में तब्दील रहा। सोमवार को सुबह करीब दस बजे ही कोतवाली क्षेत्र के गांव खानपुर में भारी पुलिस बल पहुंच गया। यहां एनएचए आई के अभियंता दिनेश सिंह के निर्देशन में जेसीबी गरजते ही ग्रामीणों की भरी भीड़ एकत्र हो गई। चूंकि गांव के मुख्य रास्ते के दोनों ओर बने मकानों पर कई माह पूर्व ही लाल निशान लगाए जा चुके थे। सो जेसीबी उक्त अतिक्रमण पर गरजने लगी। लोगों ने यहां सदर तहसील की नायब तहसीलदार पूनम मधुकर व सीओ इशिका सिंह से काफी मिन्नतें की कि उन्हें कुछ समय दे दिया जाए। वह स्वयं ही चिन्हित स्थलों के निर्माण को हटा लेंगे। इस पर अधिकारियों का दो टूक जवाब था कि कई माह पूर्व निशान लगाए जाने पर भी किसी ने अतिक्रमित निर्माण नहीं हटाया। और मशीन ने कई निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। अभियंता दिनेश सिंह ने बताया कि 15 मकानों को चिन्हित किए जाने के साथ ही कुछ चबूतरों को हटाया जाएगा। मुआवजे की बाबत किए गए सबाल पर अभियंता श्री सिंह ने बताया कि ग्रामीण मार्गों के चौड़ीकरण में मुआवजा देने का कोई प्राविधान नहीं हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार पूनम मधुकर, सीओ इशिका सिंह, इंचार्ज कोतवाल सुनील कुमार यादव, एसआई सौरभ शुक्ला, अनुज चौधरी रमेश कुमार वर्मा , नेपाल सिंह , नेहा सैनी समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## खेत में जानवर घुसने के विवाद में चार नामजद समेत पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**सिधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना सिधौली क्षेत्र के गांव जमदुइया में खेत में जानवर चले जाने को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस ने चार नामजद समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी इलियास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 जून को वह अपने जानवर चरा रहा था। इसी दौरान जानवर चरते-चरते फिरासत के खेत में पहुंच गए। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर फिरासत के बेटे जापान, शोएब, अफसर और हारून गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गन्ना गोड़ने वाली कशी से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में खुली चोट तथा कंधे पर चोटें आईं।

इलियास ने यह भी आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते उसका भतीजा मेहताब बाइक से गांव में मुंशी के मकान के सामने से गुजर रहा था, तभी शोएब व अफसर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे मेहताब के सिर में गंभीर चोट आई तथा कान के पास भी चोटें आईं। आरोप है कि घटना के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने इलियास की तहरीर के आधार पर जापान, शोएब, अफसर और हारून समेत पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## धूमधाम से मना टापर वाले बाबा का 16वां स्थापना दिवस

- **पूजा अर्चना के बाद हुआ विशाल भंडारा**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

परम सिद्ध ब्रह्मलीन टापर वाले त्यागी जी महाराज के 16 वें स्थापना दिवस पर बाबा की मूर्ति को स्नान आदि कराने और नवीन वस्त्र धारण कराए जाने के साथ पूजा अर्चना की गई। शाम को भोग अर्पण कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जो देर रात तक चला। नगर के स्टेशन रोड स्थित रस्तोगी धर्मशाला में ब्रम्हलीन त्यागी बाबा की मूर्ति की 14 जून 2011 में रस्तोगी धर्मशाला के स्वामी अशोक रस्तोगी ने परिजनों व सहयोगियों के सानिध्य में स्थापना कराई थी। तभी से बाबा का स्थापना दिवस प्रति वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। इसी क्रम में रविवार को सुबह नौ बजे पंडित अयोध्या प्रसाद शर्मा के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ अशोक रस्तोगी, हरिमोहन गुप्ता, वैभव रस्तोगी, सौरभ गुप्ता रवि, अशोक गुप्ता ठेकेदार,



सौरभ रस्तोगी, अरनब रस्तोगी, सिद्धार्थ गुप्ता आदि ने मूर्ति स्नान कराकर नवीन वस्त्र धारण कराए। पूजना अर्चना कर भोग अर्पण किया गया। शाम सात बजे से विशाल भंडारा शुरू हुआ। जो देर रात तक चला। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत भी गाये।

## बकाया भुगतान को लेकर कलेक्ट्रेट में रोजगार सेवकों का प्रदर्शन

- **बकाया भुगतान, राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने समेत अन्य मांगें रखी**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले जिला मुख्यालय पर रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम रोजगार सेवकों को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने, संतोषजनक मानदेय वृध्दि किए जाने, प्रत्येक माह समय से मानदेय भुगतान सुनिश्चित



करने हेतु पृथक बजट व्यवस्था किए जाने, मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों के हित में की गई घोषणाओं को तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने तथा मनरेगा योजना के बदलते स्वरूप में लागू होने जा रही बीबीजी रामजी योजना में ग्राम रोजगार सेवकों की भूमिका को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाए जाने की मांग की गई। रोजगार सेवकों ने कहा कि उन लोगों को पर्याप्त मानदेय सामाजिक सुरक्षा एवं सेवा संबंधी सविधाओं से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र सकारात्मक निर्णय ले। बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सेवकों ने सहभागिता करते हुए सरकार ने अपनी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की जाती है, तो 1 जुलाई को लखनऊ में प्रदेशभर के ग्राम रोजगार सेवक विधानसभा पर एकत्र होकर विशाल प्रदर्शन करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। कार्यक्रम में ललितेश शास्त्री प्रदेश उपाध्यक्ष, पिन्टू यादव जिलाध्यक्ष अंकित कुमार सिंह, मनोज वर्मा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सागर जिला महासचिव रविन्द्र पाल उत्तम मिश्रा, बलवीर यादव, सबील खान, महफूज खां, दाताराम, विमल शुक्ला, सुधा वर्मा, पूजा सिंह, सोनम सिंह, सोनी देवी, सुमन लत, बबली देवी, शीतल, अनीता, पूनम गुप्ता, कल्पना यादव, अनवीर वर्मा सुधीर कुशवाहा मनोज पाल, हीरालाल वर्मा, हरीश सिंह, अभिशेख यादव, अर्वेश वर्मा, धीरेन्द्र कुशवाहा, संजीव सिंह सतेन्द्र यादव श्यामविहारी वर्मा सदीप गुप्ता संतोष सिंह रविकांत अवनीश मिश्रा नवनीत यादव अक्षय मिश्रा जलज पाण्डेय अनुज शुक्ला रागुराम यादव धर्मेन्द्र मौर्या आदि रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# डीएम ने किया योग सप्ताह का शुभारंभ

## योग सप्ताह के शुभारंभ पर डॉ. अवधेश मणि ने कराएं योगासन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। शहीद संग्रहालय में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने भगवान धन्वन्तरि व महर्षि पतंजलि के चित्रों पर माल्यार्पण व समक्ष दीप जलाकर किया। डीएम ने कहा कि भागमभाग, तनाव, बढ़ती महत्वाकांक्षा के दौर में हम जीवन की लय को खोते चले जा रहे हैं। ऐसे समय में हम भारतीय संस्कृति की अमूल्य विधा, जिसके वैज्ञानिक गुणों, सिद्धांतों के कारण योग एक शीतल छांव की तरह है, जो हमारे मन प्राण और शरीर के सन्तुलन को बनाए रखकर हमारे जीवन पथ को निष्कण्टक करता है। योग विज्ञान संस्थान के जिला प्रधान डा. अवधेश मणि त्रिपाठी द्वारा योगासनों का अभ्यास कराया गया। मंच पर ज्योति गुप्ता, अखण्ड प्रताप , चिवनाथ पाल ने योगासनों का प्रदर्शन किया। अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा. सिराज अहमद अंसारी व जिला होम्योपैथ अधिकारी डा.शबीना नाज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कवि डा. इन्दु अजनबी के संचालन में हुए आयोजन में प्रमुख रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विवेक कुमार मिश्रा,अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, छावनी परिषद के मानद सदस्य अवधेश कुमार दीक्षित, जिला कार्यक्रम अधिकारी अविरल सिंह चन्देल, डा.मनु यादव, डा. संदीप सिंह, डा.राजीव कुमार, डा. शिवपूजन सिंह, विनीत मिश्रा, दपिन्दर कौर, मो. इमरान, अनुराग पाल, ऊषा कश्यप समेत अनेक लोगों ने योगाभ्यास किया।

# महेंद्र टी स्टॉल पर खाद्य विभाग टीम का तीसरी बार छापा

- नमक, अमचूर व मिक्स मसाला के भरे गए नमूने

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खाद्य विभाग की टीम ने नगर में छापामार कार्यवाही करते हुए महेंद्र टी स्टॉल से कई नमूने भरे। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बता दें कि तहसील के ठीक सामने स्थित महेंद्र टी स्टॉल पर खाद्य टीम ने कुछ ही महीनों में तीसरी बार नमूने भरे है। सोमवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष तिवारी के निर्देशन में खाद्य निरीक्षक अजीत सिंह व मनोज कुमार दोपहर करीब एक बजे महेंद्र टी स्टॉल पर पहुंचे। यहां से उन्होंने नमक, मिक्स मसाला व आमचूर पाउडर के नमूने भरकर सील किए। टीम ने खान पान पदार्थों एवं होटल पर साफ सफाई का भी जायजा लिया। जो दुरुस्त नहीं पाया गया।

इस मौके कई अधिवक्ता समेत तमाम लोग होटल पर पहुंच गए। अधिकारियों ने बताया कि महेंद्र टी स्टॉल पर शिकायत के तहत कार्यवाही की गई है। उधर बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने होटल पर साफ सफाई दुरुस्त न होने था खाद्य पदार्थों में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने की शिकायत की थी। जिसके तहत खाद्य विभाग टीम ने नमूने लिये हैं।

## खबरें एक नजर में

### विजय तन्हा को मिला अनागत मार्तण्ड सम्मान



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में संस्थान कार्यालय त्रिवेणी नगर में अनागत काव्य एवं सम्मान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर कर्नल गुर्जर लखनवी ने की। मुख्य अतिथि जी सी कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि सम्पत्ति कुमार मिश्र भ्रमर वैश्वारी थे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वाणी वंदना गिरिराज शर्मा ठेठ मलिहाबादी ने किया अनागत कविता आंदोलन के प्रणेता डॉक्टर अजय प्रसून की विशेष उपस्थिति रही। कुशल संचालन डॉ. आर एस विश्वकर्मा सजल ने किया। इस अवसर पर विजय तन्हा जी को अनागत मार्तण्ड सम्मान प्रदान किया गया जिसमें माल्यार्पण, शाल्यार्पण व सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

### युवती व मासूम बच्ची जहरीला पदार्थ सेवन करने से हुई अचेत, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरगढ़ निवासी शकुंतला देवी की दो वर्षीय पोती जानकी ने घर में रखे कीटनाशक की शीशी खोलकर फैला दी। कुछ दवा उसके मुँह में भी चली गई। बच्ची को अचेत होते ही वह उसे लेकर बिलखती हुई सीएचसी पहुंचीं। डॉ ने तत्काल बच्ची को प्राथमिक उपचार देकर जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इसी गांव की निवासी वंदना को भी संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ सेवन करने के चलते सीएचसी लाया गया।

### रेल संचालन संघर्ष समिति ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को सौंपा ज्ञापन, मैलानी-बरेली रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग की

**पूरनपुर।** रेल संचालन संघर्ष समिति पूरनपुर की ओर से केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को क्षेत्र की रेल समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा गया। समिति के कार्यकर्ताओं ने मैलानी से बरेली के मध्य रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार अपील की।समिति ने बताया कि मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तन के बाद भी पूरनपुर रेल खंड पर रेल सेवाएं सुचारु रूप से नहीं चल पा रही हैं। क्षेत्र में आम दैनिक यात्रियों की लाखों की संख्या को देखते हुए वर्तमान में मात्र एक एक्सप्रेस ट्रेन और सीमित सवारी गाड़ियों से स्थानीय जनता को भारी असुविधा हो रही है। व्यापारी वर्ग, अधिवक्ता, किसान, विद्यार्थी और आम नागरिक सभी इस समस्या से प्रभावित हैं।ज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि 21वीं सदी के भारत में पूरनपुर जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर रात भर आम यात्रियों के लिए कोई ट्रेन उपलब्ध न होना अत्यंत कष्टदायक है। समिति ने मांग की है कि मैलानी-बरेली रूट पर कम से कम चार जोड़ी सवारी गाड़ियां/लोकल ट्रेनें चलाई जाएं। साथ ही, वर्तमान में मैलानी से पीलीभीत तक चल रही ट्रेनों को बरेली तक विस्तारित किया जाए, ताकि पूर्व की भांति रात में भी पर्याप्त ट्रेनें उपलब्ध हो सकें।रेल संचालन संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा, 卐क्षेत्रीय जनता लंबे समय से इस समस्या से जूझ रही है। रेलवे प्रशासन और केंद्रीय मंत्री से हमारी अपील है कि आम जनता की इस वैध मांग को शीघ्र स्वीकार किया जाए और रेल सेवाओं को सुचारु बनाया जाए।卐यह ज्ञापन क्षेत्र की व्यापक जन भावनाओं को प्रतिबिंबित करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्रॉड गेज होने के बावजूद ट्रेनों की कमी से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार प्रभावित हो रहा है।रेलवे प्रशासन और मंत्री कार्यालय से अब इस मांग पर शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, देर रात नगरिया मोड़ चौकी क्षेत्र में हुआ हादसा

**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाइवे पर देर रात ट्रक ने एक बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे गम्भीर रूप से घायल हुए बाइक सवार को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार रात करीब साढ़े दस बजे शाहजहांपुर की से आ रही एक में नगरिया मोड़ क्षेत्र में हाईवे पर एक ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक फंसकर दूर तक घिसटती चली गई। जिसमें घायल लखीमपुर के बोधि खुर्द गांव निवासी अरविंद कुमार को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला मेडिकल भिजवा दिया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# परिवहन आयुक्त पहुंचे शाहजहांपुर, परिवहन अधिकारियों के साथ समीक्षा

- प्रशमन शुल्क लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित कराने को दिशा निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन द्वारा जनपद में एक दिवसीय भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत उन्होंने सर्वप्रथम कांट स्थित आटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेन्टर का निरीक्षण किया। तत्पश्चात डम्पिंग एवं डिटेन्शन यार्ड का निरीक्षण किया। जिसके बाद परिवहन आयुक्त नियामतपुर स्थित उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने एक-एक पटल पर जाकर पटल सहायकों से उनके कार्य प्रणाली की जानकारी ली। तत्पश्चात उपस्थित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई। परिवहन आयुक्त ने अधिकारियों को प्रशमन शुल्क लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने को निर्देश प्रदान किए। परिवहन आयुक्त द्वारा बकाये के सापेक्ष कम वसूली के दृष्टिगत 30 जून तक 20,000 रुपये से अधिक के सभी बकायेदारों को मांग पत्र प्रेषित करने के भी निर्देश दिये गये। जिस पर एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि जनपद में 20,000 रुपये से अधिक के बकाये के 1601 वाहन स्वामियों को पूर्व में मांगपत्र प्रेषित किये जा चुके हैं तथा शेष 2696 वाहन स्वामियों को शीघ्र ही मांग पत्र भेजे जायेंगे। कार्यालय के अभिलेखागार में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिये गये। परिवहन आयुक्त ने अधीनस्थों को कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में संलिप्त उत्तरदायी वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के विरुद्ध निलंबन व निरस्तीकरण की कार्यवाही शत-प्रतिशत अमल में लाई जाए। जिससे सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा, प्रवर्तन कार्यवाही एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। इस अवसर पर उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र कमल प्रसाद गुप्ता, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रणव झा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम, नव प्रोनन्नत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विकास कुमार यादव, यात्री-माल कर अधिकारी रामाश्रय प्रसाद गौतम आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों हेतु अलग से कोर्ट स्थापित कराई जाए

- सीनियर सिटीजन सोसाइटी ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




सीनियर सिटीजन सोसायटी द्वारा जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत पांडेय को मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी मांगों को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि वे जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। दिए गए ज्ञापन में बताया अन्य प्रदेशों की भांति उत्तर प्रदेश में भी वरिष्ठ नागरिक ट्रिब्यूनल की स्थापना की जाए तथा प्रत्येक जनपद में वरिष्ठ नागरिकों हेतु अलग से कोर्ट स्थापित कराया जाए, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को सुगमता से न्याय मिल सके। विद्युत विभाग शाहजहांपुर की बिजली व्यवस्था सही करने हेतु रिवैप योजना के अंतर्गत 164 करोड़ रूपया स्वीकृत किया गया, किंतु उसका उपयोग कहीं दिखाई नहीं देता। तमाम खंबे खराब हैं, बिजली के तार लटके हुए हैं, ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने से गर्मी के मौसम में जनता को बिजली नहीं मिल पा रही है तथा झूल रहे तारों से आए दिन दुर्घटना हो रही हैं। कृपया इसकी जांच कराई जाए। पुराने जिला अस्पताल में सिटी अस्पताल चालू कराया जाए, जहां पर्याप्तस्थान है तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्यालय भी यही है। मेडिकल कॉलेज शहर से दूर होने तथा वहां अधिकतर मरीजों को छात्रों द्वारा देखने से उचित चिकित्सा नहीं मिलती। अतः मांग की जाती है कि पुराने जिला अस्पताल परिसर में पर्याप्त स्थान होने पर इसे सिटी अस्पताल के रूप में चालू किया जाए। वृद्धा अवस्था एवं विधवा पेंशन में वृद्धि कर कम से कम 3000 प्रतिमाह किया जाए। जनपद स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासनिक स्तर पर प्रतिमाह बैठक का आयोजन किया जाए तथा समस्याओं का समाधान कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में उमेश चंद्र पाठक, सत्य प्रकाश तिवारी, राजेश शुक्ला, सर्वेश मिश्रा, मुरलीधर भोजपाल, राजेश द्विवेदी, राधेश्याम, दया शंकर अग्निहोत्री, जगत नारायण अवस्थी, श्रीराम वर्मा, मोहम्मद आमिल खान, संतोष दीक्षित, रामेंद्र मिश्रा, कमल शुक्ला शील, राम कुमार तिवारी, ओंकार मनीषी, जगत राम वर्मा, बाबू शाह। लाल रुखसार कुरेशी, सईद खान, राम सेवक, सुंदर लाल, हरी राम, जगत राम वर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

### विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के विषय पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**शाहजहांपुर।** शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 'विनोबा सेवा आश्रम, बरतारा, शाहजहाँपुर' में किया गया। शिविर की अध्यक्षता विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया के द्वारा किए गए। विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया के द्वारा वृद्ध जनों के अधिकारों के विषय में चर्चा करते हुए उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी अनिल कुमार वर्मा के द्वारा शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा बताया गया कि बुजुर्गों के साथ किसी भी प्रकार की उपेक्षा, प्रताड़ना या दुर्व्यवहार होने पर उन्हें कानून के माध्यम से सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, योग्य व्यक्तियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से आपसी विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान तथा लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 18001805235 के बारे में जानकारी दी। विनोबा सेवा आश्रम के प्रबंधक ब्रह्मदेव के द्वारा वृद्ध जनों के अधिकारों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई, शिविर के अंत में ब्रह्मदेव जी ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर में अंजलि, डॉ संजीव एवं वृद्ध जन एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# 'आउटसोर्स व संविदा कार्मिकों के साथ सौतेला व्यवहार आखिर कब तकः अमित अल्प'

- जिलाध्यक्ष उप्रआसका संघ अमित अल्प ने मंत्री जितिन प्रसाद को कार्मिकों की समस्या से रूबरू कराते हुए सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश आउटसोर्स एवं संविदा कर्मचारी संघ पीलीभीत के जिलाध्यक्ष अमित अल्प ने केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद जी को एक ज्ञापन सौंपते हुए आउटसोर्स एवं संविदा कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए प्रमुखता से कार्मिकों की मांगे रखीं। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमित अल्प ने मंत्री जी से कहा कि शासकीय अर्धशासकीय कार्यालयों में सेवा प्रदाता एजेन्सियों के माध्यम से कर्मचारी तैनात हैं। ये कर्मचारी सालों से पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से क्षमता से अधिक कार्य कर रहे हैं। बावजूद इसके कि इन कार्मिकों को कुछ प्रोत्साहन दिया जाये उनका निर्धारित मानदेय भी समय पर नहीं मिल पाता है। शासन स्तर से समय से बजट न मिलने की समस्या लगभग सभी विभागों में समान है। जिसको लेकर एक विनम्र प्रश्न भी रखा गया कि विभागों में अन्य शासकीय कर्मचारियों के बजट यदि शासन स्तर से समय से मिल सकते हैं तो इन विभागों में सबसे अधिक कार्य करने, सबसे अधिक शोषण झेलने वाले, और सबसे कम मानदेय पाने वाले कर्मचारी को समय पर वेतन देने के लिए समय पर बजट पारित करने में उच्च स्तरीय व्यवस्था को इतनी समस्या क्यों आती है? इसके साथ ही जिलाध्यक्ष ने कार्मिकों की प्रमुख मागों को मंत्री जी के समक्ष रखा जो कुछ इस प्रकार रहीं। माध्यमिक शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों रूका हुआ मानदेय जल्द दिलवाया जाये। आउटसोर्स कर्मचारियों हेतु ऐसी व्यवस्था प्रभावी की जाये जिसमें नौकरी निर्धारित समय तक के लिए सुरक्षित हो। राज्य सरकार द्वारा प्रभावी किये जा रहे आउटसोर्स सेवा निगम को शीघ्र प्रभावी कर निगम के माध्यम से कार्मिकों का मानदेय भुगतान किया जाये।

# पुलिस ने अभियान चलाकर 1827 वाहनों के काटे चालान

- 28 ड्रंकन ड्राईविंग, 5 मॉडिफाइड साइलेंसर, 102 प्रेशर हॉर्न व हूटर, 261 तेज गति, 488 चालान बिना हेलमेट लगाए मिले

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस द्वारा ड्रंकन ड्राइविंग, मॉडिफाइड साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न' के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की गयी। यातायात निदेशालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्युओं की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य की प्राप्ति के क्रम में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा तथा प्रभारी निरीक्षक यातायात के नेतृत्व में थाना मदनापुर, थाना सिंधौली, थाना खुटार व थाना पुवायां में स्थित टोल प्लाजा पर सम्बन्धित थानों की सीसी टीम एवं अन्य पुलिस बल के साथ सप्ताहांत बीती शाम विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया एवं चेकिंग के दौरान परिवार के साथ यात्रा करने वाले व्यक्तियों से टोल प्लाज पर उनसे हाल-चाल व समस्याओं के बारे में पूछा गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करने तथा सुरक्षित वाहन संचालन हेतु प्रेरित किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान नशे की अवस्था में वाहन चलाते पाए गए वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई। इस क्रम में 28 चालान ड्रंकन ड्राईविंग, 5 चालान मॉडिफाइड साइलेंसर, 102 चालान प्रेशर हॉर्न व हूटर, 261 चालान तेज गति से चलने वाले वाहनों व 488 चालान बिना हेलमेट सहित कुल 1827 चालान एमवी एक्ट के तहत किये गये। उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चैराहों एवं तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

# स्वास्थ्य, पोषण एवं जनकल्याण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा स्वास्थ्य, पोषण एवं जनकल्याण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य, पोषण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित चार्ट, पोस्टर, फ्लैश कार्ड प्रतियोगिता और रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। ष्सेवा, सुशासन, विकास एवं जन-जागरूकताष् थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी. बी. सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलपति महोदय के संदेश का वाचन भी किया गया जिसमें कहा गया कि विकसित भारत का निर्माण केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि शिक्षित, जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिकों के सक्रिय योगदान से ही संभव है। युवाओं को नवाचार, उद्यमिता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्रहित के प्रति समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और विश्वविद्यालय इस दिशा में जन-जागरूकता एवं बौद्धिक विमर्श के माध्यम से अपना योगदान देता रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शिशिर शुक्ला जी ने अपने उदबोधन में स्वास्थ्य, पोषण और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी और कहा स्वास्थ्य, पोषण एवं जनकल्याण जागरूकता कार्यक्रम जन-जागरूकता और समुदाय के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम संयोजक गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विनीता राठौर ने सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनकल्याणकारी योजनाएँ, जैसे मिशन पोषण, पीएम पोषण योजना, निक्षय पोषण योजना, आयुष्मान भारत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर,जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, रोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं के बारे मे बताया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में कला संकायाध्यक्ष प्रोफेसर आलोक मिश्रा और समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पूनम ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने बाली छात्राओं प्रोत्साहित किया। प्रथम स्थान पर नैना गुप्ता, द्वितीय स्थान पर रिफा, तृतीय स्थान पर काकुल तथा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाली सेजल और नैनसी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिवांगी त्रिपाठी, प्रेरणा कश्यप एवं भारी संख्या में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में डा. नमिता शुक्ला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर थाना सदर प्रभारी राजीव कुमार ने किया रक्तदान



**शाहजहांपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में थाना सदर प्रभारी राजीव कुमार ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। रक्तदान के माध्यम से उन्होंने समाज को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का संदेश दिया। इस अवसर पर राजीव कुमार ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और एक यूनिट रक्त किसी गंभीर मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। उन्होंने युवाओं से भी रक्तदान के प्रति जागरूक होने और समाजहित में आगे आने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लोगों ने पुलिस के इस मानवीय और प्रेरणादायक कार्य की सराहना की।

### सूचना

मैं BISNU BAHADUR KUNWAR आर्मी नं.Jc-613369F रैंक- sub, मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरे पुत्र AYUSH KUNWAR का नाम त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक सही नाम AAYUSH KUNWAR है व जन्मतिथि 05 जुलाई 2010 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि वास्तविक सही जन्मतिथि 07 जुलाई 2010 है।

## महंगा होता इलाज

ऐसे वक्त में जब महंगाई के कारण जीवनयापन कठिन हो रहा है, नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी यानी एन.पी.पी.ए. द्वारा कुछ जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में वृद्धि की इजाजत देना कमजोर वर्गों के लिए 'कंगाली में आटा गीला होना' जैसा है। एन.पी.पी.ए. द्वारा जिन दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की इजाजत दी गई है, उनमें कुछ कैंसर की दवाएं, एंटी-टेटनस सीरम और बच्चों के टीकों की कीमतों में पचास प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। निश्चय ही यह फैसला पब्लिक हेल्थ पॉलिसी से जुड़ी विसंगतियों को दर्शाता है। निस्संदेह, भारत जैसे देश में जरूरी दवाओं को सस्ता रखना बेहद जरूरी है, जहां बहुत से परिवार इलाज का खर्च अपनी जेब से उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर, यह भी जरूरी है कि जीवनरक्षक दवाओं की बाजार में सहज उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बहुत संभव है कि अमेरिका-ईरान युद्ध संकट से बाधित आपूर्ति श्रृंखला के चलते कुछ दवाइयों व टीकों की कीमतों में बढ़ोतरी को तार्किक बताया जाए, लेकिन चिकित्सा व्यवस्था में अमीर-गरीब की आर्थिक क्षमता को लेकर उठने वाले सवाल न्यायसंगत ही कहे जाएंगे। दरअसल, एन.पी.पी.ए. ने दवाओं की कमी और बढ़ती लागत को कीमत वृद्धि का कारण बताया है। दलील दी गई कि यदि दवा बनाने वाली कंपनियां इनकी उत्पादन लागत नहीं निकाल पाती हैं तो वे खुले बाजार में इन दवाइयों की आपूर्ति बंद कर सकती हैं। लेकिन इसके बावजूद गरीब तबके की सीमाओं और आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। बहरहाल, इस बाबत दी गई दलीलों के बावजूद एक सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता कि इस देश में करोड़ों लोग बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च उठाने के लिए संघर्ष करते हैं। निर्विवाद रूप से कैंसर के इलाज और बच्चों को बीमारियों से बचाने वाली दवाइयों की कीमतों में पचास फीसदी बढ़ोतरी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गहरे आर्थिक संकट में डाल सकती हैं। मरीजों के लिए इलाज के खर्च में दवाओं के अलावा, रोग की जांच, दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़े अस्पतालों तक की यात्रा, अस्पताल में भर्ती होने का खर्च तथा इस दौरान होने वाली आय की हानि भी शामिल होती है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में वृद्धि का अतिरिक्त बोझ उन्हें इलाज और जीवित रहने के बीच कई मुश्किल फैसले लेने को मजबूर कर सकता है। इसका समाधान किफायती होने और उपलब्धता के बीच चयन करने में नहीं है, बल्कि एक ऐसा तंत्र विकसित करने में है, जो दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। सरकार को सरकारी अस्पतालों के लिए दवा खरीद व्यवस्था को पारदर्शी व मजबूत बनाने की जरूरत है। उसे सरकारी अस्पतालों के जरिये बिना किसी बाधा के दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में जरूरी दवाइयों को भी शामिल करना चाहिए, जिससे खास सब्सिडी के जरिये गरीब मरीजों को अचानक कीमतों में बढ़ोतरी से बचाया जा सके। इसके अलावा, दवाइयों की कीमतों से जुड़ी नीतियों की समय-समय पर समीक्षा भी होनी चाहिए, जिससे पता चल सके कि वास्तव में दवाइयों की लागत में कितनी वृद्धि हुई है।

# एफटीए विकसित भारत के लिए नई व्यापार संरचना का निर्माण कर रहे हैं



राजेश अग्रवाल

विकसित भारत का विज़न हासिल करने के लिए अगले दो दशकों तक आर्थिक विकास की उच्च दर बनाए रखना ज़रूरी है। भारत का विशाल घरेलू बाजार इस विकास के लिए एक महत्वपूर्ण इंजन है, लेकिन केवल इसी पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। वैश्विक प्रतिस्पर्धी पैमाने और वास्तविक तकनीकी परिवर्तन हासिल करने के लिए, भारत मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के नेटवर्क के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ मजबूती से एकीकृत हो रहा है। जहां डब्ल्यूटीओ समझौते नियम-आधारित वैश्विक व्यापार प्रणाली के लिए आधारशिला प्रदान करते हैं, वहीं एफटीए इच्छुक साझेदारों को डब्ल्यूटीओ आधारशिला पर आगे बढ़ाते हुए रुचि के अन्य क्षेत्रों में अधिक गहराई से एकीकरण करने में सक्षम बनाते हैं। आर्थिक एकीकरण और साझेदार देशों के अनुसार नियम बनाने के महत्वपूर्ण चालक के रूप में वर्तमान में लागू 384 अधिसूचित एफटीए अपनी उपयोगिता रेखांकित करते हैं। ये एफटीए महत्वपूर्ण बाजार तक पहुंच बनाने और भारतीय व्यवसायों को वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के अनिश्चित हालात से बचाने के लिए संस्थागत रूपरेखा (ब्लूप्रिंट) हैं।

वैश्विक आर्थिक अवसरों तक पहुंच भी उन भारतीय व्यवसायों के लिए जरूरी है, जो बड़े पैमाने पर काम करके वैश्विक चैम्पियन के तौर पर उभरना चाहते हैं। लेकिन फायदा केवल बड़े व्यवसायों तक सीमित नहीं है; एफटीए स्टार्ट-अप, एमएसएमई, किसानों, मछुआरों और भारतीय प्रतिभा के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर के द्वार खोलते हैं, जो अपनी क्षमताओं का विश्व स्तर पर लाभ उठाना चाहते हैं। ये बाध्यकारी प्रतिबद्धताएँ टैरिफ, सेवा बाजार तक पहुंच और पारदर्शी व्यापार नियमों को शामिल करती हैं, जिससे भारतीय व्यवसायों को लंबी अवधि के निवेश के लिए भरोसेमंद वातावरण मिलता है।

भारत की व्यापार बातचीत की रणनीति काफी विकसित हो चुकी है, और इसका ध्यान उन पूरक अर्थव्यवस्थाओं पर है, जो वस्तु और सेवाओं के लिए मुख्य निर्यात बाजार के रूप में काम करती हैं। हाल के मुक्त व्यापार समझौतों का एक मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय संघ, यूके और ऑस्ट्रेलिया जैसे महत्वपूर्ण बाजारों में समान अवसर प्राप्त हों। यह समानता विशेष रूप से वस्त्र, परिधान और जूते जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के लिए जरूरी है, जहां ऐतिहासिक रूप से भारतीय उत्पादों पर भारी टैरिफ लगता रहा है, जबकि प्रतिस्पर्धियों को शुल्क मुक्त पहुँच मिलती है। कनाडा, इज़राइल और ईएईयू और



*भारत की एफटीए नीति टुकड़ों में नहीं है, या देश-दर-देश नहीं है। यह जानबूझकर ऐसी पूरक अर्थव्यवस्थाओं को लक्षित करती है, जिनकी वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में दो-तिहाई और वैश्विक आयात मांग में 75 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। सबसे जरूरी बात यह है कि इन एफटीए पर बातचीत हितधारकों की निरंतर भागीदारी और संपूर्ण सरकार दृष्टि पर निर्भर करती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि व्यापार नीति भारत के औद्योगिक विकास, नवाचार और सामाजिक-आर्थिक प्रगति जैसी व्यापक प्राथमिकताओं के अनुरूप है और समझौते इस तरह से बनाए जाएँ कि संवेदनशील क्षेत्र और आबादी सुरक्षित रहें। खास तौर पर, एफटीए में ऐसे मज़बूत प्रावधान शामिल किये जाते हैं, जिनसे यह सुनिश्चित होता है कि भारतीय बाजार को खोलने से घरेलू हितधारकों को नुकसान नहीं होगा। संवेदनशील और रणनीतिक क्षेत्र में उदारीकरण लंबे समय में धीरे-धीरे किया जाता है, ताकि स्थानीय उद्योगों को तालमेल बिठाने का समय मिल सके। कृषि जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों को एमएसएमई और किसानों की सुरक्षा के लिए बाहर रखा गया है, साथ ही अचानक आयात बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा उपाय भी मौजूद हैं। अंतिम लक्ष्य एक सुदृढ़ और तालमेल व नियम-आधारित व्यापार इकोसिस्टम है, जिसमें भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार का बड़ा हिस्सा शामिल हो।*

एमईआरसीओएसयूआर जैसे समूहों के साथ भी भारत व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है।

सेवाएँ भारत की निर्यात रणनीति और इसके एफटीए वार्ताओं के केंद्र में हैं। सीमापार डिजिटल डिलीवरी पर पक्के वादे करके, हाल के एफटीए, तेजी से बढ़ते वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) इकोसिस्टम, तकनीकी स्टार्टअप्स और डिजिटल नवोन्मेषियों के बीच निवेशकों के भरोसे को बढ़ाने में मदद करते हैं।

डिजिटल डिलीवरी सेवाओं के अलावा, एफटीए ने भारत को वार्ताओं में नए तरीके अपनाने का मौका दिया है, जिससे ऐसी बाध्यकारी प्रतिबद्धताएँ हासिल हुई हैं, जो भारतीय प्रतिभा, खासकर युवाओं के आवागमन को बढ़ाती हैं। मुख्य उपलब्धियों में शामिल हैं - छात्र और पेशेवरों के लिए आवागमन प्रावधान और साइड-लेटर, भारत-यूके दोहरा योगदान समझौता (डीसीसी) जैसे फ्रेमवर्क, जो अस्थायी कार्य के लिए दोहरी सामाजिक सुरक्षा कराधान को रोकते हैं, और योग जैसे खास क्षेत्रों में आवागमन अधिकार।

भारत के नई पीढ़ी के एफटीए की एक विशेषता व्यापार और निवेश के बीच गहरे संबंध को मान्यता देना है। प्रमुख वैश्विक बाजारों तक पहुंच प्रदान करके और प्रमुख निर्माण सामग्री के आयात को आसान बनाकर, यह नेटवर्क बढ़ती मांग के साथ मिलकर भारत को निर्माण और निवेश के लिए बेहद आकर्षक गंतव्य बनाता है।

हाल के समझौते और आगे बढ़ते हुए बाजार तक पहुंच को निवेश परिणामों से सीधे जोड़ते हैं। इसका प्रमुख उदाहरण है, भारत-ईएफटीए समझौता, जिसमें यह शर्त रखी गयी है कि ईएफटीए देशों को भारतीय बाजार तक पहुंच तभी मिलेगी, जब वे 100 बिलियन डॉलर के एफडीआई का वादा करेंगे और भारत में दस लाख नौकरियां पैदा करेंगे। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए में भी ऐसे ही प्रावधान हैं, जिनके तहत लंबे समय के निवेश के वादे के बदले भारत के विशाल उपभोक्ता बाजार तक पहुंच की सुविधा दी गयी है।

आधुनिक व्यापार अब केवल टैरिफ तक सीमित नहीं है; इसके लिए 21वीं सदी के आयामों को समझना और नियमों पर ध्यान देना जरूरी है, जैसे व्यापार में तकनीकी बाधाएं (टीबीटी), स्वच्छता और पादप-स्वच्छता से जुड़े उपाय (एसपीएस), और व्यापार सुगमता (टीएफ)। भारत के अगली पीढ़ी के एफटीए इन रूपरेखाओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

अक्सर, टैरिफ़ की तुलना में उत्पाद मानक और अन्य नियामक आवश्यकताएँ बाजार तक पहुँचने में ज़्यादा बड़ी रुकावटें पैदा करती हैं। भारत के एफटीए में नियामक समन्वय और सहयोग के प्रावधान भारतीय निर्यातकों के संदर्भ में इन बाधाओं को कम करने के लिए व्यवस्थित व संस्थागत तरीके प्रदान करते हैं।

पर्यावरण और श्रम मानक व्यापार में संभावित बाधाओं के रूप में उभर रहे हैं और इनके लिए उपाय न करना अब कोई विकल्प नहीं है। भारत के नए एफटीए इन चिंताओं को दूर करने के लिए ऐसी सहयोगात्मक व्यवस्था पेश करते हैं, जिससे भारतीय हितों को नुकसान न पहुंचे। ये वैश्विक साझेदारों को भरोसा दिलाते हैं कि भारत मानकों के मामले में सबसे निचले स्तर पर पहुँचने की होड़ से बचते हुए, वास्तविक नवाचार और बड़े पैमाने पर काम करके प्रतिस्पर्धी बढ़त हासिल करना चाहता है।

भारत की एफटीए नीति टुकड़ों में नहीं है, या देश-दर-देश नहीं है। यह जानबूझकर ऐसी पूरक अर्थव्यवस्थाओं को लक्षित करती है, जिनकी वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में दो-तिहाई और वैश्विक आयात मांग में 75 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

सबसे जरूरी बात यह है कि इन एफटीए पर बातचीत हितधारकों की निरंतर भागीदारी और संपूर्ण सरकार दृष्टि पर निर्भर करती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि व्यापार नीति भारत के औद्योगिक विकास, नवाचार और सामाजिक-आर्थिक प्रगति जैसी व्यापक प्राथमिकताओं के अनुरूप है और समझौते इस तरह से बनाए जाएँ कि संवेदनशील क्षेत्र और आबादी सुरक्षित रहें।

खास तौर पर, एफटीए में ऐसे मजबूत प्रावधान शामिल किये जाते हैं, जिनसे यह सुनिश्चित होता है कि भारतीय बाजार को खोलने से घरेलू हितधारकों को नुकसान नहीं होगा। संवेदनशील और रणनीतिक क्षेत्र में उदारीकरण लंबे समय में धीरे-धीरे किया जाता है, ताकि स्थानीय उद्योगों को तालमेल बिठाने का समय मिल सके। कृषि जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों को एमएसएमई और किसानों की सुरक्षा के लिए बाहर रखा गया है, साथ ही अचानक आयात बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा उपाय भी मौजूद हैं।

अंतिम लक्ष्य एक सुदृढ़ और तालमेल व नियम-आधारित व्यापार इकोसिस्टम है, जिसमें भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार का बड़ा हिस्सा शामिल हो। जमीनी स्तर पर निवेश करने और मूल्य-श्रंखला लिंक बनाने के जरिए, रणनीतिक एफटीए भारतीय व्यवसायों को उस चीज़ पर ध्यान केंद्रित करने की स्वतंत्रता देंगे, जो वास्तव में मायने रखती है : नीतिगत अनिश्चितता और नियामक बाधाओं की परेशानी से मुक्त होकर विस्तार करना, नवाचार करना और विपणन करना।

**(लेखक वाणिज्य मंत्रालय के सचिव हैं।)**

विचार

# प्रदेश में रेशम उत्पादन से ग्रामीण महिलाओं, किसानों को मिलेगा स्वरोजगार

*अमरेश कुमार*

रेशम एक जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आधारित उत्पाद है। प्रदेश में रेशम उत्पादन की अपार सम्भावनायें विद्यमान है। रेशम कृषि किसानों के आय संवर्धन में विशेष भूमिका निभाने में सक्षम है। किसानों को जागरूक कर रेशम कृषि से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार विशेष प्रयास कर रही है। रेशम उत्पादन के लिए किसान-जन सामान्य में अतिरिक्त आय के श्रोत बनाने के लिए जागरूकता के साथ-साथ विभिन्न सरकारी सहयोग भी प्रदान किये जा रहे है। प्रदेश सरकार कृषकों की आय में वृद्धि के लिए कृषि विविधीकरण पर विशेष बल दे रही है। उत्तर प्रदेश में रेशम उद्योग तीव्र गति से बढ़ रहा है। गत 10 वर्षों में प्रदेश से रेशम निर्यात के क्षेत्र में 28 गुना की वृद्धि हुई है, जो कि अन्य कृषि सेक्टरों की अपेक्षा सर्वाधिक है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में रेशम उत्पादन के कार्य को रोजगार से जोड़ते हुए प्रदेश के 57 जनपदों में संचालित किया गया है। इसमें महिलाओं और युवाओं को ग्रामीण परिवेश में ही स्वरोजगार के असीम अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश में दर्पण योजना के अन्तर्गत प्रथम बार केन्द्रीय रेशम बोर्ड सहायतित सिल्क समग्र-2 योजना तथा जागरूकता एवं प्रशिक्षण योजना को सम्मिलित किया गया है।

प्रदेश में रेशम वस्त्र उद्योग इकाईयों की स्थापना को प्रोत्साहित किये जाने हेतु राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत 09 राजकीय क्षेत्रों (कुशीनगर, बलरामपुर, गोण्डा, लखीमपुर, श्रावस्ती, महराजगंज, बस्ती, औरैया एवं सहारनपुर) तथा सी0डी0पी0 योजनानतर्गत 02



राजकीय क्षेत्रों में (पीलीभीत एवं बहराइच) तथा 01 निजी क्षेत्र (गोरखपुर) में इस प्रकार कुल 12 रेशम धागाकरण कार्य हेतु नई मल्टीइण्ड रीलिंग इकाईयों की स्थापना की गयी है।

प्रदेश को रेशम उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु रेशम फर्मो पर रेशम से संबंधित क्रिया-कलापों को बढ़ावा दिये जाने हेतु 131 नयी रेशम सहकारी समितियों का गठन किया गया है। प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में रेशम धागे का उत्पादन दोगुना हो गया है। रेशम धागे का उत्पादन 2025-26 में लगभग 480 मीट्रिक टन हो गया है। राजकीय रेशम फार्मों की क्षमता के अनुसार प्रभावी बनाने एवं बेहतर प्रबंधन के लिए फार्म ऑनलाइन मैनेजमेन्ट मॉडयूल तैयार किया गया है। प्रदेश में पं. दीन दयाल उपाध्याय 'रेशम रत्न सम्मान' कुल 06 श्रेणियों में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार के अन्तर्गत 18 पुरस्कार यथा ककून उत्पादन (किसानों द्वारा), श्रेणी 1 (ब) ककून उत्पादन में नवाचार (कार्मिकों द्वारा), श्रेणी 1 (स) रेशम से तैयार उत्पाद में नवाचार (व्यापारी/ एन0जी0ओ0/ बुनकर/कम्पनी/ ट्रस्ट/को-ऑपरेटिव सोसाइटी इत्यादि), श्रेणी 2 (अ) सर्वोच्च कोया क्रेता/धागा विक्रय, श्रेणी 2 (ब) सर्वाधिक वस्त्र विक्रेता (रेशम फिनिश्ड प्रोडक्ट), श्रेणी-3 (अ) सर्वोत्तम डिजाइनिंग (रेशम निर्मित परिधान), श्रेणी 3 (ब) सर्वोत्तम डिजाइनिंग (रेशम निर्मित अन्य उत्पाद) एवं श्रेणी 4 लाइफटाइम एचीवमेंट से मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया तथा 05 दिवसीय राज्य स्तरीय सिल्क एक्सपो का आयोजन भी किया गया। केन्द्र एवं राज्य पोषित संचालित योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिये पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेशम मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। प्रदेश में रेशम उद्योग के प्रचार-प्रसार एवं आम जनमानस को शुद्ध रेशमी वस्त्रों की पहचान तथा रेशम उत्पादन से संबंधित क्रिया-कलापों से परिचित कराने के उद्देश्य से रेशम निदेशालय, उ0प्र0 में सेन्टर ऑफ **एक्सीलेन्स स्थापित किये जाने की** कार्यवाही की जा रही है, जिसमें Soil to Silk के प्रदर्शन एवं शुद्ध रेशमी वस्त्रों/परिधानों की बिक्री हेतु शोरूम भी उपलब्ध कराया जायेगा।

एफ0पी0ओ0 के माध्यम से रेशम उत्पादन कार्यक्रम को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से जनपद बहराइच, गोण्डा एवं फतेहपुर के एफ0पी0ओ0 के त्रिपक्षीय एग्रीमेन्ट का सम्पादन किया गया है, जिस हेतु केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बंग्लौर द्वारा रु. 371.5625 लाख केन्द्रांश सहायता अवमुक्त की गयी है।

प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री जी के कुशल निर्देशन में प्रदेश में जनपद बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर, सीतापुर, गोण्डा, बलरामपुर, बस्ती, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बिजनौर एवं सहारनपुर में प्रथम बार राज्य पोषित ''मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना'' वर्ष 2025-26 से 2034-35 तक 13,500 कृषकों की निजी भूमि पर 9,000 एकड में शहतूत वृक्षारोपण कर 360 मी0 टन रेशम धागे का अतिरिक्त उत्पादन किया जायेगा। जनपद मिर्जापुर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय रेशम प्रशिक्षण संस्थान, बरकछा में कृषकों को रेशम क्रियाकलापों का निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

***(लेखक अपर जिला सूचना अधिकारी हैं)***

साहित्य



## सिर्फ... नाविक थे न

**संजय एम तराणेकर**

समुद्री लहरों से लड़ते-लड़ते,
जीवन जिनका यूं बीत गया।
इस देश की साँसें चलती रहीं,
उनका नाम कहाँ पे खो गया।
वे सीमा पर सैनिक नहीं थे,
न ही पदकों के अधिकारी थे।
पर सागर की हर गहराई में,
वह तो भारत के पहरेदार थे।
यूं तूफानों से आँख मिलाकर,
जिन्होंने एक राह बनाई थी।
तेल, व्यापार और सपनों की,
नदियाँ हरेक घर तक लाई थीं।
ये माह-महीनों घर से दूर रहे,
अपनों की यादों में सँजोए हुए।
हर एक लहर पर विश्वास रखे,
स्व-कर्तव्यों की लौ जलाए हुए।
एक दिन अचानक मौत आई,
हमले का आवरण ओढ़ के गई।
समुद्र की गोद में छिपके समाई,
दुनिया पूछे वे सैनिक थे क्या?

*(संदर्भ - अमेरिकी हवाई हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत)*



## राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतें।

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। खर्च अधिक होगा। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**कर्कः-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न कीजिएगा।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेगा।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिकः-** गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

**धनुः-** गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मानसिक रूप से भी कुछ अस्वस्थता का अनुभव होगा।

**कुंभः-** प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा और पदोन्नति के योग हैं।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातः काल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा न करिएगा।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने बरेली में बढ़ाया महिला सशक्तिकरण

उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना आधी आबादी के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन का एक बेहद मजबूत और जीवंत माध्यम बनकर उभरी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अकेले बरेली जनपद में अब तक कुल 74,153 ऋण वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से 22,054 ऋण विशेष रूप से महिलाओं को उनके स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

स्थानीय स्तर पर प्रशासन द्वारा महिलाओं के आवेदनों को सर्वाधिक प्राथमिकता के आधार पर बैंकों को भेजकर त्वरित ऋण स्वीकृति सुनिश्चित कराई गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। बरेली की ये 22 हजार से अधिक आत्मनिर्भर महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, टिफिन सेवा, अचार-मुरब्बा निर्माण और पापड़-बड़ी निर्माण जैसे विभिन्न लघु व्यवसायों को अपनाकर न केवल अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी एक युगांतरकारी बदलाव ला रही हैं।

इस सफलता की कई अनूठी मिसालें बरेली के कोने-कोने में बिखरी हैं, जहाँ सीबीगंज की पिंकी जायसवाल ने पहले चरण में मिले 10 हजार रुपये के ऋण से सिलाई मशीन की मरम्मत कराकर अपना सिलाई का व्यवसाय शुरू किया और फिर समय पर भुगतान कर 20 हजार रुपये का दूसरा ऋण प्राप्त



किया, जिससे वे आज एक अन्य महिला सहायक को रोजगार देने में सक्षम हुई हैं।

इसी तरह प्रेमनगर की गुड़िया यादव ने इस वित्तीय सहायता से अपनी टिफिन सेवा की शुरुआत की, जो आज प्रतिदिन लगभग 100 ग्राहकों तक पहुंच रही है, जबकि कालीबाड़ी की रचना गुप्ता ने अचार-मुरब्बे के कारोबार से प्रतिमाह लगभग 15 हजार रुपये की बचत सुनिश्चित की है और हरूनगला की पुष्पा ने पारंपरिक पापड़-बड़ी उद्योग को विस्तार देकर अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

बरेली जनपद का यह अनुकरणीय और प्रेरक मॉडल वास्तव में उस व्यापक बदलाव की एक छोटी सी बानगी है, जो आज पूरे उत्तर प्रदेश में राज्य स्तर पर देखने को मिल रही है। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के वैश्विक संकट के बाद शुरू हुई पीएम स्वनिधि योजना पूरे प्रदेश के रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों और छोटे दुकानदारों के लिए एक सुरक्षा कवच साबित हुई है, जिसने उन्हें साहूकारों के चंगुल से मुक्त कराकर बिना किसी गारंटी के आसान कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया।

उत्तर प्रदेश शासन ने इस योजना को एक बड़े मिशन के रूप में अंगीकार किया और नगर निकायों से लेकर बैंकिंग प्रणाली तक एक बेहद सुदृढ़, पारदर्शी और संवेदनशील व्यवस्था तैयार की, जिससे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ बिना किसी बाधा के पहुँच सका। योजना की प्रगतिशील रूपरेखा के तहत पहले चरण में 10 हजार रुपये, दूसरे चरण में 20 हजार रुपये तथा तीसरे चरण में 50 हजार रुपये तक का ऋण क्रमिक रूप से दिया जाता है, जिससे लाभार्थियों ने वित्तीय अनुशासन के साथ न केवल अपना व्यवसाय स्थापित किया अपितु उसे आगे बढ़ने में भी सक्षम हो सके हैं। उत्तर प्रदेश आज इस योजना के प्रभावी और जमीनी क्रियान्वयन के कारण पूरे देश में अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना चुका है, जहाँ छोटे कस्बों से लेकर बड़े महानगरों तक के फेरीवाले, सब्जी विक्रेता और खोमचे वाले मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन रहे हैं। इस राज्यव्यापी आर्थिक अभियान की सबसे बड़ी विशेषता इसका डिजिटल समावेशन है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश में लाखों वेंडरों को न केवल ऋण दिया गया बल्कि उन्हें डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक कर आकर्षक कैशबैक की सुविधाओं से भी जोड़ा गया।

इसके साथ ही, शासन द्वारा इस वित्तीय सहायता को स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के माध्यम से एक समग्र कल्याणकारी अभियान में बदल दिया गया है। इसके अंतर्गत लाभार्थी परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा और आयुष्मान भारत जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से सीधे जोड़ा जा रहा है। बरेली की आत्मनिर्भर महिलाओं ने सरकार की इस योजना का लाभ उठाकर अन्य महिलाओं के लिए एक सफल मिसाल कायम की है।

सरकार की यह दूरदर्शी योजना आज उत्तर प्रदेश के छोटे व्यवसाइयों को आत्मनिर्भर भारत और एक सशक्त, समृद्ध समाज के संकल्प से जोड़कर उन्हें मज़बूत आर्थिक आधार प्रदान करने में सहायक हो रही है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मांग को लेकर रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन



फतेहपुर। ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह चौहान और जिला महामंत्री राकेश देहाती के नेतृत्व में रोजगार सेवकों ने जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें इन लोगों ने 10 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया और कहा की मुख्यमंत्री द्वारा 4 अक्टूबर 2021 को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में की गई घोषणा के क्रम में रोजगार सेवकों के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु मानव संसाधन नीति का उचित निर्धारण कराया जाए। जिससे न्यूनतम 24000 रुपए प्रतिमाह की व्यवस्था हो। ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता हेतु ग्राम रोजगार सेवक को पद से हटाने हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के दो तिहाई बहुमत के स्थान पर ग्राम सभा के दो तिहाई बहुमत के आधार पर प्रस्ताव की व्यवस्था की जाए। मासिक मानदेय भुगतान हेतु पृथक बजट की व्यवस्था का प्रावधान किया जाए अथवा मानदेय भुगतान सामग्री अंश से किया जाए। प्रदेश के ग्राम रोजगार सेवकों का 12 से 14 महीने का मानदेय बकाया है जिससे आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर है जिससे बच्चों की पढ़ाई, लिखाई, दवाई मात–पिता की सेवा नहीं हो पा रही है। इन लोगों ने अविलंब मानदेय भुगतान की मांग किया। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में शिव प्रताप मौर्य, राजेश मौर्य,सज्जन वर्मा, महेंद्र शुक्ला, शैलेंद्र, अकरम खान, आशीष सिंह, लालू यादव, सोनवीर, राजेश तिवारी, जितेंद्र पटेल, अजीत प्रताप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का शुभारंभ, स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का दिया संदेश



उरई (जालौन)। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम का जनपद जालौन में शुभारंभ राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं एवं नागरिकों को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। उन्होंने सभी से नियमित योग करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली एवं बढ़ते तनाव के बीच योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर योग संबंधी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा योगासन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन किया गया तथा उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों के लाभों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, छात्र–छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### भाविप की माधौगढ़ शाखा का गठन, नए पदाधिकारियों की घोषणा



माधौगढ़ (जालौन)। भारत विकास परिषद बुंदेलखंड प्रांत के अंतर्गत आज नई माधौगढ़ शाखा का गठन किया गया। प्रांत के अति सक्रिय साथी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष महावीर शरण सरावगी के विशेष प्रयासों से नई शाखा का गठन संभव हो सका। इस अवसर पर उनके योगदान की उपस्थित सदस्यों द्वारा बार–बार सराहना एवं प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में निर्वतमान अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता एवं सचिव प्रिन्स द्विवेदी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा भारत विकास परिषद के विभिन्न सेवा एवं संस्कार आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नई कार्यकारिणी में अंकित करस्तवार को अध्यक्ष, हर्षित रेजा को सचिव तथा शिवम कनकने को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। भारत विकास परिषद बुंदेलखंड प्रांत के प्रांतीय महासचिव नंद गोपाल अग्रवाल ने भी नवगठित माधौगढ़ शाखा एवं उसके पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नई टीम परिषद के उद्देश्यों को जन–जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

माधौगढ़ (जालौन)। माधौगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार रात हुए भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। माधौगढ़–ऊंचा रोड पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जबकि मृतकों के घरों में कोहराम मच गया। मृतकों में एक युवक की शादी महज 20 दिन पहले हुई थी और दूसरे युवक के माता–पिता तथा भाइयों का भी रो–रोकर बुरा हाल है। रविवार रात करीब 9 बजे गौरव पुत्र स्वर्गीय रविंद्र (22 वर्ष) तथा भीम सिंह उर्फबोरे पुत्र रामेश्वर (25 वर्ष) निवासी ग्राम विसवारी मछण्ड, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) बाइक से माधौगढ़ से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान माधौगढ़–ऊंचा मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद गौरव को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल भीम सिंह उर्फबोरे को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। हालत अत्यधिक नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर किया गया, लेकिन झांसी ले जाते समय रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि सड़क दुर्घटना में मृत गौरव अपने पिता स्वर्गीय रविंद्र का इकलौता पुत्र था। करीब 15 वर्ष पूर्व उसके पिता की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। पति के निधन के बाद मां सावित्री देवी ने संघर्षों के बीच अपने इकलौते बेटे का पालन–पोषण किया और उसे बड़ा किया था। गौरव की शादी अभी महज 20 दिन पहले, 26 मई 2026 को रागिनी निवासी भटपुरा, लहार, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) के साथ संपन्न हुई थी। नवविवाहिता के हाथों की मेहंदी का रंग अभी फीका भी नहीं पड़ा था कि उसके सुहाग पर काल का साया पड़ गया।

# मुहर्रम के त्यौहार को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं: डीएम

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



कलेक्ट्रेट महात्मा गाँधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वावधान में आगामी त्यौहार मोहर्रम को आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अधिकारियों, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं, एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों से कहा कि आपस में मिलजुलकर शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाये। उन्होंने थानावार की गई तैयारियां एवं पूर्व में हुई घटनाओं की भी जानकारी किया और क्या कार्यवाही की गई कि अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि ताज़िया के जुलूस निकालने वाले मार्गों का सर्वे कराते हुए और आवश्यकतानुसार ढीले तारो, जर्जर पोलो को सही करा लिया जाय एवं जुलूस परंपरागत मार्गों से होकर निकाले व त्यौहार को परंपरागत तरीके से ही मनाए जाय। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि सभी तैयारियां कर लें ढीले तारों को टाइट करा दे एवं त्यौहार में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाय। उन्होंने ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में साफ सफाई, शुद्ध पेय जल, प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट आदि समुचित व्यवस्था करने के निर्देश संबंधितों को दिए एवं ताजिया निकालने वाले मार्गों में यदि अतिक्रमण व कूड़े का ढेर है तो उसको तत्काल हटवा दिया जाय। उन्होंने कहा कि ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानक के अनुरूप हो, ताजिया बनाने वाले को भी निर्देशित कर दे कि मानक के अनुरूप बनाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था खराब करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग त्यौहार के दृष्टिगत पहले से तैयारियां कर ले और अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करे। उन्होंने कहा कि धर्मगुरुओं/संभ्रांत नागरिकों द्वारा जो सुझाव दिए गए है, पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अमल में लाया जाय। जिन थानों में पीस कमेटी की बैठक नहीं हुई है, को जल्द से जल्द करा ले। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं कर ली गई है और आवश्यकतानुसार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारियों से उनके क्षेत्र में कि गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक कर त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दे दिए गए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, जिला पूर्ति अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय सहित तहसीलों से आए हुए धर्मगुरु व संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## ससुराल वालों से परेशान युवक ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



सदर कोतवाली क्षेत्र के सैयदवाड़ा के रहने वाले सैयद मोहम्मद अम्मार जाफ़री अपनी माता अंजुम के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र दिया। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने बताया कि उनकी शादी साढ़े छह वर्ष पूर्व हुई थी। उनका निकाह हेरा अशरफपुत्री अशरफहसन के साथ हुआ था। प्रार्थी के जकरिया जाफ़री उम्र 5 वर्ष व यूसुफ जाफ़री उम्र 4 वर्ष दो पुत्र हैं जिनका लालन-पालन प्रार्थी करता चला रहा है। वहीं तीसरा पुत्र अहमद जाफ़री प्रार्थी की पत्नी हेरा अशरफ के पास है। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी हेरा अशरफ बहुत ही खुश मिजाज है और घर परिवार को लेकर चलने वाली है। लेकिन उसके ससुरालजन उसे खुश नहीं देखना चाह रहे हैं और बेवजह उसको बार-बार मायके लेकर चले जाते हैं और उसके बाद दबाव बनाकर बेवजह परेशान करते हैं। 18 मई को एक बार फिर से उसकी पत्नी को उसके मायके वाले लेकर के चले गए हैं और अब ना तो उसे बातें करने दे रहे हैं और सूत्रों की माने तो जो दो बच्चे उनके साथ हैं उनको भी ले जाना चाह रहे हैं। जबकि वह बच्चे अपने पिता के पास ही रहना चाहते हैं।इसका प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय फतेहपुर में मुकदमा भी विचाराधीन है। प्रार्थी ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खुशहाल जिंदगी जीना चाहता है। लेकिन कुछ लोग बेवजह परेशान कर रहे हैं और उसकी पत्नी को भ्रमित करके उसको खुशहाल जिंदगी नहीं जीने देना चाह रहे हैं। इन हालातो में बच्चों का भविष्य क्या होगा यह कोई नहीं सोच रहा। पुलिस अधीक्षक से भी पीड़ित पति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी को समझाया जाए और उसके मायके वालों को भी समझाया जाए ताकि वह आराम से अपने पत्नी और बच्चों के साथ जिंदगी जी सके। वही पीड़ित की मां अंजुम ने भी कहा है कि उन्हें अपनी बहू से कोई शिकायत नहीं है। लेकिन जब-जब वह अपने मायके जाती है तो तरह-तरह के आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो जाता है। जिसके चलते हम लोग मानसिक तनाव में जी रहे हैं। लिहाजा इन लोगों ने पुलिस से गुहार लगाई है की दोनों पक्षों को बिठाकर आपसी समझौता करा दिया जाए ताकि सुकून से उनका बेटा भी अपना व्यवसाय कर सके और यह लोग चौन से रह सके। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस कमेटी के आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट, पंडित रामनरेश महाराज, आनंद सिंह गौतम भी मौजूद रहे।

## गांधी पार्क से योग सप्ताह की डीएम ने की शुरुआत

फतेहपुर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह का शुभारंभ प्रातः 6.30 बजे गांधी पार्क में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। योग सप्ताह का शुभारंभ जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने फीता काटकर,दीप प्रज्वलित कर व महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया सामूहिक योगाभ्यास में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। योगः कर्मसु कौशलम योग केवल अभ्यास नहीं, जीवन जीने की कला है के भाव से योग सप्ताह की शुरुआत हुई।



जिलाधिकारी ने कहा की हर्ष का विषय है कि भारत सहित पूरे विश्व में 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में योग सप्ताह का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा की एक स्वस्थ शरीर, एक शांत मन यही योग का उपहार है। योग सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, एडीएम वित्त)राजस्व विनय पांडे,पी डी डीआरडीए व अन्य सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण हो: एसपी शशांक सिंह

**एसपी ने पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश**



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## थाना कुलपहाड़ मिशन शक्ति केंद्र की पहल से दाम्पत्य विवाद का सफल समाधान

कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुलपहाड़ पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। थाना स्थानीय कुलपहाड़ पर आवेदिका विदेश कुमारी अहिरवार पत्नी चंद्रभान निवासी ग्राम पठवापुरा, थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा द्वारा अपने पति चंद्रभान के विरुद्ध गाली-गलौज एवं मारपीट करने संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्राप्त शिकायत के क्रम में दोनों पक्षों को थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में बुलाया गया, जहां मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा उन्हें समझाया-बुझाया गया। काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से समझौता कर लिया गया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद, गाली-गलौज या मारपीट न करने का आश्वासन दिया गया। आवेदिका विदेश कुमारी अहिरवार द्वारा अपने पति के साथ ससुराल जाने की इच्छा व्यक्त की गई, जिस पर दोनों पक्ष सहमत हुए। तत्पश्चात आवेदिका को उसके पति के साथ ससम्मान रुखसत किया गया। उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल का परिणाम है, जिससे पारिवारिक समरसता को बढ़ावा मिला है एवं महिला सुरक्षा के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है।

### चिराग क्रिकेट एकेडमी के दो खिलाड़ियों का जोनल प्रतियोगिता के लिए चयन

महोबा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय टीम के चयन हेतु झांसी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित झांसी, ललितपुर एवं महोबा जनपदों की जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चिराग क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एकेडमी के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों निखिल प्रताप सिंह एवं राज कुशवाहा ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जोनल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। अब दोनों खिलाड़ी कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में जोनल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश की संभावित 120 सदस्यीय सूची में स्थान बनाने के लिए दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला होगा।

## भूमि विवादों के गंभीर मामलों में टास्क फोर्स समिति गठित, समयबद्ध निस्तारण होगा सुनिश्चित: जिलाधिकारी

**जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं**



उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई कर दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, आपूर्ति, पेंशन, भूमि विवाद एवं अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा प्रत्येक प्रकरण का मौके पर सत्यापन कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त भूमि विवाद संबंधी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों, जिनमें बार-बार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं अथवा जिनमें राजस्व एवं पुलिस विभाग दोनों की संयुक्त जांच आवश्यक है, उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए टास्क फोर्स समिति गठित किया जाएगा। यह टीम मौके पर जाकर तथ्यात्मक जांच करेगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि भूमि कब्जा, पैमाइश, रास्ता विवाद, बैनामा संबंधी विवाद एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## डीएम ने जन शिकायतों में लापरवाही पर विभिन्न विभागों के 2 दर्जन अधिकारियों का वेतन रोका



**आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही पर डीएम ने की कार्रवाई**

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाना ही शासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के पूर्ति व जनपद को प्रदेश में अच्छी स्थिति में बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे)एव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)के साथ जन शिकायतों से सम्बंधित आई जीआर एस(जनसुनवाई) पोर्टल की समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर गहन समीक्षा की गई। पोर्टल पर जनपद की पूर्व स्थिति व वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए रैंकिंग के निर्धारित 11 मूल्यांकन बिंदुओं पर विभाग/अधिकारी वार ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर से जानकारी ली।इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सबसे महत्वपूर्ण बिंदु ,शिकायकर्ता से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक व शिकायतकर्ता से सम्पर्क न किए जाने (प्राप्त शिकायतें जिनका निस्तारण शिकयकर्ता की संतुष्टि के आधार पर नहीं हुआ)वाले निस्तारण से सम्बंधित अधिकारियों जैसे-अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण/नगरीय) एल.डी.एम, उपनिदेशक कृषि, अपर मुख्य अधिकारी,खान निरीक्षक, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, उपायुक्त उद्योग,आबकारी अधिकारी, श्रम अधिकारी, ऐआर एम रोडवेज, जिला विद्यालय निरीक्षक,जि.समाज कल्याण अधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत (नगरीय/ग्रामीण) व परियोजना अधिकारी डूडा, अधिशाषी अभियंता जल निगम, एआर एम रोडवेज,सी एम एस जिला अस्पताल (पुरुष/महिला), अधिशाषी अभियंता सिंचाई, अधिशाषी अभियंता लो.नि.वि.(निर्माण खंड/प्रांतीय खण्ड), पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सीएमओ,सीवीओ सहायक अभियंता लघु सिंचाई सहित तहसीलदार,सब रजिस्ट्रार,बीडीओ,एम ओ आई सी एवं एडीओ स्तर के लगभग 2 दर्जन से ज्यादा जनपद स्तरीय अधिकारियों के वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गए। साथ ही निर्देश दिये गए कि प्रतिदिन प्रातः कार्यालय में पहुंचकर जनसुनवाई करे। साथ ही आई जी आर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर संतुष्टि के आधार पर नियमानुसार निस्तारण करे। स्थलीय निरीक्षण कर गवाहों के हस्ताक्षर,फोटोग्राफ सहित आख्या लगाई जाए जिससे फीडबैक में सुधार हो सके।

**सूचना**

मेरे पिता के सेवा अभिलेखों में मेरा नाम मीनाक्षी (MINAKSHI) व जन्मतिथि 20/02/1990 दर्ज हो गयी है, जबकि मेरे आधार कार्ड व 10वीं की मार्कशीट में नाम मीनाक्षी (MEENAKSHI) व जन्मतिथि 20/02/1992 दर्ज है, जो सही है। मेरे पिता के सेवा अभिलेखों में मेरा सही नाम व जन्मतिथि दर्ज की जाये। मीनाक्षी (MEENAKSHI) पुत्री राधेश्याम सेवा संख्या 14471271L रैंक हवलदार निवासी मसेनी चौराहा लोको रोड, फर्रु0

**सूचना**

प्रयांश पुत्र नरवीर कश्यप उम्र करीब 8 वर्ष निवासी- ग्राम-बड़ा गांव परतापुर, थाना-अमृतपुर, जिला-फर्रुखाबाद, ग्राम-सिंगहा युसुफपुर, थाना-मिर्जापुर, जिला-शाहजहांपुर से दिनांक 19/05/2026 से गायब है। जिसके सम्बंध में थाना-मिर्जापुर पर मु.अ.स.92/26 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। किसी को जानकारी मिले तो मोबाइल 9454404214/ 9260914775 पर सूचित करे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा वास्तविक नाम घनश्याम पुत्र रामदास निवासी काजीपुर पोस्ट कनवा तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी है, जोकि आधार कार्ड में यही वास्तविक नाम लिखा है। त्रुटिवश मेरे बीमा गोल्ड पॉलिसी नम्बर 215453901 में मेरा नाम घिसियावन अंकित हो गया है, जोकि गलत है, मेरे बीमा की पॉलिसी में मेरा सही वास्तविक घनश्याम पुत्र रामदास पढ़ा व समझा जाए। मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ।

**सूचनाकर्ता-घनश्याम पुत्र रामदास, निवासी-ग्राम काजीपुर पोस्ट कनवा, तहसील-हैदरगढ़, बाराबंकी।**

# भाजपा सरकार के दस साल में पीडीए आरक्षण की भारी लूट हुई: दीपराज

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

**कई विभागों में 11 हजार 514 पदों पर हुई लूट, 22 परीक्षायें प्रभावित**




भाजपा सरकार की 10 साल में आरक्षण का बहुत बड़ा घोटाला हुआ है जिसमें पीडीए आरक्षण सीटों पर विभिन्न विभागों में हुई भर्तियां में 11,514 पदों पर लूट हुई है। उक्त बात समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया। सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि भाजपा की 10 साल की सरकार में विभिन्न विभागों में 22 परीक्षाएं प्रभावित हुई है और उनमें 11,514 पदों की लूट की गई है जिसका उन्होंने आंकड़ा भी प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि 2019 में 69000 शिक्षक भर्ती में 7933 पदों की लूट हुई है। वन और वन्य जीव रक्षक भर्ती में 88 पदों की 2021 में बांदा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी भर्ती में 5 पदों की एडेड जूनियर हाई स्कूल मास्टर और हेड मास्टर भर्ती में 547 पदों की, 2023 में ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती 232 पदों की नेत्र परीक्षण अधिकारी भर्ती में 47 पदों की, यूपीएसएससी कनिष्क सहायक लिपिक भर्ती में 300 पदों की, प्रवर्तन कांस्टेबल भर्ती में 34 पदों पर लूट हुई। सांसद नारायण दास अहिरवार ने कहा कि 2024 में लखीमपुर कोऑपरेटिव बैंक भर्ती में 8 पदों पर , यूपीएससी आशुलिपिक भर्ती में 37 पदों पर, यूपीएससी कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती में 434 पदों पर लूट हुई। पूर्व मंत्री श्रीराम पाल ने कहा कि बर्ष 2025 में लेखपाल भर्ती में 960 पदों पर, पशु चिकित्सक भर्ती में 81 पदों पर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी भर्ती में 55 पदों पर, चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद 54 पदों पर, चिकित्सा अधिकारी होम्योपैथिक 2 पदों पर लूट हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि बर्ष 2026 में अमीन, नीलामी कर्ता भर्ती में 19 पदों पर, लिपिक सह टंकड भर्ती में 9 पदों पर, सहायक कोषागार लेखाकार भर्ती में 58 पदों पर, अधिशासी अधिकारी भर्ती में 13 पदों पर सहायक चकबंदी अधिकारी भर्ती में 10 पदों पर ,कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती में 588 पदों पर लूट हुई। समाजवादी नेताओं ने कहा कि कुल मिलाकर पीडीए के 11514 पदों पर प्रदेश की भाजपा की 10 साल की सरकार में पीडीए आरक्षण की लूट हुई है। प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह यादव ने सबसे बड़ा घोटाला तो 69 हजसा शिक्षक भर्ती 2019 को बताया है। उन्होंने बताया कि भाजपा की 10 साल की सरकार में उत्तर प्रदेश में किस तरह से पीडीए के आरक्षण पर हमला किया गया है। सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान विरोधी है वो बाबा साहब के संविधान को धीरे-धीरे कमजोर करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए के लोग अब इस आरक्षण घोटाले को जान चुके हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, सांसद नारायण दास अहिरवार, पूर्व मंत्री श्रीराम पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया, जमालुद्दीन, पूर्व चेयरमैन मान सिंह वर्मा, वीरेंद्र सिंह यादव, समर सिंह चौहान, अजहर बेग, दीपू त्रिपाठी, ज्ञानू निरंजन जीवन प्रताप वाल्मीकि, महेंद्र कठेरिया, भानू राजपूत, विवेक यादव, महेश सर द्विवेदी, महेश चंद्र विश्वकर्मा, परमात्मा शरण फौजी वेद प्रकाश यादव, देवेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# पानी की टंकी के चौकीदार की धारदार हथियार से हत्या

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




पानी की टंकी की रखवाली कर रहे चौकीदार की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। मामले में फॉरेंसिक टीम एडिशनल एसपी आलोक सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर तैनात है, वही पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। सोमवार की सुबह 6:00 बजे घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और दहशत व्याप्त हो गई। विदित हो कि ठकुराइन खेड़ा गांव के पास ग्राम पंचायत की पानी की टंकी पर चौकीदारी करने वाले युवक की धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह टंकी परिसर में खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठकुराइन खेड़ा निवासी बिंदा प्रसाद उम्र 40 वर्ष पुत्र रामसजीवन पिछले करीब पांच माह से गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत की पानी की टंकी पर चौकीदार के रूप में कार्यरत था। परिजनों के मुताबिक वह रोजाना की तरह रविवार शाम घर पर भोजन करने के बाद ड्यूटी के लिए टंकी पर गया था। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने टंकी परिसर में उसका खून से लथपथ शव पड़ा देखा। शव पर धारदार हथियार से किए गए हमले के निशान पाए गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। वही फॉरेंसिक टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना पर पहुंचे एडिशनल एसपी आलोक कुमार ने जांच पड़ताल करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की धारदार हथियार से हत्या का मामला प्रकाश में आ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बिंदा प्रसाद मिलनसार प्रवृत्ति का व्यक्ति था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी। ऐसे में हत्या की घटना से गांव के लोग भी हैरान हैं। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा ।

## दो लाख के जेवर नकदी लेकर चोर हुए फरार

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत गोसूपुर गांव में रविवार की रात्रि चोरी कर भाग रहे चोरों में से एक चोर को गृहस्वामी व परिजनों ने दौड़ाकर पकड़ लिया।लेकिन अन्य चोर दो लाख के जेवरात व नगदी लेकर फरार होने में सफल रहे।पकड़े गए चोर को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया है। गोसूपुर गांव निवासी इरफान अली व उनकी पत्नी एक कमरे में सो रहे थे कि तभी छत से उतरकर आंगन में आए चोर उसी कमरे में घुस गये। चोरों ने इसी कमरे में मौजूद बक्शों का ताला तोड़कर उसमें रखे दो लाख रुपये के जेवरात एवं पांच हजार की नगदी चोरी कर ली।इसके बाद चोरों ने एक बड़े बक्शे का ताला भी तोड़ दिया। ताला टूटने की आवाज से महिला जग गई।पत्नी के शोर मचाते ही जगे इरफान ने कमरे से भाग रहे एक चोर को पकड़ लिया। उसके दो साथी भाग निकले।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू अराजनैतिक का धरना, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की तहसील इकाई हैदरगढ़ द्वारा सोमवार को तहसील परिसर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने की। धरने के बाद किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा को सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि हैदरगढ़ तहसील में कई दिनों से न्यायिक एवं राजस्व न्यायालयों का कार्य प्रभावित है, जिससे किसानों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नामांतरण, विरासत, सीमांकन, खतौनी संशोधन सहित अन्य राजस्व मामलों का समयबद्ध निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसके चलते दूर-दराज से आने वाले किसानों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण हो रहा है तथा उन्हें बार-बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। संगठन ने सिंचाई व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। किसानों का कहना है कि धान की रोपाई का समय शुरू हो चुका है और किसान नर्सरी तैयार कर चुके हैं, लेकिन अभी तक नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया है। उन्होंने तत्काल नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की।



## अन्नपूर्णा भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ के घरकुइया गांव में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक दिनेश रावत ने इस अवसर पर कहा कि पहले गांव में राशन दुकान की व्यवस्था न होने से कोटेदारों को वितरण में परेशानी होती थी। बारिश में राशन बचाने के लिए तिरपाल का उपयोग करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए गांव-गांव में सरकारी राशन दुकानों की व्यवस्था की है। विधायक ने आगे कहा कि इस दुकान से राशन वितरण के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी आम जनता तक पहुंचेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा रणवीर सिंह मोनू ग्राम प्रधान सुशील कुमार , पंचायत सचिव सत्य प्रकाश वर्मा पूर्ति निरीक्षक अनुभव कुमार श्रीवास्तव खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह जितेंद्र प्रताप सिंह पंकज दीक्षित, महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, कोटेदार बद्री प्रसाद सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना: पात्र बालिकाओं के शत-प्रतिशत आवेदन सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

▸ विद्यालयों के प्रधानाध्यापक बालिकाओं को आवश्यक प्रमाण-पत्र व अन्य अभिलेखों की जानकारी उपलब्ध कराएंगे

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद की समस्त पात्र बालिकाओं को योजना का लाभ उपलब्ध कराने हेतु श्रेणीवार विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित कर दी गई हैं।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि योजना की पात्रता शर्तों के अनुसार बालिकाओं का चिन्हांकन करते हुए उनके आवेदन-पत्र शत-प्रतिशत भरवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे कोई भी पात्र बालिका योजना के लाभ से वंचित न रहे।

योजना के छह चरणों के अंतर्गत जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक बालिकाओं को लाभ प्रदान किया जाता है। प्रथम एवं द्वितीय चरण में जन्मी बालिकाओं तथा एक वर्ष का टीकाकरण पूर्ण कर चुकी बालिकाओं का चिन्हांकन कर आवेदन भरवाने की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को सौंपी गई है। इसके लिए आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाएगा।

उन्होंने कक्षा-1 एवं कक्षा-6 में प्रवेश लेने वाली पात्र बालिकाओं के आवेदन भरवाने का दायित्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। वहीं कक्षा-9 में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को जिम्मेदार बनाया गया है। कक्षा-12 उत्तीर्ण कर स्नातक अथवा कक्षा-10 के बाद दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं के आवेदन भरवाने की जिम्मेदारी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों को दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया है कि योजना के प्रत्येक चरण में लाभ प्राप्त करने के लिए परिवार में अधिकतम दो बच्चे होना, उत्तर प्रदेश का निवासी होना तथा परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, संयुक्त फोटो एवं संबंधित शैक्षिक अथवा टीकाकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नोडल नामित करने एवं नियमित प्रगति रिपोर्ट देने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे योजना की प्रगति की निगरानी हेतु एक नोडल अधिकारी/कर्मचारी नामित करें, जो प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जिला प्रोबेशन अधिकारी, रायबरेली को उपलब्ध कराएंगे।

उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में कक्षा-1, कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में प्रवेश के समय ही पात्र बालिकाओं का चिन्हांकन कर उनके आवेदन-पत्र भरवाए जाएं। विद्यालयों के प्रधानाध्यापक बालिकाओं को आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेखों की जानकारी उपलब्ध कराएंगे, ताकि आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि उनके क्षेत्र का कोई भी विद्यालय ऐसा न रहे जहां पात्र बालिकाओं के आवेदन-पत्र न भरे गए हों। वहीं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को स्नातक एवं पीजी महाविद्यालयों में प्रवेश के समय पात्र छात्राओं के आवेदन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सत्यापन अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि पात्र बालिकाओं के आवेदन अनावश्यक रूप से निरस्त न किए जाएं तथा केवल अपात्र अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन ही अस्वीकृत किए जाएं। जिला प्रोबेशन अधिकारी सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करेंगे कि योजना के अंतर्गत कोई भी पात्र बालिका लाभ से वंचित न रह जाए तथा सभी आवेदन समयबद्ध रूप से स्वीकृत होकर शासन स्तर पर प्रेषित किए जाए।

## खबरें एक नजर में

### तहसील सभागार में महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या सुनेंगी शिकायतें



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनहित में महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा जिले में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 17 जून बुधवार को महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का जनपद भ्रमण प्रस्तावित है। कार्यक्रम के तहत महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न तथा घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए तहसील सभागार अमेठी में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने जनपद की महिलाओं से अपील की है कि यदि उन्हें महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न या घरेलू हिंसा से संबंधित कोई शिकायत है तो वे निर्धारित समय पर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्या प्रस्तुत कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त तहसील अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत जंगल रामनगर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करेंगी।

### पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** सनातन धर्म पीठ बड़ा मत डलमऊ के स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज की अध्यक्षता में कैलाश मठ आश्रम मुंशीगंज में आयोजित हुए सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पश्चात सोमवार को सर्वप्रथम विष्णु महायज्ञ में पूर्णआहुति दी गई और संतों के भोजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सात दिवसीय भागवत महापुराण कथा का आयोजन स्वामी दिव्यानंद गिरि जी महाराज एवं स्वामी राम चैतन्य जी महाराज के द्वारा किया गया। कथावाचक आचार्य प्रद्युम्न जी महाराज द्वारा भगवान विष्णु की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया जिसे सुनने के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इकट्ठा रही श्रद्धालुओं ने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा अद्भुत अलौकिक एवं आध्यात्मिक कथा है जिसे सुनकर सभी धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत हो गए। स्वामी दिव्यानंद जी ने बताया कि ऐसे आयोजनों से यज्ञ एवं भागवत की भक्ति का संयोग जन मानस को शान्ति का कारण बनेगा। इस अवसर पर संस्कृत महाविद्यालय डलमऊ के प्राचार्य उमाकांत मिश्रा, कथा व्यास शिवम् जी महाराज, संतोष, विकास सिंह, सुधा द्विवेदी, अधिवक्ता अजय पांडेय, दिनेश सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ बृजेश दत्त गौड एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## करंट लगने से संविदा बिजली कर्मी की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा अमेठी में रविवार शाम एक संविदा बिजली कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग पेट्रोल पंप के निकट कस्बा अमेठी निवासी मोहम्मद अनीस की शिकायत पर विद्युत लाइन की खराबी ठीक करने के दौरान संविदा लाइनमैन शिवकुमार अचानक करंट की चपेट में आ गया। घटना शाम लगभग 7 बजे की बताई जा रही है जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक शिवकुमार कोतवाली अमेठी क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल टिकरी, बारामासी के निवासी बताए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। हादसे के बाद परिजनों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पोस्टमार्टम कराने से पहले संबंधित जेई को मौके पर बुलाने की मांग की।

## सांसद के निर्देश पर माँ कालिकन धाम मंदिर पर लगी लाल कालीन

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंहल की देखरेख में विकास खण्ड संग्रामपुर की शक्तिपीठ कालिकन मंदिर धाम की सीढ़ियों पर लाल कालीन बिछाई गई कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंहल ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के अमेठी लोकसभा सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश पर कालिकन धाम में मां कालिका की पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों को भीषण गर्मी व ठंड से बचाने के लिए लाल कालीन बिछाई गई है। उन्होंने बताया कि सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि जन सेवा उनका प्रथम कर्तव्य है। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी, कांग्रेस पार्टी ब्लाक अध्यक्ष संग्रामपुर बृजेश मिश्रा, यूथ विधानसभा अध्यक्ष अमेठी बृजेन्द्र सिंह लोहा, सभाजीत शुक्ला, शिवेंद्र विक्रम सिंह, राकेश कुमार मौर्य, अम्बा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा में आयोजित हुआ हस्तकला शिल्प का प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के तहत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा अमेठी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गृह विज्ञान अनुभाग द्वारा पांच दिवसीय रोजगार परक व्यावसायिक प्रशिक्षण विषय हस्तकला शिल्प एक जनपद एक उत्पाद मूंज पर करवाया गया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रेनू सिंह ने बेरोजगार कृषक महिलाओं, नवयुवतियों, नवयुवकों को स्थानीय उत्पाद मूंज, कास, सरपत इत्यादि से तरह-तरह के विभिन्न उत्पाद जैसे चपाती बॉक्स, मेजपोश, टी कोस्टर, गुलदस्ता, पेन होल्डर, फूलों की डलिया, टोकरी, सोफा सेट, कैश रोल, इत्यादि बनाने की कला सिखाई। इस अवसर पर उद्यान वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन के गुर बताएं उन्हें नष्ट न करके बहु उपयोगी बनाने पर बल दिया। पशु वैज्ञानिक डॉ. सुरेंद्र ने महिलाओं को धान के अवशेष से उपयोगी वस्तुएं जैसे चटाई व टोकरी सीखने पर बल दिया, फसल सुरक्षा वैज्ञानिक लाल पंकज सिंह ने फसल उत्पादन को सुरक्षित रखकर उनसे बहु उपयोगी सामग्री निर्मित करने की सलाह दी। कृषि केंद्र के अध्यक्ष डॉ. नवनीत ने नवयुवकों व नवयुवतियों को हस्तकला शिल्प के महत्व को समझाकर इसके बाजार मूल्य एवं अंतरराष्ट्रीय मांग पर प्रकाश डालते हुए इसे अपनाने की सलाह दी और कहा कि इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाने से आय दुगनी होगी और आर्थिक रूप से सशक्त भी होंगे। कार्यक्रम के समापन के समय सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र एवं प्रक्षेत्र उत्पादित उन्नत किस्म का सामयिक बीज का का वितरण किया गया।

## सनातन संस्कृति को संजोए आयोजित हुआ सत्वरसपूर्ण ब्राह्मणभोज

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों अंतर्गत ग्रामसभा रामशाहनाऊपुर के पूरे सुब्बा पाण्डेय में रविवार को सनातन संस्कृति की एक अनूठी मिशाल देखने को मिली। पूरे सुब्बा पाण्डेय निवासी ग्रामसभा रामशाहनाऊपुर ग्राम प्रधान पति व प्रतिनिधि अखिलेश मिश्रा के पिता राम हृदय मिश्र द्वारा निज निवास पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में रामचरितमानस पाठ के उपरान्त ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में उनके द्वारा स्थानीय ब्राह्मण समाज के साथ-साथ क्षत्रिय समाज, इष्ट मित्र, रिश्तेदार व अन्य बिरादरी के लोगों को आमंत्रित किया गया। आयोजित भोज में श्री मिश्र द्वारा वैदिक सनातन परम्परा का पालन करते हुए सभी को हरे पत्तल पर उचित आसन देते हुए जमीन पर बैठा कर भोजन कराया गया और दक्षिणा दी गई। समाज से विलुप्त हो रही मिट्टी के जलपात्र की व्यवस्था को जीवंत रूप देते हुए उनके द्वारा पुनः स्थापित किया गया। आयोजन में उपस्थित संभ्रांत व कुटुंबी जनों में राम यज्ञ



मिश्र, शिव हृदय मिश्र, भरत मिश्र, त्रिभुवन मिश्र, निखिलेश मिश्र, बजरंगी प्रसाद मिश्र, प्रेम शंकर पाण्डेय, पारसनाथ तिवारी, अजय द्विवेदी, विजय किशोर तिवारी, तेजभान सिंह सहित रिश्तेदार, सहयोगी तथा ग्राम सभा के सभी लोग मौजूद रहे।

## सुशासन को समर्पित तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक सभागार मुसाफिरखाना में सुशासन को समर्पित प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 147 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में खण्ड विकास अधिकारी मुसाफ़िरखाना विनय कुमार वर्मा के नेतृत्व में ब्लाक सभागार मुसाफिरखाना में तीन दिन तक चलने वाले भव्य स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल द्वारा किया गया। शिविर में आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन, स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टाल, आर्युवेदिक दवा, होमियोपैथिक दवा, विद्युत विभाग, पशु विभाग एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया गया।

साथ में जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र कुमार मिश्र, मंडल उपाध्यक्ष अरबिंद, महामंत्री जयबिंद सिंह, मंडल उपाध्यक्ष नीलम, रघुवंश मिश्रा एवं सभी विभागों के स्टॉफ़ उपस्थित रहे। भाजपा मण्डल अध्यक्ष राम गोपाल कौशल ने मोदी जी द्वारा 12 साल में किए गए कार्यों के विषय में जानकारी देते हुए विस्तार से चर्चा किया।

## तालगांव जांच प्रकरण: दो महीने के बाद भी कार्रवाई नहीं, सवालों के घेरे में प्रशासन

**सीतापुर।** विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत ताल गांव में ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच अब प्रशासनिक सुस्ती का शिकार होती नजर आ रही है। मामले की जांच लोकायुक्त स्तर से की गई थी, जिसमें ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी माना गया। जांच आख्या आयुक्त, लखनऊ मंडल के पत्रांक 634 दिनांक 24 दिसंबर 2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को भेजी जा चुकी है। इसके बाद भी स्थानीय स्तर पर कार्रवाई का इंतजार बना हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा एक जांच टीम का गठन किया गया था, ताकि दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। लेकिन टीम गठन के लगभग दो महीने के बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। सूत्रों के अनुसार, गठित जांच टीम में जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू भी शामिल हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों में असंतोष देखा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि टीम की निष्क्रियता के कारण कार्रवाई में देरी हो रही है, जिससे पूरे प्रकरण की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब उच्च स्तर की जांच में दोष तय हो चुका है, तो स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है। वहीं, यह भी चर्चा है कि कहीं यह मामला सिर्फ औपचारिकता तक सीमित न रह जाए और फाइलों में दबकर रह जाए।

अब बड़ा सवाल यह है कि जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद जांच टीम कब तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और दोषी प्रधान व सचिव पर वास्तविक कार्रवाई कब होगी। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना तय है।

## पुलिस लाइन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का किया गया शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**

पुलिस लाइन स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल ओपेन हाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह का शुभारम्भ नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी सहित उपस्थित सभी जनों द्वारा योगा किया गया।

इस अवसर पर नगर विकास राज्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 05 जून 2026 से 21 जून 2026 के मध्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें आज योग दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया है। योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक शांति का अनुभव होता है। हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिये। प्रधानमंत्री ने इस योग कार्यक्रम को बढ़ावा दिया है और सभी को योग करने हेतु प्रेरित भी किया है। 21 जून को भव्य योग दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी लोगों बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने योग के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं निरोगी जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।



## परमात्मा से अटूट प्रेम करने से खुलता है मोक्ष का द्वार: रामनिवास शास्त्री

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बंधन और मोक्ष का कारण मन है। मन के विषयों में लग जाने से जीव का बन्धन हो जाता है। जब मन विषयों को त्याग कर परमात्मा से अटूट प्रेम करने लगता है तब उसके मोक्ष का मार्ग खुल जाता है। उक्त विचार ग्राम पंचायत बहुता धाम में सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन मुरैना मध्यप्रदेश के कथा व्यास पं. रामनिवास शास्त्री ने व्यक्त किए उन्होंने चौबीस अवतारों में भगवान कपिल के अवतार तथा उनके द्वारा माता देवहूति को दिये गये उपदेशों को विस्तार से चर्चा की। कथा व्यास ने बताया कि जब जीव के मन में संसार से वैराग्य और परमात्मा में अनुराग हो जाता है तब वह मुक्ति का अधिकारी हो जाता है।

# बीएसए को नहीं है विद्यालय बंद करने का अधिकार: सुशील सिंह

- उप्र बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री ने शिक्षा विभाग पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप
- बोले विद्यालयों के विरुद्ध बीएसए को नहीं करने देंगे मनमानी



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

स्वागत समारोह एवं शिक्षक गोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री सुनील सिन्हा ने कन्नौज शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर विद्यालयों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा विभाग कन्नौज के अधिकारी एवं कर्मचारी निजी फायदे के लिए मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर अवैध रूप से कार्यवाही कर रहे हैं जबकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को किसी विद्यालय की मान्यता रद्द करने एवं नोटिस चश्मा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षा विरोधी लोगों द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विरुद्ध अनावश्यक शिकायत दर्ज करवाई जाती है जिसके आधार पर अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों की जांच के नाम पर आर्थिक शोषण और मानसिक प्रताड़ना प्रारंभ कर दी जाती है विद्यालय बंद करने की साजिश और कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाती है उन्होंने कहा कि जनपद कन्नौज के ब्लाक तालग्राम में राजकुमारी मेवाराम आदर्श विद्यालय डम्बरपूर्वा अमोलर जिसकी प्राथमिक स्तर की मान्यता पत्रांक माध्यमिक शिक्षा परिषद 128 दिनांक 30 अप्रैल 2018 से कक्षा 6 से 10 तक मान्यता प्राप्त है। उक्त विद्यालय सुचारू रूप से संचालित है, विद्यालय में अध्यनरत किसी छात्र-छात्रा , अभिभावक एवं कार्यरत कर्मचारियों की कोई शिकायत नहीं है किंतु बदन सिंह नामक किसी व्यक्ति द्वारा विद्यालय की शिकायत करने पर स्कूल के विरुद्ध अनावश्यक जांच और कार्रवाई शुरू कर दी गई है खंड शिक्षा अधिकारी तालग्राम द्वारा किसके आदेश पर विद्यालय में नोटिस चस्पा किया गया है।

उन्होंने कहा कि एक ही प्रबंध समिति द्वारा संचालित विभिन्न परिषदों से मान्यता प्राप्त उत्तर प्रदेश के हजारों विद्यालय तथा राजकीय सहायता प्राप्त और परिषदीय विद्यालय प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक एक ही प्रांगण में संचालित हो रहे हैं। इससे पूर्व विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार यादव डायरेक्टर दीपक यादव प्रधानाचार्य जीतू यादव द्वारा मुख्य अतिथि सुशील सिंहा सहित अतिथि गणों एवं पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह देकर एवं माला पहनकर स्वागत किया गया।

# ग्राम पंचायत की भूमि पर निर्माण रोकने की मांग

- किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (औनू) ने ग्राम कुंअरपुर बनवारी की सरकारी भूमि पर किए जा रहे निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंप जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. संजीव सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ग्राम की गाटा संख्या 271 रकबा 87 बिस्वा भूमि में से लगभग 33 बिस्वा भूमि ग्राम पंचायत के लिए छोड़ी गई थी। इसी भूमि में करीब 10 बिस्वा क्षेत्र तालाब के रूप में दर्ज है। ज्ञापन के अनुसार ग्राम निवासी रामलाल पुत्र ज्वालाल द्वारा उक्त भूमि पर भवन निर्माण कराया जा रहा है।

किसान यूनियन का कहना है कि यदि ग्राम पंचायत की भूमि पर निर्माण हो गया तो भविष्य में ग्रामीणों को सार्वजनिक उपयोग की भूमि से वंचित होना पड़ेगा। संगठन ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने तथा ग्राम पंचायत की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है। किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# प्रधानमंत्री को दी 12 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

> उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने भेजा पत्र

प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने तथा 4,399 दिनों की ऐतिहासिक जनसेवा यात्रा के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं इसके सहयोगी संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता (लालू) द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में व्यापार जगत को नई दिशा मिली है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधारों, एमएसएमई सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा योजना और स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजनाओं ने छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है। पत्र में विशेष रूप से नारी शक्ति के उद्यमों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स को सशक्त करने पर जोर दिया गया। शैलेंद्र गुप्ता ने लिखा कि आज व्यापारी वर्ग गर्व से कह सकता है कि व्यापार अब केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बन गया है। उन्होंने सभी व्यापारियों की ओर से 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए पूर्ण समर्थन और प्रतिबद्धता जताई। पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले प्रमुख पदाधिकारियों शैलेंद्र गुप्ता (लालू) अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, प्रदीप कुमार गुप्ता अध्यक्ष, किराना एसोसिएशन, अनुपम वर्मा अध्यक्ष, सर्राफा एसोसिएशन, सचिन वर्मा अध्यक्ष, कपड़ा व्यापारी संघ ने प्रधानमंत्री को बधाई पत्र भेज कर व्यापारी समुदाय द्वारा उनके प्रति अटूट विश्वास और समर्थन को दर्शाया है।

## भीषण गर्मी में ठंडे शरबत से दी राहत



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने के बीच सोमवती अमावस्या पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने ठंडे मीठे शरबत का वितरण कर राहगीरों को राहत पहुंचाई। पुरानी गुड मंडी में आयोजित शरबत वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता 'लालू' ने कहा आज सोमवती अमावस्या है और इसके साथ ज्येष्ठ का अधिक मास भी समाप्त हो रहा है। इसी उपलक्ष्य में मीठे शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान अमोघ उर्फ राम गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, रामू गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने राहगीरों को शरबत पिलाया। गर्मी से परेशान लोगों ने इस पहल की सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे सामाजिक कार्य गर्मी के मौसम में बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं।

- गर्मी से परेशान लोगों ने इस पहल की सराहना की

# श्री राम यज्ञ के साथ रामायण के अखंड पाठ संपन्न

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



> शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में हुआ आयोजन

शक्ति पीठ गमा देवी मंदिर में श्री राम यज्ञ के साथ रामचरितमानस के अखंड पाठ का समापन हुआ। तत्पश्चात महिलाओं ने भजन सुना कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

पुरुषोत्तम मास के महीने में रविवार को नगर के शक्तिपीठ गमादेवी में श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। इसमें सरस कथा वाचक उपदेश अग्निहोत्री, अनूप मिश्रा, विवेक दुबे, अवधेश मिश्रा, रामचंद्र मिश्रा, हरिओम त्रिपाठी आदि ने सरस पाठ किया सोमवार को पाठ का विराम श्रीराम यज्ञ के साथ हुआ जिसमें नगर के श्रद्धालु जनों ने विश्व कल्याण के लिए आहुति दी। कार्यक्रम में %हम राम जी के राम जी हमारे हैं भजन सुना कर सुनीता शर्मा ने सबका मन मोह लिया। सुधा अवस्थी ने संसार के लोगों से आशा न किया करना,, विमल पाठक ने ,जग में सुंदर है दो नाम चाहे राम कहो चाहे श्याम नीलम गुप्ता ने ,तेरा किसने किया सिंगार सांवरे , रेनू शर्मा ने महारानी वरदानी विंध्याचल की रानी, श्याम पाल ने मां तेरे दरबार पर आना मेरा काम है मेरी बिगड़ी बनाना तेरा काम है, एवं निशा वर्मा ने ,जग में सुंदर है दो नाम चाहे राम कहो चाहे श्याम, आदि भजन गाकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर शक्ति पीठ के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा पुरुषोत्तम मास में देवी देवताओं को प्रसन्न करने के लिए 33 मालपुआ बनाकर कांसे या किसी अन्य पवित्र बर्तन में रखकर देवताओं की प्रसन्नता के लिए ब्राह्मणों को दान करना चाहिए।

प्रतिदिन यह कार्य न कर पाएं तो माह के अंतिम 2 दिन में किया जा सकता है। कार्यक्रम में गौरव दुबे, उमेश मिश्रा, गौरव कौशल, प्रशांत कौशल, रवि तिवारी, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, राहुल तिवारी आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवनीश वर्मा बने लोधी सेना के कानपुर मंडल अध्यक्ष



**छिबरामऊ, कन्नौज।** लोधी सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नगर के मोहल्ला जेरकिला निवासी अवनीश वर्मा एडवोकेट को पुनः संगठन में कानपुर मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। एक बार फिर से कानपुर मंडल का दायित्व सौंपे जाने पर अवनीश वर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोधी सेना संगठन की टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा मैं पीड़ित ,गरीब ,शोषित वंचित वर्ग की मदद करता हूं और भविष्य में भी करता रहूंगा। मेरा जीवन ही समाजसेवा के लिए हुआ है। मै संगठन में पूर्ण निष्ठा से कार्य करूंगा।

### दहेज हत्या मामले में पति और ससुर को सात-सात वर्ष की सजा

**कन्नौज।** दहेज हत्या के एक चर्चित मामले में माननीय एडीजे/एफटीसी प्रथम, कन्नौज ने पति और ससुर को दोषी करार देते हुए सात–सात वर्ष के सश्रम कारावास तथा 25–25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय का यह फैसला सोमवार को सुनाया गया। मामला थाना कोतवाली कन्नौज में वर्ष 2022 में दर्ज मुकदमा संख्या 282/2022 से संबंधित है। वादी ने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व ससुर द्वारा लगातार प्रताड़ित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में धारा 498ए, 304बी आईपीसी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। प्रभावी पैरवी और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने मेहंदीपुर निवासी विपिन उर्फ ऑपरेटर और उसके पिता अशोक कुमार को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। फैसले पर पुलिस विभाग ने संतोष जताया है।

### 20 जुलाई को लखनऊ विधानसभा घेरेंगे सफाई कर्मचारी



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर 20 जुलाई को लखनऊ में होने वाले विधानसभा घेराव को कन्नौज जिले से भी पुरजोर समर्थन मिलेगा। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ, कन्नौज के जिला अध्यक्ष राजा सिंह बाल्मिक ने कहा कि जिले के कोने–कोने से सफाई कर्मचारी बहन–भाई भारी संख्या में लखनऊ पहुंचकर इस महाआंदोलन का हिस्सा बनेंगे। राजा सिंह बाल्मिक ने कहा कि त्रिलोकी नाथ मीटिंग हॉल, लखनऊ में हुई सफाई कर्मचारी न्याय महासभा में जो हुंकार भरी गई है, वह प्रदेश के हर जिले की आवाज है। आउटसोर्सिंग/ठेका प्रथा ने सफाई कर्मचारियों को गुलाम बना दिया है। अब कर्मचारियों का धैर्य जवाब दे चुका है। कन्नौज से कूच करेगा काफिला जिला अध्यक्ष राजा सिंह बाल्मिक ने बताया कि 20 जुलाई को मुख्यमंत्री को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपने के लिए कन्नौज जिले से बड़ा काफिला लखनऊ कूच करेगा। हमारी मुख्य मांगें हैं 1. ठेका प्रथा बंद करो आउटसोर्सिंग पर लगे सफाई कर्मचारियों को तुरंत स्थाई सरकारी नौकरी में समायोजित किया जाए। 2. संविदा कर्मियों को नियमित करो- वर्षों से कम मानदेय पर काम कर रहे संविदा कर्मियों को बिना शर्त स्थाई किया जाए। 3. पुरानी पेंशन लागू करो स्थाई सफाई कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवन के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने 20 जुलाई तक मांगों पर निर्णय नहीं लिया तो सफाई कर्मचारी पूरी प्रदेश की सफाई व्यवस्था ठप करने को मजबूर होंगे। इसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। राजा सिंह बाल्मिक ने कन्नौज के सभी सफाई कर्मचारियों से अपील की है कि वे 20 जुलाई को लखनऊ पहुंचकर इस ऐतिहासिक आंदोलन को सफल बनाएं।

# गांधीनगर की टूटी सड़क पर रोज जूझते हैं छात्र

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला गांधीनगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के निकट से गुजरने वाली सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि रोज सैकड़ों छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल पहुंचना मुसीबत बन गया है। आए दिन छात्र गिरकर चोटिल हो रहे हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग का ध्यान इस ओर नहीं गया। मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज कस्बे के प्रमुख विद्यालयों में से एक है। यहां ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र के सैकड़ों छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। कॉलेज के सामने वाली सड़क उखड़ कर खराब चुकी है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। साइकिल और बाइक से आने वाले छात्र हर दिन हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचते हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका ने सुध नहीं ली। छात्राओं को खासकर दिक्कत होती है। सुबह और छुट्टी के समय इस सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। छात्रों ने मांग की है कि पढ़ाई के भविष्य को देखते हुए इस सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। अभिभावकों का कहना है कि अगर जल्दी समाधान नहीं हुआ तो वे डीएम और एसडीएम कार्यालय पर लिखित शिकायत देने पर मजबूर होंगे। नगर के लोगों का कहना है कि शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले कॉलेज के सामने ही सड़क की यह दुर्दशा है। प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर इस सड़क को गड्ढा मुक्त करना चाहिए, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रहे। इस संबंध में पूर्व सभासद मोहम्मद नफीस खान का कहना है कि इस सड़क को बनवाने के लिए कई बार प्रयास किया गया है लेकिन कोई भी सुधार नहीं हो रहा है उन्होंने बताया कि यह सड़क सहित पांच सके मोहल्ले की डूडा संस्था से पास हो चुकी है लेकिन अभी तक इसका कोई काम शुरू नहीं किया गया है जिससे छात्र एवं नगर के मोहल्ला गांधीनगर आने जाने वाले नागरिकों को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है उन्होंने जिलाधिकारी से सड़क तत्काल ठीक कर जाने की मांग उठाई है।

# सीआईएसएफ जवान के घर लाखों की चोरी खुलासे को लेकर एसपी से लगाई गुहार

- ठठिया क्षेत्र में पुस्तैनी मकान से 200 ग्राम सोना व एक किलो चांदी के आभूषण किए पार
- एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ठठिया थाना क्षेत्र में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में कार्रवाई न होने से परेशान सीआईएसएफ जवान ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर जल्द खुलासे की मांग की है। जवान का आरोप है कि घटना को एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक किसी भी आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। डिब्बापुरवा गांव निवासी रोहित कुमार सीआईएसएफ में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता गांव स्थित पुस्तैनी घर में रहते हैं, जबकि उनका भाई ऑनलाइन शिक्षण कार्य करता है। आठ जून की रात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी गए जेवर उनकी और उनके भाई की पत्नियों के बताए गए हैं। घटना की जानकारी अगले दिन होने पर उनके पिता ने ठठिया थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रोहित कुमार ने बताया कि चोर करीब 200 ग्राम सोना और एक किलोग्राम चांदी के आभूषण ले गए, जिनकी कीमत लाखों रुपये है।

इसके बावजूद पुलिस अब तक न तो चोरों का पता लगा सकी है और न ही कोई बरामदगी हो सकी है। वर्तमान में कानपुर देहात के घाटमपुर पावर प्लांट में तैनात रोहित कुमार ने शनिवार को कन्नौज पहुंचकर एसपी बिनोद कुमार से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मामले के शीघ्र खुलासे और चोरी गए आभूषणों की बरामदगी की मांग की। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो चोरी का खुलासा संभव था। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## जीवन बचाने वाले रक्तवीर डॉ. रजनीश दुबे सम्मानित



**छिबरामऊ (कन्नौज)।** विश्व रक्तदान दिवस पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य डॉ. रजनीश दुबे को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। ग्राम घिलोई खास निवासी डॉ. रजनीश दुबे अब तक 80 बार रक्तदान कर चुके हैं। समारोह में डॉ. दुबे ने कहा मिशन सेवा ही मेरा संकल्प है। 'करें रक्तदान बचाएं जान' अभियान को मैं नियमित रूप से चला रहा हूँ। रक्तदान कोई त्याग नहीं, बल्कि एक साधारण सा कर्तव्य है जो किसी की जान बचा सकता है। मैं युवाओं से अपील करता हूँ कि वे भी इस पुण्य कार्य में आगे आएं। इनके द्वारा अब तक अनेक रक्तदान शिविरों एवं जागरूकता गोष्ठियों का सफल आयोजन किया गया है। उन्होंने विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में लगातार शिक्षित किया। उनके इस लगातार प्रयास ने क्षेत्र में रक्तदान संस्कृति को मजबूत किया है। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने उनके सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. रजनीश दुबे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनका यह सम्मान पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है।

# डायल 112 के नाम पर ठगी का बड़ा खुलासा, दो शातिर दबोचे

- पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम बनकर पीड़ितों से ऐंठते थे रुपये

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



डायल 112 के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम का अधिकारी बताकर पहले घटनाओं की जानकारी और पीड़ितों के मोबाइल नंबर हासिल करते थे, फिर कार्रवाई और समस्या के समाधान का झांसा देकर रुपये ठग लेते थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहजहांपुर निवासी अमन तिवारी उर्फ मुल्ली और रामवीर के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, फर्जी अधिवक्ता पहचान पत्र और नकदी बरामद की गई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी कभी पुलिस अधिकारी, कभी अधिवक्ता तो कभी लेखपाल बनकर लोगों को भ्रमित करते थे। मुकदमे में मदद, शिकायत का निस्तारण और राजस्व मामलों के समाधान के नाम पर वे पीड़ितों से धनराशि मांगते थे।

जांच में सामने आया कि गिरोह व्हाट्सएप के माध्यम से क्यूआर कोड भेजकर रुपये मंगवाता था। रकम सीधे बैंक खातों में न लेकर दुकानों और जनसेवा केंद्रों के जरिए जमा कराई जाती थी, जिससे उनकी पहचान छिपी रहे। पुलिस को जानकारी मिली है कि गिरोह ने प्रदेश के करीब 21 जिलों में इसी प्रकार की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है।

मामले का खुलासा साइबर सेल, एसओजी, सदर कोतवाली पुलिस और डायल112 की संयुक्त कार्रवाई में हुआ।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है तथा विभिन्न जिलों में दर्ज मामलों से इनके संबंधों की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अधिकारी के नाम पर फोन करके धनराशि मांगे जाने पर सतर्क रहें और तत्काल पुलिस को सूचना दें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्क 112 अथवा पुलिस विभाग का कोई भी अधिकारी शिकायत के निस्तारण के लिए फोन पर रुपये नहीं मांगता।

# गांजा कारोबार का विरोध करने पर युवक को पीटने का आरोप

- बच्चों संग एसपी कार्यालय पहुंचे मोहल्लेवासी
- नशा कारोबारियों पर कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की मांग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला कुतलूपुर मकरंदनगर में कथित गांजा कारोबारियों के आतंक से परेशान मोहल्लेवासी सोमवार को बच्चों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पीड़ित परिवार ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से नशे का कारोबार संचालित हो रहा है और विरोध करने वालों को धमकाया व पीटा जा रहा है।

पीड़ित समीर पुत्र सरोज ने बताया कि 13 जून की शाम करीब साढ़े आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के कुछ लोग उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए भागने पर उसे पकड़ लिया गया और कथित रूप से रस्सी के फंदे से बांधकर घर के अंदर घसीट ले गए। आरोप है कि वहां तथा बाद में बाहर लाकर लोहे की रॉड से भी उसकी पिटाई की गई। समीर ने आरोप लगाया कि शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बहन साहिबा के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद यूपी-112 और कोतवाली पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। मोहल्लेवासियों ने राजीव, सेंकी, जीतू उर्फ जितेंद्र, पृथ्वीराज उर्फ सोलंकी, सुमित और कन्हैया समेत कई लोगों पर क्षेत्र में गांजा बिक्री और असामाजिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि आरोपियों में से कुछ के खिलाफ पहले जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है, इसके बावजूद वे बेखौफ होकर क्षेत्र में सक्रिय हैं। एसपी कार्यालय पहुंचे लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी, मुकदमा दर्ज करने तथा मोहल्ले में चल रहे कथित नशे के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# काउंसलिंग से बचा बिखरता परिवार, पति-पत्नी हुए राजी

- महिला थाना परिवार परामर्श केंद्र में निरीक्षक रंजना पाण्डेय की पहल लाई रंग
- आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को राजी हुआ दंपती



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र में एक बिखरते परिवार को फिर से जोड़ने में सफलता मिली।

केंद्र में तैनात निरीक्षक रंजना पाण्डेय, महिला उपनिरीक्षक गीता पाठक, महिला कांस्टेबल सीमा यादव और महिला कांस्टेबल अनामिका यादव ने पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद की काउंसलिंग कर आपसी मतभेद दूर कराए। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की समस्याओं और शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना गया। अधिकारियों ने दंपती को आपसी संवाद, विश्वास, सहनशीलता और पारिवारिक जिम्मेदारियों के महत्व के बारे में समझाया। समझाइश का सकारात्मक असर हुआ और दोनों ने अपने गिले-शिकवे भुलाकर पुनः साथ रहने का निर्णय लिया। समझौते के बाद पति-पत्नी ने खुशी-खुशी एक-दूसरे के साथ रहने की सहमति जताई।

परिवार परामर्श केंद्र की इस पहल से एक परिवार टूटने से बच गया। महिला थाना की टीम लगातार ऐसे पारिवारिक विवादों में मध्यस्थता कर रिश्तों को सहेजने और परिवारों को जोड़ने का कार्य कर रही है।

# योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा घोषित 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग (वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था हेतु योग) के अंतर्गत आयोजित योग सप्ताह 15 जून से 21 जून का पशुभारंभ सोमवार को प्रातः स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ उपस्थित रहे। डॉ. विजय कुमार यादव क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं जिला आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्पार्पण एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। अंकुर द्विवेदी योग प्रशिक्षक एवं अमित सक्सेना योग सहायक के कुशल निर्देशन में आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

योग सत्र में विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं ध्यान मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के शिक्षकगण, चिकित्सालय के समस्त कर्मचारी एवं इंटर्न चिकित्सक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं जागरूकता का परिचय दिया। महाविद्यालय द्वारा सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं इंटर्न चिकित्सकों को योगाभ्यास हेतु विशेष टी-शर्ट्स प्रदान की गई, जिससे कार्यक्रम में एकरूपता एवं अनुशासन का वातावरण बना। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वय में मेडिकल कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ. रीता सिंह के मार्गदर्शन में डॉ. मधु रंजन, डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. उमा भारती एवं डॉ. कविता नेगी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कुशल नेतृत्व एवं सक्रिय सहयोग से महाविद्यालय के शिक्षकों, चिकित्सालय कर्मियों एवं इंटर्न चिकित्सकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित हुई। योग के माध्यम से स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था प्राप्त करने, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने तथा जीवन में संतुलन स्थापित करने का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।


योगाभ्यास में भाग लेते लोग

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, द्वारा योग सप्ताह के प्रथम दिवस का यह आयोजन अत्यंत सफल, प्रेरणादायक एवं जन-जागरूकता बढ़ाने वाला रहा। जिसने समाज में योग को स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के प्रभावी माध्यम के रूप में स्थापित करने का संदेश दिया।

# संस्कृति विभाग एवं संस्कार भारती की टेराकोटा कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं संस्कार भारती फर्रुखाबाद के संयुक्त तत्वावधान में सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत टेराकोटा कार्यशाला के आयोजन का शुभारंभ समाजसेवी संजय गर्ग एवं संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने भगवान नटराज को मल्यार्पण एवं पुष्पार्जन कर किया। नगर के मदन मोहन कनोडिया जूनियर स्कूल में आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षक प्रदीप कुमार भोपाल से फर्रुखाबाद आकर बच्चों को टेराकोटा अर्थात मिट्टी के खिलौने बनाना सिखाया। उन्होंने उपयोग हेतु मिट्टी बनाना उसको रफकरना, डक बनाना, पांडा बनाना मिट्टी के साथ पानी का कब और कितना इस्तेमाल करना।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अन्य

प्रशिक्षक प्रदीप ने बताया कि यह कला लोककला के अन्तर्गत आती है, सभी प्रतिभागी बहुत अच्छे से आनन्द के साथ सीख रहे हैं और मुझे भी बहुत अच्छा लग रहा है।

समाजसेवी संजय गर्ग ने कहा कि यह हमारे नगर के लिए बड़े ही गर्व की बात यह कि संस्कृति विभाग के द्वारा यह आयोजन हो रहा है। सभी प्रतिभागी इस कला को बहुत एकाग्रता से सीखें। प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग का बहुत आभार जताया। जिसके अंतर्गत सृजन नमक टेरा कोटा कार्यशाला नगर में 13 जून से 19 जून तक आयोजित हो रही है, जिसका लाभ हमारे नगरवासी हमारे प्रतिभागियों को होगा। इस अवसर पर सचिव गौरव मिश्रा बंटी, रवींद्र भदौरिया, अनुभव सारस्वत, समरेंद्र शुक्ल, आदेश अवस्थी, सिमरन सिन्धी, अरविन्द दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

# डेढ़ वर्षीय आधवन जौहरी ने बनाया इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान

- खेल-खेल में उसे सिखाने का प्रयास किया गया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूत के पांव पालने में ही दिखाई देने लगते हैं- इस कहावत को सार्थक कर दिखाया है, नन्हे आधवन जौहरी ने। मात्र 1 वर्ष 6 माह की आयु में आदवन ने अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराकर परिवार, क्षेत्र और जनपद का गौरव बढ़ाया है। नगर के तलैया फजल इमाम निवासी आकांक्षा सक्सेना के पुत्र आधवन ने हासिल की यह उपलब्धि आधवन की माँ आकांक्षा सक्सेना की कोको क्रिएशन मीडिया एजेंसी है और साथ ही आस विकाश सीड फाउंडेशन की डायरेक्टर है, और पिता साजन शंकर जौहरी ब्लैक रॉक कंपनी में वाइस प्रेसिडेंट के पद पर बैंगलोर में कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर परिवार उत्साहित है। इतनी कम उम्र में आधवन ने शरीर के 16 अंगों की, अंग्रेज़ी वर्णमाला



माता-पिता के साथ आधवन जौहरी

से संबंधित शब्दों को याद रखना, 3 राष्ट्रीय प्रतीकों की पहचान करना तथा पेन को सही ढंग से पकड़ना जैसी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उसकी सीखने की क्षमता और जिज्ञासा ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। परिजनों के अनुसार आधवन ने मात्र एक वर्ष की आयु से ही पेंसिल पकड़कर कागज़ पर रेखाएँ बनाना शुरू कर दिया था। धीरे-धीरे पुस्तकों के प्रति उसकी विशेष रुचि दिखाई देने लगी। खेल-खेल में उसे सिखाने का प्रयास किया गया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। कम आयु से ही अपने मामा के साथ मंदिर जाने के कारण उसमें पूजा-पाठ के प्रति रुचि विकसित हो गई है।

# मुहर्रम जुलूस को लेकर सुनहरी मस्जिद में बैठक सम्पन्न

- शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था बनाये रखने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑल इंडिया शिया मुस्लिम सभा के जिलाध्यक्ष सैय्यद अम्मार अली ज़ैदी द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसकी सदारत सुनहरी मस्जिद के इमामे जुमा मौलाना मोहम्मद अब्बास ने की।

जिलाध्यक्ष अम्मार अली ज़ैदी ने प्रशासन से मोहर्रम के दौरान साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने तथा जिन मार्गों से जुलूस निकलते हैं, वहाँ पानी के छिड़काव और पेयजल की व्यवस्था करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए यदि नगर पालिका द्वारा पानी की उचित व्यवस्था की जाए तो अज़ादारों और आम लोगों को काफी राहत


बैठक में मौजूद शिया समाज के लोग

मिलेगी। साथ ही जहाँ-जहाँ इमामबाड़े स्थित हैं, उन मोहल्लों में विशेष रूप से साफ-सफाई का प्रबंध किया जाना चाहिए।

मौलाना मोहम्मद अब्बास ने कहा कि मोहर्रम के दिनों में नबी-ए-अकरम के नवासे इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत को याद किया जाता है। इमाम हुसैन ने दीन-ए-इस्लाम की हिफाज़त के लिए अपना पूरा घराना क़ुर्बान कर दिया। आपने शहादत देकर इंसानियत, इंसाफ़ और सत्य का पैग़ाम दुनिया को दिया, जिसे क़यामत तक याद रखा।

# एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सिखाये गये अनुशासन के गुर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के निर्देशन में 14 जून से 23 जून तक एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-36 आरआरसी फतेहगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड द्वारा ओपनिंग ऐड्रेस का आयोजन कराया गया। ओपनिंग ऐड्रेस की शुरुआत 15 जून को आरआरसी फतेहगढ़ में हुई। कैंप कमांडेंट ने सभी एनसीसी कैडेट्स को कैंप अवधि में अनुशासन में रहने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बताया की इस 10 दिवसीय कैंप में सभी एनसीसी कैडेट्स फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग, फायरिंग, पीटी, ड्रिल, योग व्यायाम, फायर फाइटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया


शिविर में मौजूद अधिकारी व एनसीसी कैडेट्स

जाएगा। अधिकारियों द्वारा लीडरशिप, डिजास्टर मैनेजमेंट, आपदा प्रबंधन, एनसीसी की स्थापना तथा अन्य कक्षाएं संचालित कराई जाएगी। गेस्ट क्लास में साइबर क्राइम से सुरक्षा, ट्रैफिक कंट्रोल, हेल्थ एंड हाइजीन, करियर काउंसलिंग, ड्रिल कंपटीशन, लाइन क्लीनिंग कंपटीशन, कल्चरल कंपटीशन, क्विज कंपटीशन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, रस्सा कसी, खो-खो, रिले रेस, जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। ओपनिंग एड्रेस में सभी एनसीसी कैडेट्स को हिदायतें देते हुए बताया कि सभी एनसीसी कैडेट्स अनुशासन में रहकर प्रशिक्षण लेंगे तथा 10 दिन बाद कुछ न कुछ सीख कर ही जाएंगे, साथ ही सख्त हिदत देते हुए कहा कि कोई भी कैडेट अनुशासन नहीं तोड़ेगा। नशा पान नहीं करेगा, आपस में किसी प्रकार का वाद विवाद नहीं करेगा, यदि कोई ऐसा करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी। संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज, जीआईसी, डीएन डिग्री कॉलेज, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज, एसपीएसआईसी, चकएलबीएन इंटर कॉलेज छिबरामऊ, जेडीजीआईसी छिबरामऊ, बीआरआईसी मोहम्मदाबाद, आरपी डिग्री कॉलेज, आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज, आर्मी पब्लिक स्कूल, सीपीवीएन इंटर कॉलेज कायमगंज, एसएम इंटर कॉलेज कायमगंज के लगभग 500 एनसीसी गर्ल्स तथा बॉयज कैडेट प्रतिभाग कर रहे हैं। कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह के निर्देशन में डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर संदीप माधव, कैंप एडजुटेंट तथा मीडिया मैनेजर कैप्टन गिरिजा शंकर तथा ट्रेनिंग अफसर का कार्य लेफ्टिनेंट अवनीश चौहान देखेंगे। उन्होंने बताया कि सभी एनसीसी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। कैंप के पहले दिन लेफ्टिनेंट राजेश दुबे तथा सेकंड अफसर संतोष शुक्ला द्वारा एनसीसी स्थापना तथा इतिहास के बारे में एनसीसी कैडेट्स को विस्तृत जानकारी दी गई। एनसीसी कैडेट्स को शस्त्र को खोलने तथा बंद करने की जानकारी दी गई। इस कैंप के ओपनिंग एड्रेस में डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर संदीप माधव, एडजुडेंट तथा मीडिया मैनेजर कैप्टन गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट अवनीश चौहान, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट राजेश दुबे, चीफ अफसर सतीश चंद्र, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार गिरिराज किशोर, सूबेदार दिनेश सिंह, जीसीआई अंजलि मौजूद रहे।

# बच्चों को संस्कार बनाना मेरा उद्देश्यः संदीप आर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों को संस्कारवान बनाने तथा उनके भीतर धर्म, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के प्रसार के उद्देश्य से आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ आर्य समाज मंदिर कमालगंज में सम्पन्न हुआ। शिविर के प्रथम दिवस बच्चों का परिचय कराया गया तथा उन्हें शिविर की दिनचर्या, अनुशासन एवं उद्देश्यों से अवगत कराया गया। शुभारंभ प्रातःकाल योग, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान से हुआ। गुरुकुल के आचार्यों द्वारा संध्या एवं यज्ञ सम्पन्न कराते हुए उनके महत्व एवं लाभों की जानकारी दी गई तथा ईश्वर, धर्म और भारतीय संस्कृति से संबंधित विषयों को सरल एवं प्रेरणादायक शैली में समझाया गया। संचालक आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को केवल शैक्षिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा की भी अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बाल्यावस्था में प्राप्त संस्कार ही व्यक्ति के संपूर्ण जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं। यदि बच्चों को प्रारम्भ से ही सत्य, अनुशासन, सेवा, सदाचार एवं राष्ट्रप्रेम के संस्कार प्रदान किए जाएं तो वे भविष्य में आदर्श नागरिक बनकर


यज्ञ में आहूतियां डालते लोग

समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। आचार्य ने बच्चों को माता-पिता, गुरुजनों एवं बड़ों के प्रति सम्मान का भाव रखने, समय का सदुपयोग करने, नशे एवं बुरी संगति से दूर रहने तथा मोबाइल एवं सोशल मीडिया के अनावश्यक उपयोग से बचने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं वैदिक परंपराएं मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने का मार्ग प्रशस्त करती हैं और इन्हीं मूल्यों को बालकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है। साहिल कुमार ने बच्चों को फास्ट फूड के दुष्प्रभावों से परिचित कराते हुए सात्विक एवं पौष्टिक भोजन अपनाने की प्रेरणा दी। आचार्य रामप्रकाश आर्य ने वैदिक ग्रंथों के स्वाध्याय एवं महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेकर नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का आवाह्न किया। आचार्य कमलेश ने योग एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिया। नेहा आर्या एवं सरस्वती आर्या ने यज्ञ एवं भजन-संगीत का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में अमित आर्य, वीरेंद्र सिंह, सत्यभान, नीतीश राठौर, उर्मिला देवी, उन्नति आर्य, शिवम, आराध्या, समर्थ उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत मिघौली की पेयजल योजना के मरम्मत कार्य में तेजी

- शीघ्र बहाल होगी जलापूर्ति
- 6 साल से नहीं मिल रहा है 20 हजार की आबादी को पानी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत निघौली में 20 हजार की आबादी को पिछले 6 साल से पेयजल नहीं मिल रहा है ।अब इसके मरम्मत कार्य में तेजी आ गई है और उम्मीद है कि जलापूर्ति शीघ्र बहाल हो जाएगी।

इस बारे में अधिशासी अभियंता, जल निगम एके राव ने बताया कि उक्त पेयजल योजना का निर्माण वर्ष 2014-15 में पूर्ण कर लिया गया था तथा पूर्व में इसका संचालन एवं रखरखाव ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किया गया था। उन्होंने बताया कि शासन की नवीन गाइडलाइन के अनुसार अब पेयजल योजनाओं के संचालन, अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी निर्धारित फर्मों को सौंपी जा रही है। इसी क्रम में उक्त योजना के मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य मेसर्स हेतवी कन्स्ट्रक्शन को आवंटित किया गया है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि फर्म के प्रतिनिधियों एवं विभागीय जूनियर इंजीनियर द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि ओवरहेड टैंक की जलापूर्ति मोटर एवं स्टार्टर खराब होने के कारण बाधित थी। समस्या का संज्ञान लेते हुए फर्म द्वारा आवश्यक मरम्मत कार्य तत्काल प्रारम्भ कर दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है, 30 जून तक कार्य पूर्ण होते ही ग्राम पंचायत मिघौली एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में शीघ्र नियमित एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी, जिससे लगभग 20 हजार की आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। जल निगम द्वारा योजना की सतत निगरानी की जा रही है तथा जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल व्यवस्था को शीघ्र सामान्य बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** स्वर्गीय चंद्र प्रकाश अग्रवाल एवं स्वर्गीय शकुंतला देवी अग्रवाल की पूर्ण स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन नगर के सीपी गेस्ट हाउस में हो रहा है। कथा का आयोजन वरिष्ठ जिला संरक्षक, प्रमुख समाजसेवी, उद्योगपति सत्य प्रकाश अग्रवाल एवं भाजपा नेत्री मिथिलेश अग्रवाल के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। महंत सुदर्शन दास महाराज राधा सर्वेश्वर पीठ गोवर्धन के मुखारविंद से भागवत कथा का श्रवण करा रहे है। इस मौके पर आदेश अग्निहोत्री, नीरज राठौर, शंभू शरण अग्रवाल, अमरदीप दीक्षित, सरस्वती वर्मा, अर्चना चौहान, ऋषि पाल सिसोदिया आदि लोग उपस्थित रहे। कथाव्यास का आदेश अग्निहोत्री, सरस्वती वर्मा, अर्चना चौहान आदि लोगों ने पटुका पहनाकर स्वागत किया। भागवत कथा में श्रीकृष्ण के जन्म का प्रवचन सुनाया। यह सुनकर पूरा पाण्डाल कन्हैया के प्रवचन से मंत्र मुग्ध हो गया। सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण, मिली खामियां, जतायी नाराजगी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज का सोमवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण से अस्पताल स्टाफ में अफरा-तफरी मच गयी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई तरह की गंभीर कमियां, अनुशासनहीनता और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही सामने आई, जिस पर सीएमओ ने सख्त रुख अपनाया।

**परिसर में बाइक ले जाने पर ऑपरेटर की लगायी फटकार**

सीएमओ जैसे ही अस्पताल परिसर में दाखिल हुए, उन्होंने देखा कि कंप्यूटर ऑपरेटर सुशील कुमार अपनी मोटरसाइकिल को नियमों को ताक पर रखकर अस्पताल के अंदर ले जा रहे थे। इस अनुशासनहीनता को देख सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताई और कंप्यूटर ऑपरेटर को परिसर के भीतर ही सबके सामने जमकर फटकार लगाई। इसके बाद सीएमओ सीधे अधीक्षक कक्ष पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग एक घंटे तक डेरा डाला। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारी और कर्मचारियों को एक-एक कर तलब किया और विभिन्न पटलों के कार्यों की गहन समीक्षा की।

**बंद मिला जन औषधि केंद्र व ड्रेसिंग रुम**

निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुलती नजर आई। सीएमओ ने फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव से स्टॉक में मौजूद दवाइयों की उपलब्धता और वितरण के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इसके तुरंत बाद जब वह सीएचसी परिसर में संचालित जन औषधि केंद्र का जायजा लेने पहुंचे, तो वहां ताला लटका मिला।

जन औषधि कक्ष की गैलरी को लोगों ने पार्किंग बना रखा था, वहां एक मोटरसाइकिल खड़ी पाई गई। इस लापरवाही को लेकर सीएमओ ने कार्यवाहक अधीक्षक डॉ0 गौरव राजपूत से जानकारी की। मरीजों के लिए बेहद जरूरी मरहम पट्टी कक्ष (ड्रेसिंग रूम) भी बंद पाया गया। सीएमओ ने अस्पताल के शौचालयों की साफ-सफाई का भी बारीकी से निरीक्षण किया और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड प्रगति पर असंतोष, बीसीपीएम को कागजातों के साथ सीएमओ दफ्तर तलब किया। सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान


सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ

बड़ा घालमेल सामने आया। सीएमओ ने बीसीपीएम ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर प्रदीप कुमार से क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति रिपोर्ट मांगी। बीसीपीएम ने बताया कि ब्लॉक में कुल 187 आशा कार्यकर्ता तैनात हैं। जब सीएमओ ने पूछा कि इन 187 आशाओं में से वर्तमान में कितनी आशा कार्यकर्ता फील्ड में सक्रिय रूप से कार्ड बनाने का काम कर रही हैं, तो बीसीपीएम प्रदीप कुमार बगलें झांकने लगे और कोई सटीक जानकारी नहीं दे सके। इस घोर लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए सीएमओ आनंद उपाध्याय ने बीसीपीएम प्रदीप कुमार को सख्त आदेश दिया कि वह दोपहर 3 बजे तक सभी संबंधित दस्तावेजों और प्रगति रिपोर्ट के साथ सीधे सीएमओ कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। इसके साथ ही सीएमओ ने तत्काल एक ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी आशा बहुओं को उससे जोड़ा जाए और कार्यवाहक अधीक्षक डॉ0 गौरव राजपूत को निर्देश दिया गया कि वह अस्पताल के अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं, जो बीसीपीएम के साथ मिलकर आशा कार्यकर्ता को फोन करें और उनके काम का फीडबैक लें।

**इमरजेंसी वार्ड में चादर का रंग भूले कर्मचारी, नई लैब का भी लिया जायजा**

निरीक्षण के अंतिम चरण में सीएमओ आपातकालीन इमरजेंसी कक्ष में पहुंचे। वहां उन्होंने बेड पर बिछी चादरों बेडशीट को देखा और ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों से पूछा कि रोस्टर के अनुसार सोमवार को बेड पर किस रंग की चादर होनी चाहिए थी?। संबंधित कर्मचारी इस सामान्य से नियम का जवाब भी नहीं दे सके। सीएमओ ने सीएचसी नवाबगंज में हाल ही में बनकर तैयार हुई नई हाईटेक लैब का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने वहां तैनात लैब टेक्नीशियन से उपलब्ध जांच सुविधाओं, उपकरणों और रोजाना होने वाले टेस्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीएमओ ने कार्यवाहक अधीक्षक को चेतावनी दी कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाए, अन्यथा दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

